# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

हरिभूमि एक्सक्लूसिव



अमित शाह लगातार छत्तीसगढ़ आ रहे हैं। नक्सल ऑपरेशन के अलावा वे लोगों से संवाद भी करते है और विकास की बात भी...।



- मोदी सरकार में समस्या का समाधान टुकड़ों-टुकड़ों में नहीं, समस्या को जड़ से समाप्त किया जाता है
- बिना बिचौलिये डीबीटी से गरीब परिवारों के साथ सीधे पहुंचे 44 लाख करोड़ रुपए

# अभूतपूर्व विकास के साथ, राष्ट्र में आत्मविश्वास जगाना, मोदी जी की सबसे बड़ी उपलब्धि

*हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर*

*भारतीय राजनीति में अमित शाह एक ऐसी शख्सियत के रूप में हैं जो ना केवल कुशल रणनीतिकार और प्रशासक हैं, साथ ही उनके क्रियान्वयन में भी सिद्धहस्त हैं। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के तौर पर अपने आपको दक्ष राजनितिज्ञ के तौर पर साबित करने में कामयाब रहे श्री शाह गत छह वर्ष से देश के गृहमंत्री की भूमिका में बतौर प्रशासक परिवेश को अचंभित किये हुए हैं। दस माह पूर्व देश से 31 मार्च 2026 तक नक्सलियों के खात्मे का ऐलान कर अचंभित कर देने वाले श्री शाह वक्त से पहले लक्ष्य हासिल करते दिखाई दे रहे हैं। पिछले ग्यारह वर्षों से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सर्वाधिक विश्वस्त सहयोगी के तौर पर पहिचाने जाने वाले गृहमंत्री अमित शाह एक बार फिर छत्तीसगढ़ प्रवास पर थे। इस दौरान उनसे अनौपचारिक मुलाकात के दौरान देश- प्रदेश से जुड़े तमाम विषयों पर विस्तार से बात हुई। जहां एक ओर वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के उभार को लेकर प्रसन्नता जाहिर की, वहीं दूसरी ओर नक्सल मोर्चे पर निर्णायक सफलता को लेकर आश्वस्त भी दिखे।*

*श्री शाह ने देश-विदेश और छत्तीसगढ़ प्रदेश के जुड़े मुद्दों पर बेबाकी से बात की हरिभूमि-आईएनएच के प्रधान संपादक डा. हिमांशु द्विवेदी से। प्रस्तुत है चर्चा के प्रमुख अंश।* (पेज 5 भी देखें)

## बस्तर हमारे भी दिल में बसता है, वहां का विकास वहां के लोगों की मंशा के मुताबिक होगा



■ *आपकी सरकार के 11 साल और यूपीए के एक दशक के राज में आप मूल अंतर क्या देखते हैं?*

■ देखिए...सबसे बड़ा अंतर सोच का है। यूपीए की सरकार समस्याओं को टुकड़ों-टुकड़ों में देखती थी, लेकिन मोदी जी के नेतृत्व में समस्याओं को जड़ से समाप्त किया जाता है। यूपीए का लक्ष्य होता था इतने गांवों में बिजली दी जाएगी, हमारा लक्ष्य, हर गांव में बिजली देना, हर घर में नल से जल पहुंचाना हर घर में पीने का स्वच्छ पानी की उपलब्धता, हर घर शौचालय पहुंचाना, हर घर में गैस सिलेंडर देना। वही कारण है कि मोदी सरकार ने पिछले 70 सालों का काम 11 वर्षों में किया है।

■ *विपक्ष अर्थव्यवस्था को लेकर लगातार सरकार को घेरता है, वो कहते हैं कि अर्थशास्त्री प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह जी अच्छे थे, मोदी जी से?*

■ मैं आपसे आंकड़ों के साथ बात करूंगा। यूपीए के वक्त अर्थशास्त्री प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह जी थे, लेकिन उसके बावजूद आखिर क्यों देश की अर्थव्यवस्था में सुधार नहीं हुआ। यूपीए की जब सरकार आई तब अर्थव्यवस्था में दुनिया में 11वें स्थान पर थे। 10 वर्षों के बाद भी 11वें स्थान पर ही रहे, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी जी के 11 साल के कार्यकाल में भारत 11वें से विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना है, और हम तेजी से तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर बढ़ रहे हैं। अब आप बताइए कौन अच्छा है? आज विदेशी एजेंसियां भारत की तारीफ करती हैं, आईएमएफ ने भारत की अर्थव्यवस्था को वैश्विक आर्थिक मानचित्र पर एक 'ब्राइट स्पॉट' और 'स्टार पर्फॉर्मर' कहा, मूडी रेटिंग ने भारत के जीएसटी, बैंकरप्टसी कोड और एनपीए के क्षेत्र में रिफॉर्म की प्रशंसा करते हुए सोवरिन रेटिंग को बीएए 2 में अपग्रेड किया। एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग ने भारत की रेटिंग को 'स्थिर' से 'पाजीटिव' में अपग्रेड किया, अब आप ही बताइए कौन अच्छा है?

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### जीडीपी ग्रोथ अनुमान 6.5% तक बढ़ाया गया

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय रेटिंग एजेंसी एस एंड पी ग्लोबल ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाकर 6.5% कर दिया है। एजेंसी ने कहा कि सामान्य मानसून, कच्चे तेल की नरम कीमतें और मौद्रिक नरमी भारत की आर्थिक ग्रोथ को मजबूती देने में अहम भूमिका निभाएंगे। बीते महीने अनुमान 6.3% का था।




### 13वीं बार आरजेडी अध्यक्ष बने लालू, निर्विरोध हुआ चुनाव

**पटना।** आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव को दोबारा पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुन लिया गया है। लालू 13वीं बार आरजेडी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने हैं। इसकी घोषणा पार्टी के राष्ट्रीय चुनाव पदाधिकारी रामचंद्र पूर्वे ने पार्टी कार्यालय में की। 1997 में आरजेडी की स्थापना के बाद से लालू यादव ही पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं।



### भारत में लॉन्च हुआ गूगल सर्च एआई मोड

**नई दिल्ली।** गूगल ने अपनी सर्च सर्विस में नया एआई मोड फीचर अब भारत में भी लॉन्च कर दिया है। यह फीचर पहले अमेरिका में एक्सपेरिमेंटल तौर पर शुरू किया गया था और वहां यूजर्स से बेहद पॉजिटिव प्रतिक्रिया मिलने के बाद अब इसे भारत में इंग्लिश भाषा में गूगल लैब्स के तहत उपलब्ध कराया गया है। गूगल एआई मोड कठिन सवाल के जवाब देता है।




### दुनिया को ऐसा लगा कि मध्य पूर्व में सब कुछ फिक्स था : ईरान-इजराइल की जंग आखिरकार 12 दिन में खत्म

# डोनाल्ड ट्रंप ने किया 'सीजफायर' का ऐलान इससे पहले दोनों देशों ने दागी दनादन मिसाइलें





ट्रंप बोले- मुझे यह पसंद नहीं आया कि इजराइल ने संघर्ष विराम पर सहमति जताने के बाद तुरंत हमला कर दिया

ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला खामेनेई ने कहा कि हम तानाशाहों की धमकियों से नहीं डरते

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

इजराइल और ईरान के बीच जारी जंग खत्म हो गई। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार देर रात 3.30 बजे दोनों देशों के बीच सीजफायर पर बनी सहमति का ऐलान किया।

उन्होंने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर दावा किया कि इजराइल और ईरान के बीच 'पूर्ण युद्धविराम' पर सिद्धांत रूप में सहमति बन गई है, जिससे '12 डे वॉर' का अंत होगा। ट्रंप ने लिखा, 'सभी को बधाई। ट्रंप ने दोनों देशों की 'हिम्मत, बुद्धिमत्ता और सहनशक्ति' की तारीफ करते हुए कहा कि यह युद्ध वर्षों तक चल सकता था और पूरे मध्य पूर्व को तबाह कर सकता था, 'लेकिन ऐसा नहीं हुआ, और कभी नहीं होगा।

**धमकी दे रहे ट्रंप को नेतन्याहू का जवाब**

**यह है युद्ध विराम का मसौदा**

- 6 घंटे के भीतर एक पूर्ण और समग्र युद्धविराम लागू होगा
- पहले 12 घंटे ईरान युद्धविराम का पालन करेगा, फिर इजराइल
- इसके 24 घंटे बाद यह युद्ध समाप्त माना जाएगा





### हमला नहीं रोक सकते, सीजफायर तोड़ने पर पलटवार जरूरी

इजराइल ने तेहरान के पास स्थित एक ईरानी रडार ठिकाने पर हवाई हमला किया। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को साफ कर दिया कि हमले को टालना संभव नहीं है और ईरान की कार्रवाई के जवाब में कुछ न कुछ करना जरूरी है। इजराइल का दावा है कि यह हमला ईरान की ओर से संघर्षविराम तोड़कर दो बैलिस्टिक मिसाइल दागने के जवाब में किया गया है।

**कतर ने भी अल-उदीद हमले को लेकर ईरानी राजदूत को तलब किया**

कतर के विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को ईरानी राजदूत अली सालेहबादी को तलब किया है। उन्होंने इसे अपनी संप्रभुता का घोर उल्लंघन बताया है। यह ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड द्वारा अल-उदीद एयर बेस को निशाना बनाकर किए गए मिसाइल हमले के जवाब में किया गया है।

**विदेश मंत्रालय ने कहा, क्षेत्र में संघर्षों के समाधान के लिए बातचीत और कूटनीति ही एकमात्र विकल्प।**

### इजरायल-ईरान के बीच हुए संघर्षविराम का भारत ने किया स्वागत

**नई दिल्ली(ब्यूरो)।** पश्चिम-एशिया में जारी युद्ध को रोकने के लिए इजरायल और ईरान के बीच हुए संघर्षविराम का मंगलवार को भारत ने स्वागत किया है। विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर बताया कि हम दोनों देशों के बीच हुए संघर्षविराम को लेकर आ रही रिपोर्ट और उसमें अमेरिका और कतर द्वारा निभाई गई भूमिका का स्वागत करते हैं। साथ ही भारत क्षेत्र में जारी विभिन्न संघर्षों का हल निकालने के लिए बातचीत और कूटनीति के अलावा किसी अन्य विकल्प के मौजूद न होने के अपने पक्ष को लेकर भी प्रतिबद्धता प्रकट करता है। हम ऐसे तमाम प्रयासों में अपनी भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं। साथ ही यह उम्मीद करते हैं कि मामले से जुड़े हुए सभी पक्ष शांति और स्थिरता की दिशा में काम करेंगे। मंत्रालय ने कहा कि हमने बीती सारी रात इजरायल और ईरान संघर्ष से संबंधित समूचे घटनाक्रम पर कड़ी निगरानी रखी।

### आतंकवाद के खिलाफ बढ़ेगी सेना की क्षमता...

## रक्षा मंत्रालय ने किए 2 हजार करोड़ रुपए के रक्षा समझौतों पर हस्ताक्षर

■ तीनों सेनाओं के बीच बढ़ेगा समन्वय, सीडीएस और डीएमए सचिव देंगे संयुक्त आदेश-निर्देश

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

पाकिस्तान के साथ जारी तनाव के बीच रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को आतंकवाद के खिलाफ चलाए जाने वाले अभियानों में भारतीय सेना की युद्धक क्षमता को मजबूत बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। जिसके तहत आपातकालीन खरीद व्यवस्था के तहत कुल करीब 2 हजार करोड़ रुपए के 13 रक्षा समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए हैं। मंत्रालय ने मंगलवार को एक बयान जारी कर बताया कि इस खरीद प्रक्रिया के जरिए जिन रक्षा उपकरणों की खरीद की जाएगी।

उनमें एकीकृत ड्रोन डिटेक्शन और इंटरडिक्शन सिस्टम, हल्के वजन वाले रडार, बहुत कम दूरी की वायु रक्षा प्रणाली (लांचर, मिसाइल शामिल), दूर से संचालित हवाई वाहन, वर्टिकल टेक-ऑफ, लैंडिंग सिस्टम के साथ लोइटरिंग म्यूनिशन, विभिन्न श्रेणियों के ड्रोन, बुलेट प्रूफ जैकेट, बैलिस्टिक हेलमेट, त्वरित प्रतिक्रिया लड़ाकू वाहन (भारी, मध्यम) और राइफलों के लिए नाइट विजन उपकरण मुख्य हैं। कुल स्वीकृत धनराशि में से सेना के लिए 1 हजार 981 .90 करोड़ रुपए के अनुबंधों को अंतिम रूप दिया गया है।

***सेना को मिलेंगी स्वदेशी प्रणालियां***

*इस खरीद से सेना को तेजी से उभरती हुई सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए आधुनिक और पूर्णतः स्वदेशी प्रणालियों से लैस करने की मंत्रालय की प्रतिबद्धता प्रदर्शित होती है। इसके अलावा यह बल की तत्काल क्षमता के अंतर को दूर करने और महत्वपूर्ण परिचालन उपकरणों की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करने की दिशा में काफी महत्वपूर्ण है।*

***सीडीएस, डीएमए (सचिव) देंगे संयुक्त निर्देश***

*वहीं, मंत्रालय ने अपने एक अन्य बयान में बताया, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) और सैन्य मामलों के विभाग (डीएमए) के सचिव को अधिकृत किया है कि वह तीनों सशस्त्र सेनाओं के बीच संयुक्त आदेशों और निर्देशों के जरिए समन्वय को बढ़ावा दे सकते हैं। मंत्रालय का यह कदम आधुनिकीकरण और सेना, नौसेना और वायुसेना में जरूरी बदलाव के मद्देनजर उठाया गया है। पूर्व में दो या उससे अधिक सेनाओं को अलग-अलग आदेश और निर्देश देने की व्यवस्था रही है। इस बाबत 24 जून को जारी किया गया पहला संयुक्त आदेश अनुमति, घोषणा और आदेश-निर्देश का अंकन करने का है। जिससे प्रक्रियाओं में एकरूपता लाने, देरी को दूर करने और अंतर-सेवा सहयोग में इजाफा होगा।*

### पीएम मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम को लेकर पंचकमल में हुई प्रदेश स्तरीय कार्यशाला

## विकसित भारत' के संकल्प को पूरा करने के लिए विकसित हरियाणा बनाएंगे : नायब

- *मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली, संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा और प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया ने कार्यशाला को किया संबोधित*
- *पीएम मोदी का 'मन की बात''कार्यक्रम जनमानस से आत्मीय जुड़ाव का सशक्त माध्यम : मोहन लाल बड़ौली*

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

पीएम मोदी के ''मन की बात'' कार्यक्रम को लेकर मंगलवार को पंचकूला स्थित हरियाणा भाजपा के कार्यालय पंचकमल में हुई प्रदेश स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अपने संबोधन में कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए हरियाणा को विकसित राज्य बनाएंगे। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता सभी बूथों पर 100 प्रतिशत पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम ▸▸ शेष पेज 7 पर



### बीजिंग में आयोजित की गई एससीओ के एनएसए की बैठक को संबोधित करते हुए बोले अजीत डोभाल

## आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में दोहरे मापदंडों को त्यागने की आवश्यकता

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने मंगलवार को चीन की राजधानी बीजिंग में आयोजित की गई शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के देशों के एनएसए की बैठक में आतंकवाद को लेकर एक महत्वपूर्ण संदेश दिया। जिसमें उन्होंने एक ओर समूह के तमाम सदस्य देशों को पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में की गई भारत की सैन्य कार्रवाई ऑपरेशन सिंदूर और उसके पीछे छिपे भारत के उद्देश्य के बारे में अवगत कराते हुए कहा कि भारत की कार्रवाई एक नपी-तुली हुई और आक्रामकता से कोसों दूर थी। साथ ही कहा कि एससीओ देशों को आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में दोहरे ▸▸ शेष पेज 7 पर



### सामान्य द्वितीय श्रेणी में 500 किमी तक कोई वृद्धि नहीं

## रेलवे ने बढ़ाए टिकटों के दाम, 1 जुलाई से महंगा होगा एसी-एक्सप्रेस ट्रेनों में सफर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

रेल यात्रियों के लिए एक अहम खबर सामने आई है। भारतीय रेलवे 1 जुलाई 2025 से नया किराया टैरिफ लागू करने जा रही है। यह बदलाव आम यात्रियों के साथ-साथ लंबी दूरी की यात्रा करने वालों की जेब ढीली करेगा। हालांकि, राहत की बात यह है कि कुछ कैटेगिरी में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है। रेलवे के नए टैरिफ के अनुसार सामान्य द्वितीय श्रेणी में 500 किलोमीटर तक यात्रा करने पर कोई वृद्धि नहीं होगी। लेकिन अगर यात्रा 500 किलोमीटर से ज्यादा की है तो प्रति किलोमीटर आधा पैसा अतिरिक्त देना होगा। इसके अलावा, मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों (नॉन एसी) में सफर करने वालों को अब प्रति किलोमीटर 1 पैसा ज्यादा चुकाना पड़ेगा। इसी तरह, एसी क्लास के टिकट में सबसे ज्यादा बदलाव किया गया है। इसमें प्रति किलोमीटर 2 पैसे की बढ़ोतरी की गई है। इससे पहले रेलवे ने टिकट बुकिंग के नियमों में बदलाव का फैसला लिया था। अब तक अगर आप ट्रेन टिकट बुक करते हैं तो आपकी यात्रा से चार घंटे पहले ही पता चल पाता है कि टिकट कन्फर्म हुआ या नहीं। लेकिन अब रेलवे ने नए सिस्टम पर काम कर रहा है।




### किंगदाओ में 25 से 26 जून तक आयोजित की जाएगी यह बैठक

## एससीओ की बैठक में भाग लेने के लिए आज से चीन की यात्रा पर रहेंगे रक्षा मंत्री

- किंगदाओ में 25 से 26 जून तक आयोजित की जाएगी यह बैठक
- चीन और रूस के रक्षा मंत्रियों के साथ होगी राजनाथ सिंह की द्विपक्षीय बैठक

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दुनिया के कुछ भागों में जारी युद्ध और घरेलू स्तर पर पाकिस्तान समर्थित आतंकी हमले के जवाब में की गई ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई के बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह बुधवार से चीन की दो दिवसीय यात्रा पर रहेंगे। जिसका मकसद किंगदाओ में 25 से 26 जून तक आयोजित किए जाने वाले शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के रक्षा मंत्रियों की बैठक में भाग लेने वाले एक उच्च-स्तरीय भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करना होगा। बैठक से इतर राजनाथ सिंह की चीन और रूस सहित समूह के कुछ अन्य भागीदार देशों के रक्षा मंत्रियों के साथ द्विपक्षीय बैठक होगी। यह जानकारी रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को एक बयान जारी कर दी। चीन ने 'शंघाई भावना की निरंतरताः गतिमान एससीओ' की थीम के तहत मौजूदा वर्ष-2025 के लिए समूह की अध्यक्षता की जिम्मेदारी संभाली है। यहां बता दें कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद की जाने वाली रक्षा मंत्री की यह पहली विदेश यात्रा होगी।



### एचएएल से अगले साल वायुसेना को मिलेंगे आधा दर्जन तेजस लड़ाकू विमान

## वायुसेना को विमान की आपूर्ति में हो रही देरी के लिए अमेरिकी इंजन निर्माता कंपनी जीई एयरोस्पेस जिम्मेदार: डी.के.सुनील

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

भारतीय वायुसेना को अगले साल-2026 तक लगभग आधा दर्जन स्वदेशी हल्के लड़ाकू विमान यानी एलसीए तेजस मिल जाएंगे। अभी तक इनकी निर्धारित समय पर बल को आपूर्ति में हो रही देरी के लिए अमेरिका की इंजन निर्माता कंपनी जीई एयरोस्पेस जिम्मेदार है। उसके द्वारा ही तेजस में लगाए जाने वाले एफ-404 इंजन की एचएएल को सप्लाई करने की समय-सीमा का उल्लंघन किया गया है। बीते दिनों एलसीए के मार्क-1ए संस्करण को वायुसेना को सौंपने में हो रही देरी का एक बड़ा मामला बनकर सामने आने और इस मुद्दे को खुद वायुसेनाध्यक्ष एयरचीफ मार्शल ए.पी.सिंह द्वारा सार्वजनिक रूप से उठाए जाने के बाद हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक (सीएमडी) डी.के.सुनील का यह बयान सामने आया है। वर्ष-2021 में रक्षा मंत्रालय ने 83 एलसीए मार्क-1ए विमानों की खरीद के लिए एचएएल के साथ कुल करीब 48 हजार करोड़ रुपए के एक समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। रक्षा मंत्रालय में 97 और एलसीए मार्क-1ए विमानों की खरीद की प्रक्रिया जारी है। जिस पर करीब 67 हजार करोड़ रुपए की लागत आएगी। सिंगल इंजन वाला तेजस विमान वायुसेना के जंगी बेड़े में शामिल काफी पुराने हो चुके मिग-21 लड़ाकू विमानों की जगह लेंगे।



***इस वित्त वर्ष में मिलेंगे 12 विमान***

*एचएएल प्रमुख ने कहा कि जीई एयरोस्पेस से इस वित्त वर्ष में एक दर्जन इंजनों की सप्लाई संभव है। जो विमानों को वायुसेना को सौंपने में मदद करेगी। प्रत्येक कंपनी के साथ आलोचना का भी एक पक्ष जुड़ा होता है। अभी तक छह विमान बनकर तैयार हैं। लेकिन जीई की तरफ से इंजन की आपूर्ति नहीं की गई है। जबकि उसे 2023 में ही एचएएल को इंजन सौंपने थे। अब तक हमें केवल एक इंजन ही मिला है। पूर्व में जीई की तरफ से इंजन को सौंपने में हुई देरी के पीछे कोरोना महामारी जैसे कारण वजह रहे हैं। तकनीकी मामले के हल होने के बाद एचएएल मार्च 2026 तक जीई से 12 इंजन लेने के लिए तैयार है। एचएएल की योजना आगामी वर्ष में 16 तेजस बनाने की है।*

स्पेशल सेल और हरियाणा एसटीएफ की कार्रवाई

# तीन लाख का इनामी गैंगस्टर रोमिल वोहरा मुठभेड़ में ढेर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



हरियाणा पुलिस का तीन लाख का इनामी गैंगस्टर रोमिल वोहरा मंगलवार तड़के दक्षिण दिल्ली में मुठभेड़ में ढेर कर दिया गया। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल और हरियाणा एसटीएफ की संयुक्त कार्रवाई में गैंगस्टर मारा गया। मृतक हरियाणा के यमुनानगर का रहने वाला था और तिहरे हत्याकांड समेत आठ से ज्यादा मामलों में वांछित था।

स्पेशल सेल के एडिशनल सीपी प्रमोद सिंह कुशवाह ने बताया कि रोमिल दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल द्वारा दर्ज आर्म्स एक्ट से संबंधित मामलों में भी वांछित था। उन्होंने कहा कि हरियाणा में हत्याएं गैंगस्टर वीरेंद्र प्रताप उर्फ काला राणा और उसके भाई सूर्य प्रताप उर्फ नोनी राणा के इशारे पर की गई थी। काला राणा को हाल में बैंकॉक से प्रत्यर्पित किया गया है और नोनी राणा अभी विदेश में है। हरियाणा एसटीएफ ने खुफिया सूचना दी थी कि रोमिल दिल्ली में एक और अपराध को अंजाम देने के लिए आ सकता है। इस सूचना के आधार पर एसटीएफ और स्पेशल सेल की संयुक्त टीम ने किशनगढ़ पुलिस के साथ दिल्ली-हरियाणा सीमा पर उसे पकड़ने के लिए जाल बिछाया। कुशवाहा के अनुसार सुबह संयुक्त टीम ने दिल्ली-हरियाणा सीमा के पास रोमिल को देखा। मुठभेड़ के दौरान दिल्ली और हरियाणा पुलिस के एसआई प्रवीण और एसआई रोहन को भी चोटें आई। मुठभेड़ में रोमिल को गोलियां लगी। सभी को तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने रोमिल को मृत घोषित कर दिया। रोमिल पर हरियाणा पुलिस द्वारा तीन लाख का इनाम घोषित था। वह यमुनानगर के तिहरे हत्याकांड और कुरुक्षेत्र के शांतनु मर्डर केस में आरोपी था।

# ग्रेटर कैलाश थाने का इंस्पेक्टर रिश्वत लेने के आरोप में अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली पुलिस की विजिलेंस यूनिट ने ग्रेटर कैलाश थाने के इंस्पेक्टर इंवेस्टीगेशन जितेंद्र सिंह यादव और एक अन्य शख्स जो खुद को वकील बता रहा था को एक लाख की रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है। दूसरे आरोपी शख्स का नाम खिड़की एक्सटेंशन, मालवीय नगर निवासी धर्मवीर है।

दरअसल ग्रेटर कैलाश क्षेत्र की निवासी एक महिला शिकायतकर्ता ने विजिलेंस टीम को इस संबंध में शिकायत की थी। उन्होंने बताया कि जीके थाने में उसके और पति के खिलाफ एफआईआर दर्ज है। मामले के आईओ इंस्पेक्टर जितेंद्र सिंह यादव ने उनका पक्ष लेने के लिए उनसे रिश्वत की मांग की हैं। सौदेबाजी के बाद रिश्वत की रकम 30 लाख रुपये तय हुई थी। शिकायतकर्ता ने आगे बताया कि इंस्पेक्टर जितेंद्र सिंह यादव ने उन्हें रिश्वत की राशि धर्मवीर को देने का निर्देश दिया है। एसीपी विजिलेंस की देखरेख में विजिलेंस यूनिट में एक टीम गठित की गई और 23 जून को एक जाल बिछाया गया। जाल बिछाकर टीम ने रिश्वत की रकम लेते ही धर्मवीर को गिरफ्तार कर लिया। धर्मवीर के कब्जे से रिश्वत की दागी रकम बरामद की गई। इसके बाद इंस्पेक्टर जितेंद्र सिंह यादव को भी गिरफ्तार किया गया। बाद में जांच के दौरान पता चला कि धर्मवीर पंजीकृत कानूनी व्यवसायी नहीं है और वह खुद को वकील के तौर पर गलत तरीके से पेश कर रहा है। सारी कार्यवाही पूरी करने के बाद भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम और भारतीय न्याय संहिता के प्रावधानों के तहत पुलिस स्टेशन विजिलेंस में एफआईआर दर्ज की गई। इंस्पेक्टर जितेंद्र सिंह यादव और धर्मवीर को मामले में गिरफ्तार कर लिया गया है और अब वे एक दिन की पुलिस हिरासत में हैं। विजिलेंस विभाग ने दिल्ली के सभी नागरिकों से अपील की है कि अगर कोई पुलिस अधिकारी उनसे रिश्वत मांगता है तो वे आगे आएं और विजिलेंस हेल्पलाइन नंबर 1064 पर शिकायत दर्ज कराएं।

## टीम केजरीवाल को अब देना होगा हर जांच का जवाब : सचदेवा

**नई दिल्ली।** पिछले दस साल चलाई जन-धन की लूट पर टीम केजरीवाल को अब हर जांच का जवाब देना होगा। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने मंगलवार को यह बयान जारी किया और दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना द्वारा 2015 से 2024 के बीच दिल्ली के स्वास्थ्य विभाग में हुए बड़े हेरफेर एवं घोटालों को लेकर तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्रियों सत्येंद्र जैन एवं सौरभ भारद्वाज के विरूद्ध एंटी करप्शन ब्रांच द्वारा जांच की स्वीकृति दिए जाने का स्वागत किया। उन्होंने कहा है कि अब शीघ्र स्वास्थ्य विभाग में हुए करोड़ों के घोटालों का सच सामने आयेगा। सचदेवा ने कहा है कि अरविंद केजरीवाल सरकार के दौरान मोहल्ला क्लीनिक निर्माण एवं उनके क्रियान्वयन, सरकारी अस्पतालों एवं मोहल्ला क्लीनिकों के मरीजों की निजी लैबों में जांच, अस्पताल एवं क्लीनिकों में कांट्रैक्ट स्वास्थ्य कर्मी रखने और अस्पतालों के इंफ्रास्ट्रक्चर निर्माण तक हर काम में घोटालों के सैकड़ों मामले गत दस साल में प्रकाश में आये पर अरविंद केजरीवाल सरकार ने कभी किसी भ्रष्टाचार की शिकायत पर ध्यान नहीं दिया पर अब सरकार बदल चुकी है और दस साल चलाई जन-धन की लूट पर टीम केजरीवाल को अब हर जांच का जवाब देना होगा।

# कालिंदी कुंज में करंट लगने से एक मजदूर की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



दक्षिण पूर्वी दिल्ली के जैतपुर इलाके में कालिंदी कुंज के पास एक निर्माण स्थल पर काम के दौरान 24 वर्षीय मजदूर की करंट लगने से मौत हो गई। मृतक की पहचान शिवम के रूप में हुई है जो उत्तर प्रदेश में नगला खेमकरण का निवासी था। शव को पोस्टमॉर्टम के लिये मोर्चरी भिजवाया गया है।

डीसीपी दक्षिण पूर्व जिला हेमंत तिवारी ने बताया कि शिवम नामक मजदूर जैतपुर एक्सटेंशन पार्ट-2 में एक निर्माण स्थल पर कार्यरत था। वह एक निर्माण भवन में एक बिजली मिस्त्री के रूप में काम कर रहा था। पुलिस ने कहा कि घटना के संबंध में सोमवार अपराह्न साढ़े तीन बजे के आसपास कालिंदी कुंज थाने में पुलिस नियंत्रण कक्ष (पीसीआर) से फोन पर सूचना मिली। फोन करने वाले ने जैतपुर में जी ब्लॉक में स्थित एक निर्माण स्थल पर एक मजदूर को करंट लगने की सूचना दी। डीसीपी ने कहा, टीम को तुरंत मौके पर भेजा गया और शिवम को बेहोशी की हालत में पास के एक अस्पताल ले जाया गया था, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। इस संबंध में कालिंदी कुंज थाने में मामला दर्ज किया गया है। शुरुआती जांच में खुलासा हुआ कि शिवम बिना पर्याप्त सुरक्षा उपाय के वायरिंग का काम कर रहा था। साइट के मालिक और ठेकेदार की पहचान कर ली गई है लेकिन अभी वे फरार हैं। उनका पता लगाने और गिरफ्तार करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

## बैंक्वेट हॉल में लगी भीषण आग, एक शख्स की मौत

**नई दिल्ली।** पश्चिमी दिल्ली के मोती नगर इलाके में एक बैंक्वेट हॉल में सोमवार देर रात भीषण आग लगने से एक व्यक्ति की मौत हो गयी। मृतक की पहचान राजेश के रूप में की गयी है। वह पेशे से बढ़ई था। शव का पोस्टमॉर्टम दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल में करवा परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस के अनुसार आग सोमवार रात आठ बजकर 47 मिनट पर लगी। शुरुआत में दो लोग आग की लपटों में फंस गए थे। एक व्यक्ति किसी तरह बाहर निकल आया जबकि राजेश वहीं अंदर फंस गया। प्रथम दृष्टया राजेश की मौत दम घुटने से हुई। बहरहाल, मौत की असल वजह का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद लगेगा। शुरुआत में घटनास्थल पर दमकल की 18 गाड़ियों को भेजा गया था। बाद में छह और गाड़ियां भेजी गयी। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के अधिकारी ने कहा कि हमें डीएलएफ मोती नगर के सामने गोल्डन बैंक्वेट हॉल में रात आठ बजकर 47 मिनट पर आग लगने के बारे में सूचना मिली थी। घटनास्थल पर कुल 24 अग्निशमन गाड़ियों को भेजा गया। घटनास्थल से प्राप्त दृश्यों में रात के समय आसमान में काले धुएं का घना गुबार दिखाई दे रहा था और गोल्डन बैंक्वेट हॉल के बड़े हिस्से में आग की लपटें निकल रही थी।

## भाजपा ने आपातकालीन बंदियों को किया सम्मानित

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा ने मंगलवार को प्रदेश के कुल सात जिलों में आपातकाल के काले अध्याय के 50 साल पूरे होने पर जिला संगोष्ठी का आयोजन किया। जिला संगोष्ठी में आपातकाल बंदियों को भी सम्मानित किया। दिल्ली के सात विभिन्न जिलों में आयोजित कार्यक्रमों के प्रदेश संयोजक विधायक गजेंद्र यादव और सह संयोजक राजीव बब्बर, पंकज जैन, विधायक हरीश खुराना और प्रदेश मंत्री सोना कुमारी हैं।

# जॉब फ्रॉड स्कैम का खुलासा कई लोगों को ठगने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली




शाहदरा साइबर पुलिस ने नौकरी के नाम पर ठगी करने वाले कॉल सेंटर का भंडाफोड़ किया है। इस संबंध में एक शख्स को गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम राहुल (30) निवासी बहादुरगढ़ बताया गया है। डीसीपी प्रशांत गौतम के अनुसार भोला नाथ नगर, शाहदरा निवासी 19 वर्षीय युवक जॉब है नामक नौकरी खोज ऐप के लिए यूट्यूब पर एक भ्रामक विज्ञापन देखने के बाद साइबर धोखाधड़ी का शिकार हुआ था। दरअसल ऐप डाउनलोड करने के बाद शिकायतकर्ता ने कैशियर पद के लिए आवेदन किया और बाद में उसने एचआर कमल नामक एक व्यक्ति ने व्हाट्सएप के माध्यम से संपर्क किया। उसे 27 मई को मेट्रो पिलर नंबर 54, लक्ष्मी नगर, निर्माण विहार के पास वॉक-इन इंटरव्यू के लिए आमंत्रित किया गया था। बातचीत के बाद धोखेबाज ने उसे जेप्टो में नौकरी दिलाने का आश्वासन दिया और पंजीकरण, दस्तावेज सत्यापन, अनुबंध शुल्क, टीडीएस और अंतिम प्रसंस्करण शुल्क जैसे विभिन्न बहानों पर पैसे मांगना शुरू कर दिया। 27 मई से छह जून के बीच पीड़ित ने धोखेबाज द्वारा साझा किए गए क्यूआर कोड पर फोनपे के माध्यम से 9,000 से अधिक रुपये ट्रांसफर कर दिए। आगे भुगतान से इनकार करने पर पीड़ित को ब्लॉक कर दिया गया था। कोई नौकरी या धनवापसी नहीं दी गई। धोखेबाजों ने ट्रेजर फाइंड सॉल्यूशन नामक एक काल्पनिक भर्ती एजेंसी के प्रतिनिधि के रूप में खुद को पेश किया था। धोखाधड़ी में इस्तेमाल किए गए बैंक खाते का विवरण हासिल किया गया। रत्नाकर बैंक का खाता शिवम निवासी श्याम कॉलोनी, बुध विहार फेज 2, दिल्ली के नाम पर पाया गया। इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक का खाता अभिषेक तिवारी निवासी पुलिस कॉलोनी, नई दिल्ली का है। मोबाइल नंबरों की जांच से राहुल के बारे में पता चला। राहुल और उसकी पत्नी निवासी अध्यापक नगर, निलोठी पूर्वी दिल्ली के निर्माण विहार में किराए पर संपत्ति लेकर भर्ती कार्यालय चला रहे थे। लाइव लोकेशन ट्रैकिंग और तकनीकी निगरानी के आधार पर, नोएडा (सेक्टर 63 और सेक्टर 38) में भी कई छापे मारे गए। अभिषेक तिवारी का पता कुंडा में चला जबकि राहुल को बहादुरगढ़ में ट्रैक किया गया। आरोपी राहुल को धारा 35(3) बीएनएस के तहत नोटिस दिया गया। पूछताछ के दौरान उसने तथ्यों को छिपाने का प्रयास किया। यह पता चला कि राहुल और उसकी पत्नी सीमा ने बिना किसी कानूनी दस्तावेज के ट्रेजर फाइंड सॉल्यूशन नामक कॉल सेंटर का संचालन किया और 2011 से फर्जी भर्ती अभियान चलाने में शामिल थे। ठगी में राहुल की पत्नी की मिलीभगत की पुष्टि हुई। राहुल की पत्नी ने अपना मोबाइल फोन बंद कर दिया है और वह फरार है। नेटवर्क के बाकी सदस्यों की पहचान करने और उन्हें पकड़ने के लिए आगे की जांच जारी है।

एलजी पहले दे चुके मंजूरी

# करोड़ों के अस्पताल घोटाले में अब पूर्व मंत्री जैन व भारद्वाज की जांच करेगी एसीबी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली की तत्कालीन आम आदमी पार्टी में मंत्री सत्येंद्र जैन व सौरभ भारद्वाज की मुसीबतें बढ़ गई है, क्योंकि अब करोड़ों रुपए के अस्पताल घोटाले मामले की जांच भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) करेगी। इस मामले को पूर्व में दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार की मंजूरी के बाद जांच के लिए एसीबी से जांच कराने को संबंधित सक्षम प्राधिकारी ने मंजूरी दे दी है। सक्षम प्राधिकारी ने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 (2018 में संशोधित) की धारा 17 ए के तहत मामला दर्ज किया है। यह जांच वर्तमान विधानसभा अध्यक्ष द्वारा 22 अगस्त 2024 को की गई एक शिकायत के आधार पर की जाएगी। गुप्ता ने अपनी शिकायत में लिखा था कि तत्कालीन मंत्री सौरभ भारद्वाज और सत्येंद्र जैन की मिलीभगत से दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य विभाग में करोड़ों का भ्रष्टाचार हुआ है। उन्होंने लिखा तथ्यों के मुताबिक 2018-19 में 24 अस्पताल परियोजनाओं में 11 ग्रीनफील्ड और 13 ब्राउनफील्ड को कुल 5590 करोड़ रुपये की मंजूरी दी गई थी, लेकिन बेवजह देरी की वजह से उनकी लागत में वृद्धि हुई, जो साफतौर पर बड़े पैमाने पर फंड की हेराफेरी की तरफ इशारा करती है। कुल 6800 बिस्तर की क्षमता वाले 7 आईसीयू अस्पतालों को सितंबर 2021 से 6 महीने के भीतर पूर्व-इंजीनियरिंग संरचनाओं के उपयोग से बनाया जाना था, जिसके लिए 1125 करोड़ रुपये की लागत से मंजूरी दी गई थी। लेकिन 3 साल से अधिक समय बीत जाने और 800 करोड़ रुपये की लागत के बाद भी इनका केवल 50 प्रतिशत ही काम पूरा हुआ है। एलएनजेपी अस्पताल न्यू ब्लॉक प्रोजेक्ट, जिसे 465.52 करोड़ रुपये की लागत से मंजूरी दी गई थी, केवल 04 वर्षों में इसकी लागत लगभग तीन गुना बढ़कर 1,125 करोड़ रुपये हो गई। पॉलीक्लिनिक परियोजना भी भ्रष्टाचार के गठजोड़ का एक स्मारक बनकर रह गई है। 168.52 करोड़ रुपये की लागत से स्वीकृत 94 नियोजित पॉलीक्लिनिक में से केवल 52 का ही निर्माण किया गया, वो भी 220 करोड़ रुपये की बढ़ी हुई लागत पर और गुप्ता ने लिखा था कि स्वास्थ्य सूचना प्रबंधन प्रणाली को लागू करने में एक दशक से अधिक समय से देरी हुई। आरोप है कि इसे जानबूझकर रोका गया ताकि वित्तीय लेन-देन में अस्पष्टता बनी रहे। मंत्रियों ने एनआईसी की ई-हॉस्पिटल प्रणाली जैसे लागत प्रभावी समाधानों को बार-बार खारिज किया, जिसमें संदेह पैदा होता है। जानकारी अनुसार एसीबी ने भारद्वाज और जैन के खिलाफ पीओसी अधिनियम की धारा 17 ए के तहत जांच की पूर्व अनुमति के लिए प्रस्ताव दिल्ली सरकार के सतर्कता विभाग (डीओवी) को भेजा था। जिसके बाद एसीबी से प्राप्त अनुरोध पर डीओवी ने इसे टिप्पणी के लिए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग और लोक निर्माण विभाग को भेजा था। जिसके बाद दोनों विभागों ने एसीबी से जांच कराने के लिए अपनी सहमति दे दी। जबकि डीओवी ने इस मामले की जांच पीओसी अधिनियम, 1988 की धारा 17-ए के तहत कराने की अनुमति देने के लिए इसे केंद्रीय गृह मंत्रालय भेजने से पूर्व, उपराज्यपाल की मंजूरी के लिए भेजा। क्योंकि यह जांच दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री सौरभ भारद्वाज और सत्येंद्र जैन के खिलाफ थी, जिसकी एलजी ने मंजूरी दे दी थी।

अस्पतालों के चक्कर काट-काट कर हैं परेशान

# मरीज का लीवर कैंसर कैसे हो ठीक महीने भर में भी नहीं हुई बोर्ड की बैठक



दया राम ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली में मरीजों को बेहतर ईलाज मिले, इसको लेकर भाजपा की केंद्र सरकार एवं दिल्ली सरकार अनेकों दावे कर रही है लेकिन उपचार के लिए कहीं डॉक्टरों की बोर्ड बैठक नहीं हो रही है तो कहीं बिस्तर खाली नहीं होने का हवाला दिया जा रहा है और इसके चलते गंभीर रोग से पीड़ति रोगियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ऐसा ही एक मामला भारत सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के कर्मचारी राज्य बीमा निगम के तहत संचालित झिलमिल स्थित इंदिरा गांधी ईएसआई निगम अस्पताल से सामने आया है। लीवर कैंसर से पीड़ति 70 वर्षीय बुजुर्ग मरीज श्रीपाल के बेटे तरूण ने मंगलवार को बताया कि उनके पिताजी लीवर कैंसर से पीड़ति हैं लेकिन यह रोग कैसे ठीक होगा, क्योंकि महीने से अधिक समय बीत गया और फरीदाबाद के ईएसआईसी अस्पताल से ईलाज करने संबंधी कोई फोन नहीं आया है। मरीज के बेटे तरूण ने बताया कि 10 मई 2025 को अपने पिता को झिलमिल ईएसआईसी अस्पताल लेकर गया, यहां उपचार के लिए भर्ती किया और पांच दिन के बाद छुट्टी देते हुए कहा कि यहां लीवर कैंसर का इलाज नहीं है। इसके बाद डॉक्टरों ने फरीदाबाद ईएसआईसी रेफर कर दिया। इसके बाद मरीज के साथ सुबह पांच बजे वहां पहुंच गए और यहां अस्पताल में चक्कर पर चक्कर कटवाए गए फिर शाम को बोल दिया गया कि बोर्ड बैठक में डॉक्टर बैठेंगे तो फिर उपचार के लिए बता देंगे। इसके बाद कोई उपचार नहीं किया गया और वहां से घर जाने के लिए बोल दिया गया और कहा कि आपको उपचार के लिए फोन पर बता दिया जाएगा लेकिन मंगलवार तक कोई फोन नहीं आया। वहीं, इस संबंध में झिलमिल ईएसआईसी अस्पताल के एमएस से मिलने गए तो वहां गार्ड मरीजों को मिलने ही नहीं देता है और फोन नंबर कार्य नहीं कर रहे हैं।

## बुजुर्ग पिता के उपचार के लिए लिया कर्ज

बेटे तरूण ने बताया कि जब फरीदाबाद के ईएसआईसी अस्पताल से कोई जवाब नहीं आया तो आईएलबीएस में उपचार के लिए गये। यहां पर पहले पैसे जमा कराए गए और इसके लिए कर्ज लिया। करीब पांच लाख रुपए लग चुके हैं। इसके बाद उन्होंने सरकार से वय वंदना योजना का स्वास्थ्य कार्ड बनवाया तो यहां उपचार शुरू हुआ लेकिन बिस्तर नहीं होने का हवाला देते हुए फिर एम्स, सफदरजंग आदि अस्पताल को रेफर कर दिया। बेटे का कहना है कि उनके परिवार की हालत माली है और अस्पतालों के चक्कर काट काट कर परेशान हो गए हैं।

हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | डीएचबीवीएन | विद्युत नगर हिसार में बैडमिंटन हॉल में आयरन प्रोफाइल शीट सहित हीट रेजिस्टेंट बब्बल शीट का प्रावधान व फिक्सिंग और अन्य सम्बद्ध सिविल कार्यों। एनआईटी सं. 11/XEN/CIVIL/HSR/2025-26 दिनांक 16.06.2025 | 17.06.2025 27.06.2025 | 13 लाख | www.dhbvn.org.in | 9813045911 xencivilhsr@dhbvn.org.in |
| 2 | डीएचबीवीएन | एसई कार्यालय भवन डीएचबीवीएनएल, भिवानी का अपग्रेडेशन और वॉशरूम तथा आगंतुक कक्ष का निर्माण। एनआईटी सं. 12/XEN/CIVIL/HSR/2025-26 दिनांक 17.06.2025 | 20.06.2025 14.07.2025 | 41.11 लाख | www.dhbvn.org.in | 9813045911 xencivilhsr@dhbvn.org.in |
| 3 | डीएचबीवीएन | बैडमिंटन कोर्ट मैट मेक योनेक्स मॉडल नं. एसी364 की खरीद। | 19.06.2025 30.06.2025 | 9.90 लाख | www.dhbvn.org.in | 9812452516 estateofficerdhbvn@gmail.com |
| 4 | डीएचबीवीएन | 33 केवी सब स्टेशन ओल्ड साइट सिरसा में नियंत्रण कक्ष का निर्माण और सम्बद्ध सिविल कार्य। एनआईटी सं. 13/XEN/CIVIL/HSR/2025-26 दिनांक 19.06.2025 | 20.06.2025 14.07.2025 | 77.70 लाख | www.dhbvn.org.in | 9813045911 xencivilhsr@dhbvn.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/80/35922/I/88/7 दि. 24.06.25

हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि (भ व प) सिरसा | हैड-5054 (ग्रुप-I) (जीएसटी के बिना) के तहत ऐलनाबाद निर्वाचन क्षेत्र में सिरसा जिले में (कार्य कार्यक्रम 2025-26) कि.मी. 0.00 से 3.90 सिरसा ऐलनाबाद रोड से हनुमानगढ़ टिब्बी रोड तक बाई-पास पर मजबूतीकरण के प्रावधान द्वारा रोड के सुधार हेतु डीएनआईटी (रोड आईडी : 5909) + 3 कार्य। | 23.06.2025 03.07.2025 | 1639.64 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01666-222959 pwd-eepd2-sirsa@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि (भ व प) कैथल | कैथल जिले में कैथल कवारतान रोड (रोड आईडी 7116) रोड का सुधार (नाबार्ड स्कीम आरआईडीएफ-XXX के तहत) + 4 कार्य। | बंद होने की तिथि 30.06.2025 | 1693.28 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896070157 pwd-eepd-kaithal@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि (भ व प) पलवल | पलवल जिले में गांव सिलोठी में राजकीय पशु चिकित्सा डिस्पेंसरी का निर्माण (सी.एम. घोषणा कोड नं. 22386 दिनांक 10.06.2018) (जीएसटी के बिना)। | बंद होने की तिथि 27.06.2025 | 25.55 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466219169 pwd-eepd-palwal@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि (भ व प) हिसार | हिसार जिले में आरडी 0.00 से 1.680 तक गांव सातरोड कलां में सातरोड कलां लिंक रोड से सातरोड लाडवा रोड के बीच गैप की विशेष मरम्मत (रोड आईडी 4851) (बरवाला निर्वाचन क्षेत्र) (ग्रुप नं. 5)। | बंद होने की तिथि 28.06.2025 | 184.44 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9878384499 pwd-eepd1-hissar@hry.nic.in |
| 5 | लोनिवि (भ व प) हिसार | कार्य कार्यक्रम 2025-26 (बरवाला निर्वाचन क्षेत्र) (ग्रुप नं. 1) के तहत हिसार जिले में 2 अदद रोड का मजबूतीकरण (I) तलवंडी राणा से ढाणी बाबरां रोड आरडी 0.00 से 5.750 (रोड आईडी 4828) (II) हिसार से धांसू रोड आरडी 0.00 से 1.100 और 2.410 से 7.260 (रोड आईडी 4841) | बंद होने की तिथि 28.06.2025 | 424.80 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9878384499 pwd-eepd1-hissar@hry.nic.in |
| 6 | लोनिवि (भ व प) हिसार | कार्य कार्यक्रम 2025-26 (बरवाला निर्वाचन क्षेत्र) (ग्रुप नं. 3) के तहत हिसार जिले में 3 अदद रोड का मजबूतीकरण (I) हिसार रायपुर सिकारपुर (पंचायती राज विभाग से हस्तांतरित) रोड आईडी 0.000 से 1.140 (रोड आईडी 4854) (II) मिर्जापुर खोखा खरकड़ी रोड आरडी 0.00 से 7.850 और 8.850 से 11.850 (रोड आईडी 4844) (III) खोखा से खरकड़ी रोड आरडी 0.00 से 1.700 (रोड आईडी 5325)। | बंद होने की तिथि 28.06.2025 | 443.43 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9878384499 pwd-eepd1-hissar@hry.nic.in |
| 7 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, पंचकूला | चरखी दादरी डिवीजन हेतु बियरिंग्स की आपूर्ति, हार्डवेयर मदों की आपूर्ति, वैद्युत मदों की आपूर्ति + 2 अन्य कार्य। | 25.06.2025 10.07.2025 | 44.23 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2580542 xenproc@gmail.com |
| 8 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, चरखी दादरी | बाढ़ ऋतु 2025-26 के दौरान विभिन्न बाढ़ स्थलों पर स्थापित इलैक्ट्रो मैकेनिकल उपकरणों के प्रचालन व रखरखाव और देखभाल के लिए हैल्पर / चौकीदार / ऑपरेटर का प्रावधान। | बंद होने की तिथि 26.06.2025 | 66.50 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01250-220058 xenlwsmech@gmail.com |
| 9 | पंचायती राज करनाल | गांव काल्हेड़ी में बाल्मिकी चौपाल में कमरे का निर्माण। | 23.06.2025 02.07.2025 | 8.33 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 10 | एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हार नूह | 10000-12000 लीटर वाटर टैंकर की खरीद हेतु निविदा। | 25.06.2025 09.07.2025 | 5 लाख | https://etenders.hry.nic.in/nicgep/app | 1267282007 tendergmcmewat@gmail.com |
| 11 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | स्टेट स्कीम्स के तहत मशीनरी एवं उपकरण (04 एम एंड ई) मदों की खरीद। | 21.06.2025 23.07.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 12 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | ट्रक्स, बीएस-VI की अधिप्राप्ति। | 24.06.2025 24.07.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2026/240/35933/I/88/7 दि. 24.06.25

## प्रवेश वर्मा दिनभर स्वयं विभिन्न स्थानों पर काम की प्रगति का लेते रहे जायजा

# 'पीडब्ल्यूडी ने एक ही दिन में की 3433 गड्ढों की मरम्मत'





हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार के लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने मंगलवार को ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए पूरी दिल्ली में 3433 गड्ढों की मरम्मत एक ही दिन में पूरी कर ली। यह गड्ढा भरने का काम पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा की सीधी निगरानी में संभव हो पाया, वह दिनभर स्वयं विभिन्न स्थानों पर काम की प्रगति का जायजा लेते रहे। मंत्री प्रवेश वर्मा ने कहा कि जो काम पहले असंभव माना जाता था, उसे अब रिकॉर्ड समय में, गुणवत्ता और पारदर्शिता के साथ पूरा किया गया। यह दर्शाता है कि जब इरादा साफ हो और नेतृत्व जवाबदेह हो, तो 'मोदी की गारंटी' के तहत परिणाम भी ज़मीन पर दिखते हैं। मंत्री प्रवेश वर्मा ने कहा कि मंगलवार सुबह से शुरू हुआ यह अभियान देर शाम तक चला और 1400 किलोमीटर के दायरे में फैली सड़कों को कवर किया गया। जिनमें



मुख्य सड़कें, कॉलोनियों की गलियां और हादसों के लिए चिन्हित संवेदनशील क्षेत्र शामिल थे। दिल्ली को तीन जोन पूर्वी, दक्षिणी और उत्तरी दिल्ली में बांटकर अभियान को समानांतर रूप से अंजाम दिया गया। 200 से अधिक आधुनिक मरम्मत वैनों को हाई-क्वालिटी सामग्री और उपकरणों के साथ मैदान में उतारा गया। गड्ढों की पहचान जन शिकायतों, ड्रोन मैपिंग और क्षेत्रीय सर्वेक्षणों से की गई। इस सफल अभियान में 70 सहायक अभियंता (एई), 150 कनिष्ठ अभियंता (जेई) और 1 हजार से अधिक श्रमिकों और पर्यवेक्षकों ने भाग लिया। हर गड्ढे की मरम्मत से पहले और बाद में जियो-टैग और टाइमस्टैम्प की गई तस्वीरें ली गईं। जिससे पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके और भ्रष्टाचार की कोई गुंजाइश न रहे।

### यह सिर्फ गड्ढे भरने का काम नहीं था, भरोसे की बहाली थी

प्रवेश साहिब सिंह ने कहा कि यह सिर्फ गड्ढे भरने का काम नहीं था, यह भरोसे की बहाली थी। हर भरे हुए गड्ढे के साथ हमने देरी और बहानों के चक्र को तोड़ने का संकल्प भी भरा। अभियान की निगरानी केवल अधिकारियों तक सीमित नहीं रही। दिल्ली सरकार के मंत्री और विधायक भी स्वयं अपने-अपने क्षेत्रों में निगरानी के लिए सड़क पर उतरे, जिससे गुणवत्ता से कोई समझौता न हो और हर गड्ढा तय समय पर भरा जा सके। प्रवेश साहिब सिंह स्वयं अलग-अलग इलाकों में पहुंचे, इंजीनियरों से चर्चा की, श्रमिकों का हौसला बढ़ाया और मरम्मत के कार्य की गुणवत्ता की खुद जांच की।

# मंत्री सिरसा ने खुले नालों को ढकने के दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने मंगलवार को वजीरपुर औद्योगिक क्षेत्र का औचक निरीक्षण कर साफ-सफाई का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि नालों की मैन्युअल सफाई बिल्कुल न की जाए, और सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गई सुपर सकर मशीनों व अन्य उपकरणों का ही उपयोग किया जाए ताकि काम सुरक्षित और प्रभावी हो। इस औचक निरीक्षण के दौरान मंत्री सिरसा के साथ स्थानीय विधायक पूनम शर्मा और उद्योग विभाग व डीएसआईआईडीसी के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। मंत्री सिरसा ने औचक निरीक्षण के दौरान अब तक किए गए साफ-सफाई के काम पर संतोष जताया। उन्होंने कहा कि इस मानसून में दिल्ली रुकेगी नहीं। स्थानीय जनप्रतिनिधियों से लेकर अफसरों तक पूरा सिस्टम मैदान में है ताकि हर नाला साफ हो और हर सड़क चालू रहे। उन्होंने कहा कि नालों की सफाई युद्धस्तर पर की जा रही है, और खुले नालों को ढकने तथा गड्ढों को भरने का काम तेजी से चल रहा है। उन्होंने कहा कि वज़ीरपुर जैसे औद्योगिक क्षेत्र में फैक्ट्री वेस्ट और सीवेज के बावजूद ड्रेनेज में कोई अवरोध नहीं है और वे निर्बाध बह रहे हैं, यह सरकार की नीयत और जमीन पर हो रहे काम का साफ संकेत है। मंत्री ने स्थानीय विधायक पूनम शर्मा की दिन-रात की मेहनत और अफसरों के साथ तालमेल के लिए उनकी सराहना की। जो नतीजे आज जमीन पर दिख रहे हैं, वो हमारे जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की मेहनत और फ़ील्ड में लगातार मौजूदगी का नतीजा है।

## हर महीने होंगे नशा मुक्ति को लेकर विशेष आयोजन : इंद्राज



नई दिल्ली। दिल्ली में नशा मुक्ति को लेकर हर महीने विशेष आयोजन किए जाएंगे। इस बात की जानकारी समाज कल्याण मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह ने 26 जून को अंतरराष्ट्रीय नशा निषेध दिवस पर राज्यस्तरीय मेगा प्रोग्राम के आयोजन और जिलों में होने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक करने के बाद दी। मंत्री रविंद्र इंद्राज ने निर्देश दिए कि इस भव्य आयोजन के बाद लगातार नशे के खिलाफ मुहिम जारी रखें। हर माह विभाग समन्वय बनाकर जिलों में जागरूकता के लिए विशेष आयोजन करें। बैठक में दिल्ली पुलिस, केन्द्रीय खेल एवं युवा मामले, समाज कल्याण, शिक्षा विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। मंत्री इंद्राज ने आयोजनों को और अधिक प्रभावी एवं जन-भागीदारी आधारित बनाने के निर्देश दिए। समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों ने बताया की यमुना स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, सूरजमल विहार में राज्य स्तरीय आयोजन के अलावा सभी जिलों में भी लगातार जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। इनमें दिल्ली के 64 हॉट स्पॉट का चयन कर नुक्कड़ नाटकों के आयोजन किए जा रहे हैं। मंत्री इंद्राज ने जिला स्तर पर समाज कल्याण विभाग को स्थानीय विधायकों एवं डीएम की मदद से नशा मुक्ति के लिए विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए। बैठक में समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों को किशोरों व युवाओं तक संदेश पहुंचाने के लिए मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म के अधिक इस्तेमाल के निर्देश दिए गए। ताकि संदेश व्यापक स्तर पर फैले और नशे की मांग घटे। दिल्ली पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों से नशे की उपलब्धता पर शिकंजा कसने खासकर प्रतिबंधित दवाओं की आपूर्ति पर कड़ी कार्रवाई करने को लेकर चर्चा हुई।

# डॉ. पंकज ने परिवहन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बस क्यू शेल्टर को अपग्रेड करने को लेकर की समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली की सड़कों पर बहुत जल्द ही वर्ल्ड क्लास डिजाइन वाले बस क्यू शेल्टर नजर आएंगे। यह बात दिल्ली के परिवहन मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने मंगलवार को परिवहन विभाग के अधिकारियों के साथ बस क्यू शेल्टर को अपग्रेड करने को लेकर एक समीक्षा बैठक करने के बाद कही। परिवहन मंत्री डॉ. पंकज ने कहा कि बस क्यू शेल्टर



के वर्ल्ड क्लास और हाईटेक डिजाइन के लिए दिल्ली-एनसीआर, बेंगलुरु, नवी मुंबई समेत सिंगापुर, लंदन से लेकर चीन तक शहरों में बने के बस क्यू शेल्टरों की डिजाइन का बारीकी से अध्ययन किया जा रहा है। ताकि रा दिल्ली में बहुत जल्द सबसे शानदार और आधुनिक डिजाइन वाले बस स्टॉप का निर्माण किया जा सके। नए तैयार होने वाले बस स्टॉप को ऐसा बनाया जाएगा कि यात्रियों के लिए सुविधाजनक होने के साथ ही फुटपाथ पर चलने वाले लोगों को भी किसी भी तरह की परेशानी नहीं होगी। दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) के प्रस्तावित नए बस क्यू शेल्टरों की डिजाइन शानदार, आधुनिक और हाईटेक होगी, जिनमें एलईडी डिस्पले बोर्ड के जरिए बसों के रूट की जानकारी के साथ ही बसों का नंबर भी डिस्पले होगा। डॉ. पंकज ने कहा कि राजधानी में सार्वजनिक परिवहन ढांचे को मजबूत बनाने के साथ डीटीआईडीसी ने पुराने और जर्जर हो चुके बस स्टॉप की जगह अर्बन और रूलर एरिया में नए और बेहद अत्याधुनिक बस क्यू शेल्टर बनाने की योजना तैयार कर ली है।

# एमसीडी ने प्राचार्य कक्ष सहित अन्य कमरों को किया सील

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने अपनी बकाया संपत्ति कर की वसूली के लिए अब कोई कसर नहीं छोड़ रहा है। कई नोटिस देने के बाद भी संपत्ति धारक ने बकाया राशि जमा नहीं की तो निगम प्रशासन ने दिल्ली तमिल एजुकेशन सोसाइटी सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य कक्ष सहित अन्य कमरों को सील कर दिया और छात्रों की पढ़ाई बाधित न हो इसलिए कक्षाओं को सील नहीं किया। दिल्ली नगर निगम सभी संपत्ति कर बकायेदारों से अनुरोध करता है कि वे समय पर कर का भुगतान कर निगम की कार्रवाई से बचें। एमसीडी प्रशासन ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि बकाया संपत्ति कर का भुगतान न करने पर दिल्ली तमिल एजुकेशन सोसाइटी सीनियर सेकेंडरी स्कूल की संपत्ति अटैच की। निगम प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार संपत्ति कर नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के लिए दिल्ली नगर निगम के संपत्ति कर विभाग ने मंगलवार को दिल्ली तमिल एजुकेशन सोसाइटी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, साधु वासवानी मार्ग, पूसा रोड, नई दिल्ली के विरुद्ध अटैचमेंट की कार्रवाई की। यह कार्रवाई दिल्ली नगर निगम अधिनियम की संबंधित धारा के अंतर्गत की गई है।

### पुलिस बल के सहयोग से की कार्रवाई

निगम प्रशासन ने बताया कि स्कूल प्रबंधन द्वारा लगातार संपत्ति कर का भुगतान न करने और निगम द्वारा समय-समय पर संबंधित धाराओं के तहत भेजे गए कई नोटिसों के बावजूद कोई जवाब न देने पर यह कदम उठाया गया। यह कार्रवाई 24 जून 2025 को सर्कल-11 के एमसीडी अधिकारियों द्वारा राजेन्द्र नगर थाना पुलिस के सहयोग से की गई। कार्रवाई के तहत प्राचार्य कक्ष सहित अन्य कमरों को सील किया गया, छात्रों की पढ़ाई बाधित न हो इसलिए कक्षाओं को सील नहीं किया गया।

## दिनभर आसमान पर छाए रहे बादल मानसून ने दिल्ली से फेरा मुंह

**नई दिल्ली**। मौसम विभाग के तमाम अनुमान को धत्ता बताते हुए मानसून की पहली झमाझम बारिश ने मंगलवार को दिल्ली से मुंह फेर लिया। हालांकि दिनभर दिल्ली के आसमान पर बादलों ने डेरा जमाए रखा, दिल्ली वाले भी देर रात तक आस लगाए बैठे रहे कि अब आएगी मानसून की पहली बारिश। लेकिन एक दो जगह हुई नाम मात्र बूंदाबांदी को छोड़ दें तो कहीं भी पानी नहीं बरसा। जिसके चलते सुबह से देर रात तक उमस ने दिल्ली वालों को बुरी तरह परेशान किए रखा। प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र दिल्ली (आईएमडी) के अनुसार दिल्ली में अधिकतम तापमान 36.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ, जो इस मौसम के सामान्य तापमान से 2.5 डिग्री सेल्सियस ज्यादा है। जबकि न्यूनतम तापमान 28.2 डिग्री सेल्सियस रहा जो सामान्य से 2 डिग्री सेल्सियस नीचे है। आईएमडी ने बुधवार के लिए येलो अलर्ट जारी करते हुए कहा है कि आसमान में आमतौर पर बादल छाए रहेंगे, हल्की से मध्यम बारिश, बिजली चमकते हुए तेज हवाएं चल सकती है। वहीं गुरुवार के लिए ग्रीन और शुक्रवार के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। बता दें कि मौसम विभाग ने कहा था कि 24 जून को दिल्ली में मानसून दस्तक दे देगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। अब मौसम विभाग का कहना है कि मंगलवार को बताया कि मानसून उत्तरी अरब सागर, हिमाचल प्रदेश और जम्मू के शेष हिस्सों, पंजाब, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, हरियाणा और चंडीगढ़ की ओर बढ़ गया है।




## समिति को शिविर के लिए 1200 यूनिट तक मिलेगी फ्री बिजली

# कांवड़ समितियों को सीधा मिलेगा 50 हजार से 10 लाख रुपये का अनुदान : रेखा गुप्ता



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

सावन माह के दौरान कांवड़ियों के सेवा करने वाली समितियों को सशक्त बनाने के लिए मंगलवार को दिल्ली सरकार की कैबिनेट ने अहम फैसला लेते हुए समितियों को 50 हजार से 10 लाख रुपये तक का अनुदान देने की घोषणा की। यह आर्थिक मदद सीधे समितियों को दी जाएगी। इसके अलावा मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में कांवड़ समितियों को लेकर कई अन्य महत्वपूर्ण फैसले लिए गए हैं। बैठक के बाद मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने प्रैसवार्ता में बताया कि आर्थिक मदद के अलावा शिविर लगाने वाली समितियों को सरकार की ओर से 1200 यूनिट बिजली फ्री दी जाएगी। उन्होंने कहा कि शिविर लगाने के लिए टेंडर सिस्टम समाप्त कर दिया गया है और समितियों को जल्द सुविधाएं देने के लिए सिंगल विंडो सिस्टम बनाया है। दिल्ली सरकार ने ऐसे आयोजनों को सहयोग व निगरानी के लिए 'मुख्यमंत्री धार्मिक उत्सव समिति' के गठन का भी निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह कदम पारदर्शिता और दक्षता को बढ़ाएगा, ताकि शिवभक्तों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। साथ ही ग्रांट इन ऐड का लाभ केवल पंजीकृत समितियों को मिलेगा, जिनके पास पैन नंबर, बैंक विवरण, और पंजीकरण प्रमाणपत्र जैसी आवश्यक दस्तावेज़ उपलब्ध रहेंगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि कांवड़ शिविरों को उनके टेंट बनाने के क्षेत्र और शिविर के संचालन के दिनों की संख्या के आधार पर श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है, ताकि सहायता राशि को व्यवस्थित और पारदर्शी रूप से प्रदान किया जा सके। मुख्यमंत्री ने बताया कि कांवड़ समितियों को अनुदान की कुल राशि का 50 प्रतिशत एडवांस में दिया जाएगा, जबकि शेष 50 प्रतिशत तब जारी होगा जब समिति उपयोगिता प्रमाणपत्र (यूसी), एसडीएम या तहसीलदार द्वारा जियो-टैग फोटो सहित सत्यापन, और पूर्ण ऑडिट दस्तावेज जमा कर देगी।

# कार्बन क्रेडिट में भारत का दूसरा नगर निगम होगा गाजियाबाद

गीले कचरे से कंपोस्टिंग तथा एलईडी लाइट के उपयोग ने गाजियाबाद के लगभग 2 लाख 70 हजार कार्बन उत्सर्जन में की कमी



**स्वीकृति की कार्रवाई पूर्ण**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

नगर निगम वैश्विक मंच पर कार्बन क्रेडिट परियोजना पंजीकृत करने वाला उत्तर प्रदेश में पहला तथा भारत में दूसरा नगर निगम बना है। स्थायित्व और जलवायु कार्रवाई की दिशा में एक अग्रणी कदम उठाते हुए गाजियाबाद नगर निगम अपने स्थाई प्रथाओं के माध्यम से कार्बन क्रेडिट उत्पन्न करने तथा अंतर्राष्ट्रीय कार्बन बाजार में भाग लेने वाला उत्तर प्रदेश का पहला शहरी स्थानीय निकाय बन गया है, जिसके लिए महापौर सुनीता दयाल ने शहरवासियों को शुभकामनाएं दी गई।

## नगर निगम के लिए एक नया राजस्व स्रोत बनेगा

नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में नगर निगम ने पुरानी लाइटों को बदलते हुए नई एलइडी लाइट लगवाई गई तथा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के क्रम में गीले कचरे से कंपोस्टिंग की कार्यवाही को बढ़ाया गया जिसके फल स्वरुप परियोजनाओं से अनुमानित 270000 टन कार्बन उत्सर्जन में कमी आने की उम्मीद है, 1 टन कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन की कमी एक कार्बन क्रेडिट के बराबर है इन प्रमाणित कार्बन क्रेडिट को अब अंतर्राष्ट्रीय कार्बन बाजार में बिक्री के माध्यम से मुद्रीकृत किया जा सकता है जिससे पर्यावरणीय जिम्मेदारी को भी बढ़ावा मिलेगा तथा गाजियाबाद नगर निगम के लिए एक नया राजस्व स्रोत बनेगा।

### यह उपलब्धि यूपी के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर

नगर आयुक्त ने बताया ठोस अपशिष्ट प्रबंधन और ऊर्जा दक्षता में निगम की कार्यवाही को संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन ओं क्लाइमेट चेंज द्वारा समर्थित सत्यापित मानक वीसीएस कार्यक्रम के तहत सफलतापूर्वक पंजीकृत किया गया है वीसीएस ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करने और हटाने के उद्देश्य से परियोजनाओं की प्रमाण के लिए एक विशेष स्तर पर मान्यता प्राप्त कार्यक्रम है।नगर निगम ने परियोजनाओं के क्रम में दिसंबर 2023 में वेरा रजिस्ट्री में प्रस्तुत किया गया था, जून 2025 में पूर्ण सत्यापन और पंजीकरण प्राप्त किया गया है, पंजीकरण की प्रक्रिया के लिए रजिस्ट्री और उसके मान्यता प्राप्त लेखा प्रशिक्षकों द्वारा कठोर मूल्यांकन करते हुए रिपोर्ट शामिल किया गया है, यह उपलब्धि न केवल गाजियाबाद बल्कि उत्तर प्रदेश राज्य के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है यह पहला पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान देगी बल्कि शहर को आर्थिक लाभ भी पहुंचाएगी, नगर आयुक्त द्वारा आगामी योजनाओं में भी कार्बन क्रेडिट को विशेष ध्यान में रखते हुए कार्य करने के निर्देश टीम को दिए गए।

## खबर संक्षेप

### मेयर जोशी ने मुख्यमंत्री सैनी से मुलाकात की



**फरीदाबाद।** मेयर प्रवीण जोशी व वरिष्ठ भाजपा नेता संदीप जोशी ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से चंडीगढ़ मुख्यमंत्री आवास पर शिष्टाचार भेंट की। महापौर प्रवीण जोशी की मुख्यमंत्री नायब सिंह से फरीदाबाद नगर निगम से जुड़े विभिन्न विकास कार्यों, जनसुविधाओं के विस्तार और शहरी आधारभूत संरचना को सशक्त करने से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई।

### अग्रवाल समिति सिंगला प्रधान व लोकेश महासचिव



**फरीदाबाद।** जितेंद्र सिंगला को अग्रवाल समिति बल्लभगढ़ के प्रधान पद पर एवं लोकेश अग्रवाल को पुनः महासचिव पद के लिए चुन लिया गया। गत दिवस संपन्न हुए समिति के द्विवार्षिक चुनावों के बारे में जानकारी देते हुए नवनिर्वाचित प्रवक्ता ललित गोयल ने बताया कि प्रमुख समाजसेवी एवं चुनाव अधिकारी विजय जैन की देखरेख में समिति के चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुए।

### खेल-आधारित शिक्षा ला रहे हैं रंगीत और प्रथम



**गुरुग्राम।** सांझा मूल्यों और समग्र शिक्षा के प्रति गहरी प्रतिबद्धता पर आधारित साझेदारी में, रंगीत, एक एम्पेक्ट फर्स्ट सामाजिक उद्यम, प्रथम मुंबई शिक्षा पहल, शिक्षा गैर-लाभकारी संगठन ने हाथ मिलाया है। वे रंगीत के स्वामित्व वाले डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म और सामाजिक भावनात्मक और पारिस्थितिक ज्ञान पाठ्यक्रम और शिक्षण संसाधनों को सरकारी स्कूलों में ला रहे हैं।

### एचएसवीपी की प्रशासक का ने कार्यभार संभाला



**फरीदाबाद।** हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण फरीदाबाद की प्रसाशक श्रीमती अनुपमा अंजली को कार्य भार ग्रहण करने की खुशी में हुडा जन स्वास्थ्य कर्मचारी यूनियन का शिष्टमंडल खुर्शीद सर्कल सलाहकार के नेतृत्व में फूलों का गुलदस्ता देकर स्वागत किया। शिष्ट मंडल के प्रधान सोनू, संजू चेयरमैन, जयराम पाली कैशियर, रोबिन, धर्मवीर वैष्णव, ऑडिटर सनी ने शिष्टाचारपूर्वक बात की।

## ट्रैफिक पुलिसकर्मियों की दादागिरी, युवक को चौकी में पीटा

# बल्लभगढ़ में एएसआई और होमगार्ड ने गाड़ियों को तोड़ा,रेहड़ियां पलटीं, लोगों के साथ की गाली-गलौज

सिविल ड्रेस में आए दोनों ट्रैफिक पुलिस कर्मियों ने पहले लोगों की रेहड़ियां पलट दी, फिर स्कूटी और बाइक गिराकर तोड़फोड़ शुरू कर दी। विरोध करने पर लोगों के साथ सरेआम गाली-गलौज और धमकियां दी गई। जब एक युवक शिकायत लेकर चौकी पहुंचा, तो वहां पर भी उसकी पिटाई कर दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

बल्लभगढ़ क्षेत्र में ट्रैफिक पुलिस कर्मी ही कानून की धज्जियां उड़ाते नजर आए। आदर्श सब्जी मंडी के बाहर ट्रैफिक पुलिस में तैनात एएसआई राजेश कुमार और उसके होमगार्ड सहयोगी जीतू ने सडक़ पर हंगामा करते हुए दिखाई दिए। सिविल ड्रेस में आए दोनों ट्रैफिक पुलिस कर्मियों ने पहले लोगों की रेहड़ियां पलट दी, फिर स्कूटी और बाइक गिराकर तोड़फोड़ शुरू कर दी।

विरोध करने पर लोगों के साथ सरेआम गाली-गलौज और धमकियां दी गई। जब एक युवक शिकायत लेकर चौकी पहुंचा, तो वहां पर भी उसकी पिटाई कर दी गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार रात लगभग 8.30 बजे एएसआई राजेश कुमार ट्रैफिक पुलिस में तैनात है। बल्लभगढ़ सोहना की तरह जाने वाले रेलवे फ्लाईओवर के रेड लाइट टी-पॉइंट पर ट्रैफिक पुलिस बूथ पर डयूटी है।

### बिना किसी चेतावनी के की गई कार्रवाई



रात करीब 8.45 से 9 बजे अपने सहयोगी जीतू के साथ आदर्श सब्जी मंडी के पास पहुंचा। दोनों ने आते ही बिना किसी चेतावनी के दो रेहडियों को पलट दिया और फिर वहां खड़ी स्कूटी व बाइकों को गिराने लगे। जब लोगों ने उनसे कारण पूछा, तो उल्टा उन पर चिल्लाने लगे, गालियां देने लगे और उन्हें गिरफ्तार करने की धमकी देने लगे।

वहीं भीड़ बढ़ती देख दोनों पुलिस कर्मी और भी ज्यादा भडक गए। होमगार्ड जीतू ने जबरन लोगों की गाडियां उठाकर पेट्रोलिंग गाड़ी पर डालने की कोशिश की। इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो वहां मौजूद कई लोगों ने रिकॉर्ड कर लिया, जिसमें एएसआई राजेश और जीतू गालियां देते और झगड़ा करते साफ नजर आ रहे हैं। लोगों ने आरोप लगाया कि एएसआई राजेश नशे की हालत में था। उसके मुंह से शराब की दुर्गन्ध आ रही थी और उसकी हरकतें अजीब थी। वह खुद के बचाव में वीडियो बना रहा था।

जब दो तीन दुकानदार ओर लोग शिकायत लेकर चौकी पहुंचे, तो एक युवक गुलशन को जबरदस्ती बैठा लिया, फिर उसके साथ मारपीट की। आरोप है कि एएसआई राजेश और होमगार्ड जीतू ने उसे चौकी के अंदर ही बेरहमी से पीट डाला। गुलशन को इतनी चोटें आई कि उसे पहले सिविल अस्पताल बल्लभगढ़ और फिर फरीदाबाद सिविल अस्पताल बीके रेफर करना पड़ा।

### युवक को गालियां देकर नई बाइक तोड़ी

डॉक्टरों ने बताया कि उसके चेहरे पर थप्पड़ों के निशान, छाती और पेट में अंदरूनी चोटें हैं, वहीं मंडी में सब्जी खरीदने आए टिंकू ने बताया कि उसकी नई बाइक को भी गिराकर नुकसान पहुंचाया गया। जब उसने विरोध किया और कहा कि गलती है, तो चालान काटो, गाड़ी क्यों तोड़ रहे हो। एएसआई राजेश उसे गालियां देने लगा और धमकाने लगा।

### लोगों ने कार्रवाई की रखी मांग

दुकानदार कुलदीप ने कहा कि सडक़ों पर किसी भी तरह का जाम या ट्रैफिक बाधा नहीं थी। नशे की हालत में सरेआम गुंडागर्दी की गई। सिविल ड्रेस में आए पुलिस कर्मियों ने बिना वजह रेहडियों को पलटा, लोगों का नुकसान पहुंचाया और विरोध करने वालों के साथ अभद्रता की। स्थानीय दुकानदारों और लोगों ने ट्रैफिक पुलिस कर्मी एएसआई राजेश और होमगार्ड जीतू के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## बल्लभगढ़ ब्लॉक के सरपंचों के साथ नशा मुक्त भारत अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

माननीय पुलिस महानिदेशक हरियाणा एवं नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के दिशा-निर्देशों के तहत आज फरीदाबाद पुलिस आयुक्तालय के तत्वावधान में पुलिस उपायुक्त यातायात जयवीर राठी द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान को बल प्रदान करने क उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण गोष्ठी का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम बल्लभगढ़ ब्लॉक के सभी सरपंचों की उपस्थिति में पुलिस उपायुक्त यातायात कार्यालय में आयोजित हुआ।

### स्थानीय नेतृत्व की सक्रिय भागीदारी जरूरी

डीसीपी ट्रैफिक ने नशे की समस्या पर चिंता जताई और इसे रोकने स्थानीय नेतृत्व की सक्रिय भागीदारी को जरूरी बताया। कहा कि नशे का कारोबार कानून-व्यवस्था का नहीं, बल्कि सामाजिक जागरूकता का विषय है। पुलिस पूरी मुस्तैदी से सप्लाई रोकने में लगी है। उन्हें सरपंचों से अपील की कि वे अपने-अपने गांवों में नशा मुक्ति समितियों का गठन करें, पीड़ितों की पहचान कर उन्हें निःशुल्क उपचार और काउंसलिंग दिलवाएं। ट्रैफिक पुलिस समाज को नशा मुक्त बनाने में भूमिका निभा रही है।

### अभियान के प्रति सहयोग का वादा किया

गोष्ठी में सभी सरपंचों ने अभियान के प्रति सहयोग का वादा किया और इसे जन आंदोलन बनाने की शपथ ली। उन्होंने हरियाणा पुलिस के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि गांव-गांव में अभियान को सफल बनाने के लिए वे हर संभव प्रयास करेंगे। फरीदाबाद ट्रैफिक पुलिस द्वारा इस प्रकार की पहलें, समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर अपराध एवं नशे की रोकथाम की दिशा में एक मजबूत कदम हैं।

## ऊंचा गांव नंदीग्राम गौशाला में गोवंश को शिफ्ट करने का काम पूरा

300 गोवंश को संघेल गौशाला नूंह भेजा गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

फरीदाबाद में सड़कों पर घूमने वाले गोवंश को अब भूपानी गौशाला के अलावा बल्लभगढ़ की ऊंचा गांव स्थित नंदीग्राम गौशाला में भी सडक़ों से पकड़कर शिफ्ट किया जाएगा। गौरतलब है कि बल्लभगढ़ की ऊंचा गांव गौशाला में भी अब गोवंश को रखने के लिए पर्याप्त स्थान की व्यवस्था की गई है। ऊंचा गांव गौशाला बल्लभगढ़ से 300 गोवंश को संघेल गौशाला नूंह में शिफ्ट किया गया है, जिसके चलते अब सड़कों पर घूमने वाले गोवंश को ऊंचा गांव गौशाला में भी ले जाया जाएगा जिससे सड़कों पर गोवंश की वजह से आने वाली परेशानी से लोगों को छुटकारा मिलेगा।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के दिशा-निर्देश अनुसार और शहरी निकाय मंत्री विपुल गोयल के आदेश पर एवं व्यक्तिगत सहयोग से 300 गोवंश को नूंह गौशाला में भेजा गया है।

निगम के स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नीतीश परवाल ने बताया कि नगर निगम कमिश्नर धीरेंद्र खड़गटा के निर्देश अनुसार सरकार के आदेशों पर अमल करते हुए पुलिस सुरक्षा और पशु चिकित्सकों की देखरेख में करीब 300 गाय गौशाला भेजी गई है।

## क्रेडिट कार्ड के नाम पर 83000 की ठगी

**फरीदाबाद।** क्रेडिट कार्ड बनाने के नाम पर 83000 रुपए की ठगी करने के आरोप में साइबर थाना बल्लभगढ़ टीम ने मुख्य आरोपी कॉलर को एक ठगी के मामले में दिल्ली से गिरफ्तार किया है। एक व्यक्ति ने शिकायत दी थी कि उसके पास कॉल आया, जिसने खुद को एक बैक का कर्मचारी बताया और कहा कि क्रेडिट कार्ड के लिए अप्लाई किया है और कार्ड की वैरिफिकेशन के लिए एक लिंक भेजा और लिंक पर दुसरे क्रेडिट कार्ड की डिटेल भरने बारे कहा। डिटेल भरने के बाद एक ओटीपी आया और खाता से 83000 रुपए कट गए।

## पुरानी पेंशन बहाली व अन्य मांगों को लेकर कर्मचारियों का प्रदर्शन, नारेबाजी




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

राज्य सरकार की कर्मचारी विरोधी नीतियों के विरोध में कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा के आह्वान पर मंगलवार को कलेक्ट्रेट प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन अपर जिलाधिकारी प्रशासन को सौंपा। मोर्चा के संयोजक राकेश अग्निहोत्री ने बताया 8 वर्ष से भाजपा एनडीए सरकार प्रदेश में है परंतु खेद का विषय है कि मुख्यमंत्री ने एक बार भी कर्मचारियों और शिक्षकों की मांगों पर बैठक नहीं की। जिस कारण महत्वपूर्ण कई मामले लंबित पड़े हैं। मुख्य सचिव स्तर पर भी बैठक 18 नवंबर 2024 को बैठक हुई थी परंतु उसमें लिए गए निर्णय का कार्यवृत्त नहीं जारी किया गया। इस कारण प्रदेश के कर्मचारी शिक्षक आक्रोशित हैं और आंदोलन कर दबाव बना रहे हैं। इसी के तहत यह कार्यक्रम किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सातवें वेतन आयोग और संवर्गों का पुनर्गठन, सेवा नियमावलियां, वेतन विसंगतियां, आउटसोर्स कर्मचारी की सेवा सुरक्षा न्यूनतम वेतन, रिक्त पदों पर नियुक्तियों में वरीयता, रोडवेज सहित सभी राजकीय निगमों, विकास प्राधिकरणों, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की मांगों, शिक्षकों की मांगों पर सार्थक निर्णय नहीं हो पा रहे हैं।

### सचिवालय प्रवेश पत्र न बनने से संवाद बंद

संगठनों के सचिवालय प्रवेश पत्र न बनने से संवाद बंद हो गया है। उन्होंने कहा कि मुख्य सचिव के आदेश के बावजूद मोर्चा के पदाधिकारी के प्रवेश पत्र नहीं बन पाए हैं। फाइल प्रमुख सचिव कार्मिक के पास लंबित पड़ा है। संवादहीनता के कारण कर्मचारियों में तीव्र आक्रोश व्याप्त है। शासन स्तर पर अधिकारियों से संपर्क नहीं हो पता है उन्होंने कहा कि लगता है कि सरकार कर्मचारीः शिक्षक संगठनों को समाप्त करने का कार्य कर रही है।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **(1) रमेश गुप्ता पुत्र** मोती लाल गुप्ता, **(2) सुनीता पत्नी** रमेश गुप्ता, **निवासी:** सुखपाल का मकान सरकारी स्कूल के पीछे, ग्राम बेगमपुर, दिल्ली, ने **FIR No. 452/16, U/S 323/354/506/34 IPC, पुलिस स्टेशन अमन विहार, रोहिणी जिला, दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होंने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **(1) रमेश गुप्ता (2) सुनीता** मिल नहीं रहे है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **(1) रमेश गुप्ता (2) सुनीता** फरार हो गये है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहे है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 452/16, U/S 323/354/506/34 IPC, पुलिस स्टेशन अमन विहार, रोहिणी जिला, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **(1) रमेश गुप्ता (2) सुनीता** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **07.08.2025** को या इससे पहले हाज़िर हो। **आदेशानुसार**

**सुश्री प्रीति राजोरिया**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी (महिला कोर्ट)–02, उत्तर–पश्चिम, कमरा नं. 08, भूतल, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/8210/RD/2025 (Court Matter)**

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 84 BNSS देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **विशाल, पुत्रः रामानन्द, पताः मकान नं. ए–762 हरि एन्क्लेव, सुल्तानपुरी, दिल्ली** ने **FIR No. 341/2025, U/s: 356/379/411 IPC, पुलिस थाना सुल्तानपुरी, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **विशाल** मिल नही रहा है। और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **विशाल** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना सुल्तानपुरी, दिल्ली** के अभियुक्त **विशाल** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **04.08.2025** या इससे पहले हाजिर हो। **आदेशानुसार,**

**श्री अभिनव सिंह,**
**जेएमएफसी–01, उत्तर पश्चिम , कमरा नं. 102 रोहिणी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/8108/OD/2025**

**पुलिस उपायुक्त कार्यालय, दक्षिण पश्चिम जिला, नेल्सन मंडेला मार्ग, वसंत विहार, नई दिल्ली**
कार्यालय फोन नं. 011-26140054, ई–मेलः sodcp2swd@gmail.com

**सार्वजनिक सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि दक्षिण पश्चिम जिले के विभिन्न पुलिस स्टेशनों द्वारा धारा 66 डीपी अधिनियम, 1978 के तहत अंतर्गत जब्त किए गए विभिन्न मेक/मॉडल के निम्नलिखित लावारिस मोटर वाहन और सामान वर्तमान में उक्त पुलिस स्टेशन में पड़े हैं। इनमें से किसी भी वाहन और सामान के लिए किसी भी दावे के मामले में, वे इस उद्घोषणा के जारी होने के छह महीने के भीतर अपने दावे को स्थापित करने वाले स्वामित्व के प्रमाण के साथ माननीय न्यायालय के समक्ष उपस्थित हो सकते हैं।

**डी.पी. अधिनियम 1978 की धारा 66 के अंतर्गत जब्त किए गए अदावाकृत वाहनों की सूची 01.10.2024 से 28.02.2025 तक**

| क्र. सं. | पुलिस स्टेशन | डीडी नं. | तिथि | पंजीकरण नं. | इंजन नं. | चेसिस नं. | मॉडल | पंजीकरण की तिथि (जीवन/आयु) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | वसंत कुंज उत्तर | 13A | 28.10.24 | DL-4SBQ-8045 | 023856 | 01692 | होंडा एक्टिवा | 05.2023 |
| 2. | पालम गांव | 106A | 06.10.24 | DL-9SY-6382 | 02882 | 02620 | हीरो स्प्लेंडर | 25.12.2009 |
| 3. | पालम गांव | 61A | 07.10.24 | DL-4SBR-1610 | 23229 | 24199 | यामाहा ब्लैक | - |
| 4. | पालम गांव | 90A | 20.10.24 | DL-4SCB-4920 | 05166 | 05082 | हीरो स्प्लेंडर प्रो | - |
| 5. | सरोजिनी नगर | 64A | 16.10.24 | DL-7SBA-7015 | 34568 | 67226 | बजाज प्लेटिना | 23.11.2008 |
| 6. | सरोजिनी नगर | 71A | 21.10.24 | HR-26BU-4043 | 77023 | 91061 | टीवीएस अपाचे | 12.09.2012 |
| 7. | किशनगढ़ | 56A | 05.10.24 | GJ-13S-9499 | 08621 | 08530 | हीरो ग्लैमर | 18.04.2016 |
| 8. | वसंत विहार | 42A | 10.11.24 | DL-11A-7195 | 66140 | 80751 | एनफील्ड ब्लैक | 08.07.2019 |
| 9. | वसंत कुंज उत्तर | 10A | 05.11.24 | DL-10SW-0560 | 59094 | 12685 | यामाहा | 07.2018 |
| 10. | वसंत कुंज उत्तर | 108A | 27.11.24 | DL-3SFN-9881 | 14796 | 35016 | स्प्लेंडर प्लस | 09.2023 |
| 11. | कापसहेड़ा | 115A | 09.11.24 | बिना नं. प्लेट के | 15800 | 28977 | एवेंजर | - |
| 12. | किशनगढ़ | 126A | 06.11.24 | DL-10SZ-4828 | 13726 | 13765 | होंडा एक्टिवा | 16.04.2014 |
| 13. | आरके पुरम | 51A | 07.12.24 | DL-2CAL-0943 | 80351 | 55311 | मारुति | - |
| 14. | वसंत कुंज साउथ | 102A | 16.12.24 | DL-5SBV-1649 | 20474 | 27824 | बजाज पल्सर | 20.12.2017 |
| 15. | वसंत कुंज साउथ | 131A | 19.12.24 | DL-16BM-9458 | 13931 | 08009 | यामाहा फैसिनो | 20.05.2018 |
| 16. | सरोजिनी नगर | 38A | 30.12.24 | DL-12SL-3005 | 67675 | 30985 | हीरो पैशन प्रो | 18.11.2017 |
| 17. | सफदरजंग एन्क्लेव | 114A | 04.12.24 | DL-3SDD-8681 | 66763 | 11763 | टीवीएस जुपिटर | 27.05.2016 |
| 18. | किशनगढ़ | 45A | 01.12.24 | DL-11L-9673 | 70220 | 75480 | हीरो स्प्लेंडर | 26.05.2022 |
| 19. | किशनगढ़ | 72A | 01.12.24 | DL-6SAQ-1053 | 01828 | 02285 | हीरो मेस्ट्रो | 20.02.2014 |
| 20. | सफदरजंग एन्क्लेव | 75A | 07.01.25 | DL-12SCS-1802 | 05982 | 05899 | स्कूटी | 12.08.2012 |
| 21. | सफदरजंग एन्क्लेव | 72A | 07.01.25 | DL-3SDA-9417 | 85232 | 85232 | स्कूटी | 01.05.2015 |
| 22. | सफदरजंग एन्क्लेव | 40A | 08.01.25 | HR-51BG-7362 | 33085 | 33023 | बाइक | 28.12.2015 |
| 23. | सफदरजंग एन्क्लेव | 111A | 10.01.25 | DL-5SA-5526 | 21146 | 15919 | स्कूटी | 15.04.2016 |
| 24. | वसंत विहार | 37A | 19.02.25 | जली हुई इलेक्ट्रिक स्कूटी | - | SESEAJ02 202300452 | इलेक्ट्रिक स्कूटी | - |
| 25. | वसंत विहार | 37A | 19.02.25 | जली हुई स्कूटी | - | JF33ABJC C16279 | जली हुई स्कूटी | - |
| 26. | वसंत कुंज उत्तर | 118A | 10.02.25 | UP-38Y-3821 | - | - | स्प्लेंडर | 03.2022 |
| 27. | वसंत कुंज उत्तर | 93A | 24.02.25 | DL-12SB-9994 | 01207 | 01129 | स्प्लेंडर | 11.2015 |
| 28. | पालम | 96A | - | DL-9SCG-8047 | 69433 | 88264 | होंडा एसपी–125 | 02.12.2022 |
| 29. | पालम | 110A | - | DL-4SCB-5039 | 18207 | 18207 | मेस्ट्रो स्कूली | 07.01.2013 |
| 30. | कापसहेड़ा | 91A | 04.02.25 | HR-30K-9326 | 19999 | 20301 | यामाहा | - |
| 31. | कापसहेड़ा | 97A | 08.02.25 | DL-11E-1013 | 70585 | 32444 | पल्सर | - |

हस्ता./–
अति. उपायुक्त पुलिस–II
दक्षिण पश्चिम जिला, नई दिल्ली

DP/9773/SW/2025

# नक्सलवाद गरीब आदिवासियों के विकास का सबसे बड़ा दुश्मन, मार्च 2026 तक हम इसे समाप्त करके रहेंगे

*हरिभूमि-आईएनच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी के साथ साक्षात्कार में श्री शाह ने कहा कि हमारा संकल्प है कि हम हर हाल में छत्तीसगढ़ को लाल आतंक से मुक्त करके रहेंगे। हर बार बारिश के मौसम में नक्सल विरोधी अभियान रुक जाया करते थे, लेकिन इस बार हम बारिश के मौसम में भी इन अभियानों को रोकेंगे नहीं बल्कि और तेज गति से चलाया जायेगा। मैं फिर कह रहा हूं कि मोदी सरकार में 31 मार्च 2026 तक लाल आतंक का अंत होने जा रहा है।*

**मोदी सरकार ने अपने 11 वर्ष पूरे किए हैं। इन 11 वर्षों की क्या खास उपलब्धियां रहीं हैं?**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 11 वर्ष ऐतिहासिक विकास और परिवर्तन के रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय सीमा, आंतरिक सुरक्षा, अर्थव्यवस्था, विदेशी साख और गरीब उत्थान की दिशा में उल्लेखनीय परिवर्तन हुए हैं। 2014 से पहले का भारत निराशा से घिरा था। जर्जर इंफ्रास्ट्रक्चर, सरकारी योजनाओं में लूट और राजनीति में परिवारवाद का बोलबाला था। लेकिन मोदी सरकार ने आम लोगों, गरीबों, किसानों, महिलाओं और हर जरुरतमंद का ख्याल रखा है। 11 वर्ष पहले देश पूरी तरह से आयात आधारित अर्थव्यवस्था पर निर्भर था। मोदी सरकार ने मेक इन इंडिया, स्टार्टअप जैसी योजनाओं से मैन्युफैक्चरिंग को गति दी। भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल एक्सपोर्टर बना। 2013-14 में भारत का कैपिटल एक्सपेंडिचर 1.9 लाख करोड़ रुपए था, वो 11 वर्षों में 5.5 गुना से अधिक बढ़कर 10.46 लाख करोड़ रुपए (वित्तीय वर्ष 2024-25) हो गया है। इलेक्ट्रॉनिक एक्सपोर्ट 7.6 बिलियन डॉलर से पिछले 11 वर्षों में बढ़कर 38.6 बिलियन डॉलर हो गया है। साथ ही विदेशी मुद्रा भंडार 309 बिलियन डॉलर से दोगुना होकर 654 बिलियन डॉलर हो गया है। हाईवे बनाने की प्रतिदिन की रफ्तार 12 किमी. से बढ़कर 21.3 किमी. हो गई है। एयरपोर्ट की संख्या 74 से बढ़कर 162 हो गई है। मेट्रो रेल नेटवर्क 248 किमी. से 1000 किमी. हो गया है। पिछले 11 साल में 55 करोड़ नए बैंक अकाउंट को खोले गए। इन अकाउंट में 2.61 लाख करोड़ रुपए जमा किए गए हैं। साथ ही नक्सलवाद और आतंकवाद के समूल नाश के लिए ठोस कदम उठाए गए। तीन नए कानून से साक्ष्य आधारित न्याय सुनिश्चित करने से लेकर डिफेंस एक्सपोर्ट पर जोर दिया गया। मोदी सरकार में कश्मीर से 370 धारा हटाकर ऐतिहासिक भूल को सुधारा गया। चाहे तीन तलाक को खत्म करना हो, महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण देना हो, वक्फ संशोधन या जीएसटी लाना हो, मोदी सरकार के 11 वर्ष ऐतिहासिक परिवर्तन का कालखंड रहा। मोदीजी की सबसे बड़ी उपलब्धि देखें तो, उन्होंने अभूतपूर्व विकास के साथ-साथ राष्ट्र के आत्मविश्वास को भी बढ़ाया है।

**विपक्ष का आरोप है कि भाजपा सरकार आने के बाद चुनाव आयोग, न्यायपालिका और मीडिया स्वतंत्र नहीं रहीं। सरकार का शिकंजा इन पर कसा है। इस पर आपकी राय?**

विपक्ष खासतौर पर कांग्रेस को ऐसी बात करने का हक नहीं है। आपातकाल किसकी देन थी? क्या राहुल गांधी भूल गए कि कैसे आपातकाल लगाकर उनकी दादी ने देश को लगातार 21 माह तक बंधक बनाए रखा था। न्यायपालिका और चुनाव आयोग की शक्तियां छीन ली गई। मनमाने तरीके से कानून संशोधन कर दिए गए। आपातकाल के खिलाफ आंदोलन करने वाले समाजसेवी, महिलाओं, आदिवासी, पिछड़े और विपक्ष के लोगों को जेल में डाल दिया गया। मीडिया के अखबार निकालने पर रोक लगा दी गई। मैं पूछता हूं, आपको लिखने और बोलने की स्वतंत्रता नहीं है क्या?

**विपक्ष तो यह भी कहता है कि ईडी और सीबीआई भाजपाई और उनके सहयोगी संगठनों के खिलाफ कार्रवाई नहीं करते। कितना सही मानते हैं आप इस आरोप को?**

अगर कोई भ्रष्टाचार करता है, तो उसे इसलिए नहीं छोड़ा जा सकता है कि वो विपक्ष में है। जो भ्रष्टाचार करेंगे उनके खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी। जिनके घर से करोड़ों-अरबों रुपए निकल रहे हैं, क्या उन्हें विपक्ष दल के नेता होने की वजह से छोड़ दें।

**विपक्ष का कहना है कि पड़ोसियों के साथ हमारे संबंध खराब हुए हैं। बांग्लादेश हमसे दूर हो गया है। पाकिस्तान के साथ हमारे रिश्ते खराब हैं। चीन भी हमसे कटा हुआ है।**

पड़ोसियों के साथ रिश्ते दोनों देशों पर निर्भर करते हैं। पाकिस्तान आतंकवाद फैलाएगा, जम्मू कश्मीर में आतंक को एक्सपोर्ट करेगा, तो भारत कैसे बातचीत कर सकता है?

***ऑपरेशन सिंदूर के बाद फिर से पड़ोसी देशों के साथ संबंध को लेकर सवाल उठने लगे हैं। साथ ही ऑपरेशन सिंदूर को कैसे देखते हैं?***

ऑपरेशन सिंदूर ने तीन चीजों का परिचय दिया। प्रधानमंत्री मोदी जी की दृढ़ इच्छाशक्ति, सेनाओं की मारक क्षमता व खुफिया एजेंसियों की सटीक जानकारी। हमारी सेना ने अपने सभी लक्ष्य को पूरी सटीकता से हासिल किया। आतंकी हमलों के जवाब के इतिहास में ऑपरेशन सिंदूर सबसे सटीक और सभी उद्देश्यों की पूर्ति करने वाला अभियान था। हमारी जमीन और नागरिकों पर कोई भी हमला करेगा, तो उसे दोगुना ताकत से जवाब दिया जाएगा। हम कांग्रेस नहीं है, जो डरकर बैठ जाएं। भारत पर हमले होते रहें और भारत चुप रहे ये मोदी सरकार में संभव नहीं है। हम गोली का जवाब गोले से देंगे।हमारी सरकार में उरी और पुलवामा हुआ तो हमने सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक करके दोगुनी ताकत से जवाब दिया। जब पहलगाम हुआ, तो पाकिस्तान के 100 किमी अंदर जाकर आतंक के हेडक्वॉर्टर को नेस्तानाबूत कर दिया। हमने मुजफ्फराबाद, सियालकोट, मुरीदके और बहावलपुर सहित 9 आतंकी अड्डों को तबाह किया। सुरक्षा एजेंसियों, इनपुट के आधार पर हमारी सेना ने बेहद सटीकता, संयम और धैर्य से पाकिस्तान के केवल आतंकी हेडक्वॉर्टर पर हमला किया। लेकिन पाकिस्तानी सेना ने उसे खुद पर हमला माना और भारत के निर्दोष नागरिकों पर हमला किया, लेकिन भारत की रक्षा प्रणाली ने पाकिस्तान के हर हमले को नाकाम कर दिया। पाकिस्तान के हमले के जवाब में भारत ने पाकिस्तान के एयरबेस और वायु रक्षा प्रणाली को ध्वस्त कर दिया। यह पहली बार है जब भारत ने किसी न्यूक्लियर देश पर सफल ऑपरेशन किया है।






**स्थानीय भाषाओं के प्रचार-प्रसार पर आपका बहुत जोर रहता है, जो पहले कभी किसी गृहमंत्री का नहीं देखा गया है और हिंदी को लेकर आपका आग्रह बहुत दिखता है। लेकिन तमिलनाडु जैसे राज्यों के मुख्यमंत्री हिंदी इंपोज करने की बात करते हैं। इस पर आपकी राय क्या है?**

देखिए, सभी भारतीय भाषाएं मेरे लिए प्रिय हैं। सभी भारतीय भाषाएं एक दूसरे की सखी हैं। किसी भारतीय भाषा की दूसरी भाषा से स्पर्धा नहीं है, सभी एक दूसरे की पूरक हैं। रही बात तमिलनाडु की, तो तुष्टीकरण, भ्रष्टाचार और परिवारवाद में डूबी स्टालिन सरकार अपने घपले-घोटाले छुपाने के लिए भाषा को मुद्दा बना रही है। आपको बताता हूं हमने स्थानीय भाषाओं के लिए क्या क्या कदम उठाए। हमारी सरकार में आई शिक्षा नीति में हमने मातृ भाषा में प्राइमरी, टेक्निकल और मेडिकल शिक्षा का प्रावधान रखा है। अब सीएपीएफ के कांस्टेबल जीडी की परीक्षा हिंदी और अंग्रेजी के अलावा 13 क्षेत्रीय भाषाओं में होती है। जीईई, नीट, यूजीसी की परीक्षाएं भी अब 12 भाषाओं में होती हैं, अब तमिलनाडु का बच्चा अपनी स्थानीय भाषा में भी ये परीक्षाएं दे सकेगा। वहीं इंजीनियरिंग शिक्षा आज तमिल, तेलुगू, मराठी, बंगाली, मलयालम, गुजराती में उपलब्ध है और एमबीबीएस के प्रथम वर्ष की किताबें भी हिन्दी में उपलब्ध हैं।

**तमाम विशेषज्ञ यह मान रहे हैं कि बिहार में भाजपा अपने दम पर सरकार बना सकती है। नीतिश कुमार के स्वास्थ्य को लेकर भी बहुतेरी चर्चाएं होती हैं। क्या बिहार को अगले चुनाव में भाजपा का मुख्यमंत्री मिलने वाला है। एनडीए सरकार बिहार में सरकार बनाने जा रही है।**

देखिए, मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा के लिए गठबंधन धर्म सर्वोपरि है और भाजपा हमेशा गठबंधन धर्म का पालन करती है। बिहार में एनडीए बहुत मजबूत है। एनडीए एक साथ चुनाव लड़ेगा और बिहार में प्रचंड बहुमत से सरकार बनाएगा।

**पश्चिम बंगाल में सत्ता परिवर्तन के आसार देख पा रहे हैं?**

निश्चित ही परिवर्तन होगा। ममता सरकार के भ्रष्टाचार और हिंसा से पश्चिम बंगाल की जनता त्रस्त है। भाजपा इस बार अप्रत्याशित प्रदर्शन करने जा रही है।

## कुर्रेगुट्टा पहाड़ी पर चला ऑपरेशन था बेहद सफल

**लम्बी प्रतीक्षा के बाद जनगणना की घोषणा हुई, नोटिफिकेशन आया। लेकिन विपक्ष का आरोप है कि आपने नोटिफिकेशन में जातिगत जनगणना की चर्चा ही नहीं की?**

प्रधानमंत्री मोदी जी और मैंने कई बार कहा है कि जातिगत जनगणना होगी और मैं एक बार फिर कह रहा हूँ कि जनगणना के साथ ही जातिगत जनगणना को भी किया जाएगा। गृह मंत्रालय की तरफ से तीन प्रेस रिलीज 30 अप्रैल, 4 जून और 15 जून 2025 को जारी हुई। इन तीनों में भी कहा गया है कि इस बार की जनगणना में जातीय गणना भी की जाएगी। मैं आपको बता दूं कि जनगणना का नोटिफिकेशन एक तरह से इंटेंट होता है। ऐसे में इसे लेकर किसी तरह का भ्रम नहीं होना चाहिए।

**और कब तक जनगणना की प्रक्रिया पूरी हो जाएगी? और क्या ये हिंदी और अंग्रेजी में होगी?**

हमारी सरकार टेक्नोलॉजी के उपयोग से जनगणना करेगी, इसलिए पहले जनगणना में जितना समय लगता था, इस बार उससे कम समय लगेगा। जनगणना को लेकर एक ऐप बनाया जा रहा, जो स्थानीय भाषों में भी उपलब्ध होगा। इस ऐप के माध्यम से लोगों की जानकारियां अपलोड की जाएंगी।

**छत्तीसगढ़ तेलंगाना की सीमा पर कुर्रेगुट्टा पहाड़ी पर देश का सबसे बड़ा आपरेशन चलाया गया। ऐसा दावा है कि नक्सली लीडरों को वहां घेरकर रखा गया और बड़े अफसर भी मान रहे थे कि फोर्स को बड़ी सफलता मिलेगी। परंतु क्या आपको आशा के अनुरुप सफलता मिली?**

देखिए, कुर्रेगुट्टा पहाड़ी पर चलाया गया नक्सल विरोधी अभियान बेहद सफल रहा है। इस अभियान के 21 दिनों में 31 नक्सलियों को ढ़ेर किया गया। ये पहला ऐसा इतना बड़ा अभियान रहा, जिसमें एक भी जवान की शहादत नहीं हुई। साथ ही, भारी मात्रा में हथियार बरामद किए गए थे। कुर्रे गुट्टा पहाड़ी क्षेत्र नक्सलियों का गढ़ रहा है, जहां नक्सली प्रशिक्षण लेते थे और हथियार बनाते थे। उनकी हथियार बनाने वाली 3 लेथ मशीने बरामद हुई, बीजीएल सेल और आईईडी बनाने वाली 3 यूनिट्स को बर्बाद किया, 214 बंकर ध्वस्त किये गए, जहां लाल आतंक की गूंज थी, वहां आज तिरंगा लहरा रहा है। नक्सल के विरुद्ध इस अभियान में सुरक्षा बल 42 से 45 डिग्री के तापमान, दुर्गम क्षेत्रों में बीहड़ों में मोर्चा संभालते हैं। ये सीरीज ऑफ ऑपरेशन हैं और सभी नक्सल अभियान हमारे लिए बड़े ही होते हैं। हम हर एक नक्सली तक पहुंचेंगे।

**दशकों पुरानी नक्सलवाद समस्या को खत्म करना आसान नहीं है। ऐसे में किस तरह से इतनी पुरानी समस्या में सफलता मिल रही है। अब तक कितने नक्सलियों को मार गिराया गया है? और कितने नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है?**

देखिए, हमारी सरकार ने नक्सलवाद के खिलाफ एक मल्टी-डायमेंशनल एप्रोच लिया। हमने पहले की सरकारों की डिफेंसिव रणनीति को छोड़ ओफेंसिव रणनीति अपनाई है। जो क्षेत्र नक्सल मुक्त हो रहे हैं, वहाँ सुरक्षा वैक्यूम भरने के लिए कैंप बनाये जा रहे हैं, उन क्षेत्रों का विकास किया जा रहा है और गरीब कल्याण की योजनायें पहुंचाई जा रही हैं। अब अत्याधुनिक तकनीकों का उपयोग कर नक्सल गतिविधियों की सटीक निगरानी और विश्लेषण किया जा रहा है। साथ ही, लोकेशन ट्रैकिंग, मोबाइल फोन की गतिविधियों, साइंटिफिक कॉल लॉग्स और सोशल मीडिया एनालिसिस जैसी तकनीकों के जरिए नक्सलियों की हरकतों पर पैनी नजर रखी जा रही है। इसी का परिणाम है कि नक्सलवाद की हिंसक घटनाएं जो 2004-14 में 16,463 थी वो 52 फीसदी घटकर 7,856 रह गयी हैं। ऐसे ही सुरक्षा बलों की मृत्यु में 71 फीसदी और नागरिकों की मृत्यु में 68 फीसदी की कमी आई है। पिछले वर्ष ही 290 नक्सलियों को न्यूट्रलाईज किया, 1090 नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया और 881 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया। जबकि 2025 में ही 226 नक्सलियों को न्यूट्रलाईज किया गया, इस वर्ष 886 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया, 23 मई 2025 को ही



बीजापुर में 24 हार्डकोर नक्सलियों ने सरेंडर किया। पहली बार ऐसा हुआ है कि कोई जनरल सेक्रेटरी लेवल का नक्सली बसवराज मारा गया, यह एक बड़ी उपलब्धि है। सुरक्षा बलों द्वारा चलाये गए नक्सल विरोधी ऑपरेशनों के कारण आज नक्सलियों का गढ़ कहे जाने वाले बूढ़ा पहाड़, चक्रबंधा, करेंगुट्टा पहाड़ी, अबूझमाड़ जैसे इलाके नक्सल मुक्त हो गए हैं।

**एक तरफ आप नक्सलियों को मार रहे हैं, दूसरी तरफ उनसे आत्मसमर्पण की बात कहते हैं?**

मोदी सरकार की नीति स्पष्ट है अगर कोई हिंसा के रास्ते पर चला गया है, तो सरकार उसे हथियार छोड़ने की अपील करके समाज की मुख्यधारा से जुड़ने का मौका दे रही है। नक्सली आत्मसमर्पण करके विकास की यात्रा से जुड़कर कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं। छत्तीसगढ़ की डबल इंजन सरकार में आत्मसमर्पण के लिए लुभावनी नीति बनाई गई है। अगर नक्सली हथियार नहीं छोड़ते हैं, तो उन्हें सुरक्षा बलों का सामना करना ही होगा।

**इससे जुड़ा सवाल है और यह छत्तीसगढ़ बड़ी चर्चा का विषय है। छत्तीसगढ़ को बस्तर से बेहद प्रेम है। लोग जानना चाहते हैं कि नक्सलियों के खात्मे के बाद वहां के जंगल और पहाड़ औद्योगिकरीकरण की भेंट न चढ़ जाएं। क्या अमित शाह ऐसा आश्वासन छत्तीसगढ़ को दे सकते हैं कि बस्तर के जंगल और पहाड़ हमेशा सुरक्षित रहेंगे?**

बस्तर हमारे भी दिल में बसता है। मैं आपको आश्वस्त करता हूं कि बस्तर का विकास बस्तर के लोगों की भावनाओं के ही अनुरूप होगा।

**नक्सल मुक्त भारत के साथ आपने नशामुक्त भारत का भी ऐलान किया है, उस पर कितनी प्रगति हुई है?**

देखिये, ड्रग्स युवाओं के लिए अभिशाप है, यह आने वाली पीढ़ियों को बर्बाद करता है, हम इसकी समाप्ति की रणनीति पर काम कर रहे हैं। हम रुथलेस अप्रोच से इसके पूरे नेटवर्क को ध्वस्त कर रहे हैं। इसके लिए संस्थागत संरचना को मजबूत किया है, एजेंसियों को सशक्त किया है और उनके बीच समन्वय को सीमलेस बनाया है और विस्तृत जागरूकता अभियान भी चला रहे हैं। साल 2019 में गृह मंत्रालय ने इसके लिए चार स्तरीय एनकोर्ड मैकेनिज्म बनाया, संयुक्त समन्वय समिति का गठन किया गया। समुद्री मार्ग से तस्करी रोकने के लिए उच्च स्तरीय समर्पित टास्क फोर्स बनाये। सीजर इनफारमेशन मैनेजमेंट सिस्टम, निदान, एनकोर्ड पोर्टल बनाये गए, इनका परिणाम हुआ कि जहाँ 2004-14 में 40 हज़ार करोड़ रुपए के मूल्य का 25 लाख किलो ड्रग्स पकड़ा गया था, वहीं मोदी सरकार ने 2014-25 के बीच 1 करोड़ किलो से अधिक ड्रग्स जब्त किया जिसकी कीमत 1 लाख 50 हज़ार करोड़ रुपए है। पकडे हुए ड्रग्स का दोबारा उपयोग न हो सके इसके हमारी सरकार ने बड़े पैमाने पर ड्रग्स को नष्ट करने का अभियान शुरू किया और 31.53 लाख किलो मादक पदार्थों को नष्ट किया जो यूपीए सरकार की तुलना में 10 गुना अधिक है। सिंथेटिक ड्रग्स जो पूरी दुनिया के सामने एक नई चुनौती बन गया है, हमारी सरकार ने 5 वर्षों में 14 हजार करोड़ से अधिक का 23 हजार किलो सिंथेटिक ड्रग्स जब्त किया और विभिन्न राज्यों में लगभग 41 क्लैन्डेस्टिन लैब्स को नष्ट की गई, 86 हजार किलो ड्रग्स जब्त हुआ और 136 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

**बदलते युग में साइबर खतरे की चुनौतियां लगातार बढ़ती जा रही है। जैसा कि आपने कहा कि भारत में डिजिटल ट्रांजेक्शन में विश्व में अग्रणी है। ऐसे में साइबर हमलों से देश वासियों को सुरक्षित बनाने के लिए क्या किया जा रहा है?**

मोदी सरकार ने साइबर हेल्पलाइन '1930' शुरू की है, जिस पर प्रतिदिन करीब 60 हजार फोन कॉल आते हैं, 419 बैंक और वित्तीय मध्यस्थ इसके साथ जोड़े जा चुके हैं, इसके माध्यम से 14 लाख 47 हजार लोगों के 4,725 करोड़ रुपए की वापस दिलाने का काम भी हुआ है। 2020 में मोदी सरकार द्वारा शुरू किये गए साइबर क्राइम पोर्टल पर 65 लाख यूनिक शिकायतें दर्ज हुई और 1.5 लाख से अधिक एफआईआर दर्ज की गयी, लोगों द्वारा 20 करोड़ से अधिक बार इस पोर्टल का उपयोग किया जा चुका है। इंडियन साइबर क्राइम कार्डिनेशन सेंटर की स्थापना की गई है, 33 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में साइबर फारेंसिक ट्रेनिंग लेब की स्थापना की है। साइबर फ्रॉड मिटिगेशन सेंटर यानी सीएफएमसी के माध्यम से मोदी सरकार ऑनलाइन फ्रॉड के पैसों को तत्काल रिटर्न करा रही है। शिकायत दर्ज कराने के बाद बैंक फ्रॉड हुए पैसों को फ्रीज कर देता है और वेरिफिकेशन के बाद पीड़ित तक फ्रॉड हुए पैसे पहुंच जाते हैं।

**आपकी सरकार ने डिफेंस क्षेत्र में मेक इन इंडिया की शुरुआत की है। एक अच्छी चीज हथियारों के उत्पादन को लेकर दिखती है। भारत अब हथियारों का निर्यातक बन रहा है। रक्षा क्षेत्र में 'मेक इन इंडिया' की प्रगति क्या रही?**

हमारी सरकार डिफेंस के क्षेत्र में 'मेक इन इंडिया' की बड़ी शुरुआत की, लेकिन कांग्रेस ने जो गड्ढा किया है, उसे भरने में थोड़ा समय लगेगा। ऑपरेशन सिंदूर में स्वदेशी आकाशतीर डिफेंस सिस्टम की सफलता से दुनिया आश्चर्यचकित है। पाकिस्तान के हर हमले को हमारे डिफेंस सिस्टम ने नाकाम कर दिया। डिफेन्स का प्रोडक्शन भी बढ़ा है और एक्सपोर्ट भी बढ़ा है। वर्ष 2023–24 में भारत का रक्षा क्षेत्र में उत्पादन 1.27 लाख करोड़ रुपए और निर्यात 21,083 करोड़ रुपए है और हम 2029 तक 3 लाख करोड़ रुपए के उत्पादन और 50,000 करोड़ रुपए निर्यात के लक्ष्य को हासिल करेंगे।

**और पीओके पर आप क्या कहेंगे?**

कहना क्या है मैंने संसद में भी कहा है कि पीओके हमारा है, भारत का हिस्सा है।

**आपने दो भूमिकाएं निभाईं, राष्ट्रीय अध्यक्ष भी रहे और राष्ट्र के गृहमंत्री भी। कौनसी भूमिका आपको ज्यादा बेहतर लगी?**

मैंने नारणपुरा बूथ से लेकर भाजपा पार्टी में अनेक जिम्मेदारी निभाई हैं। मैं पार्टी का एक अनुशासित कार्यकर्ता हूं मुझे पार्टी जो भी जिम्मेदारी देती है, मैं उसे पूरी क्षमता से निभाता हूँ। आप पत्रकार लोग हमारे कार्य को दो भूमिकाओं में बांधने की कोशिश कर सकते हैं, मैं नहीं।

**राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाने को लेकर अब भारतीय जनता पार्टी इतनी उहापोह की स्थिति में क्यों नजर आ रही है। नए अध्यक्ष का ऐलान नहीं हो पा रहा है।**

भाजपा एक लोकतांत्रिक और 14 करोड़ से अधिक सदस्य वाली पार्टी है। बूथ से लेकर जिला, मंडल, प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर तक पूरी तरह लोकतांत्रिक तरीके से चुनाव प्रक्रिया चलती है तो, इसमें समय लगता है। जल्द ही भाजपा को नया अध्यक्ष मिल जाएगा।

**दशकों तक छत्तीसगढ़ नक्सलवाद से ग्रस्त रहा है। जब छत्तीसगढ़ नक्सलवाद से मुक्त हो रहा है, उसके विकास के लिए क्या योजनाएं चलाई जा रही हैं?**

विकास पहुँचेगा... हमने तो विकास पहुंचा कर दिखाया है, मोदी सरकार नक्सल प्रभावित इन क्षेत्रों में तेजी से विकास कर रही है। 11,503 किलोमीटर सड़कों का निर्माण किया जा चुका है और 17,589 किलोमीटर सड़क निर्माण के लिए 20,815 करोड़ रुपए स्वीकृत किए जा चुके हैं। संचार सुविधाओं के विस्तार के लिए दो चरणों में काम किया गया। पहले चरण में 4080 करोड़ रुपए की लागत से 2343 (2G) मोबाइल टावर स्थापित किये गए। दूसरे चरण में 2210 करोड़ के निवेश के साथ 2542 मोबाइल टावरों की स्थापना के लिए कार्य आदेश जारी किया गया। इसके अतिरिक्त प्रभावित क्षेत्रों में 8527 (4G) मोबाइल टावरों को और मंजूरी दी है। नक्सल प्रभावित जिलों में 1007 बैंक शाखाएं, 937 एटीएम और 37850 बैंकिंग कॉरेस्पोंडेंट स्थापित किये जा चुके हैं। 90 जिलों में हर 3 किमी पर 5,731 डाकघर खोले गए हैं। इसके साथ-साथ 48 जिलों में कौशल विकास योजना के अंतर्गत 495 करोड़ रुपए से 48 इंडस्ट्रीयल ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट आईटीआई, 61 कौशल विकास केन्द्र अनुमोदित किए गए हैं।

**आपने हाल ही में कहा कि इस बरसात में नक्सली चैन की नींद नहीं सो पाएंगे। इसके पीछे की क्या वजह है?**

देखिये, हर बार बारिश के मौसम में नक्सल विरोधी अभियान रुक जाया करते थे। इस बार हम बारिश के मौसम में भी इन अभियानों को रोकेंगे नहीं बल्कि और तेज गति से चलाया जाएगा। मोदी सरकार में 31 मार्च 2026 तक लाल आतंक का अंत होने जा रहा है।



## अक्षरधाम में नजर आएंगे अक्षय फिल्म का पहला पोस्टर जारी

**मुंबई।** अक्षरधाम का निर्देशन केन घोष कर रहे हैं। फिल्म मेकर्स ने मंगलवार को अक्षरधाम का नया पोस्टर जारी कर फैंस को खुश कर दिया है। पोस्टर में अक्षय खन्ना का दमदार लुक देखकर नजर आ रहा है। सी स्टूडियोज ने इंस्टाग्राम पर फिल्म अक्षरधामका पोस्टर जारी किया और कैप्शन में लिखा, 'आतंक की एक शाम। बेमिसाल वीरता की एक रात। यहां अक्षरधाम ऑपरेशन वज्र शक्ति का पहला लुक है, एक ऐसी कहानी जिसे भारत कभी नहीं भूलेगा! ट्रेलर बुधवार को रिलीज होगा। देखते रहिए। 4 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।' फिल्म का यह पोस्टर फैंस को बेहद पसंद आ रहा है। वह इस पोस्टर पर लाल दिल वाले और फॉयर इमोजी बरसा रहे हैं।

लाइफ Style



# सारा

## जाओ हमारे गाने सुनो और कोरस में कहो- कमाल है

बॉलीवुड एक्ट्रेस सारा अली खान ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर अपनी कुछ खास तस्वीरें शेयर कीं। इस शानदार लुक के साथ सारा ने एक खास शायरी भी लिखी है। सारा की इस शायरी पर उनके भाई इब्राहिम ने एक प्यारा कमेंट शायरी स्टाइल में दिया है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

सारा अली खान ने इंस्टाग्राम पर अपनी शानदार तस्वीरें शेयर कीं। इस नए लुक में सारा ऑफ शोल्डर लाल जंप सूट में नजर आ रही हैं। फैंस को सारा का यह लुक बेहद पसंद आ रहा है। फैंस ने उनके इस लुक पर फायर और लाल दिल वाले इमोजी बरसाए हैं। सारा ने इन तस्वीरों के साथ कैप्शन में इस शानदार लुक के साथ एक शायरी लिखी। उन्होंने लिखा, 'लाल मेरे दिल का हाल है, आधा टाई आधा खुला मेरे बाल है, हाई हील्स में व्यस्त चाल है, लेकिन एल्बम लॉन्च के लिए तैयार रहना चाहिए क्योंकि वाह क्या सुर और ताल है।' सारा ने आगे लिखा, 'जाओ हमारे गाने सुनो और कोरस में कहो- कमाल है, कमाल है, कमाल है।' सारा की इस पोस्ट पर उनके भाई और एक्टर इब्राहिम अली खान ने भी शायरी में जवाब देते हुए सारा की तारीफ की है और साथ ही कहा कि तुम्हारी याद आती है बहन।' सारा की इस पोस्ट पर इब्राहिम अली खान ने कमेंट किया, 'तुम्हारी याद आती है बहन, तुम्हारे बिना लंदन कड़वा है, मैं यह सुनिश्चित करूंगा कि मैं तुम्हारे पास जल्दी वापस आऊं और फिर निश्चित रूप से हम अपनी कलह शुरू कर देंगे। शायरी लिखना शायद मेरे खून में है और क्या बोलूं मेरी बहन सब से अच्छी है।'

हॉलीवुड मसाला



## 24 वर्षों बाद एक साथ आए नजर

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड अभिनेता ब्रैड पिट की आगामी फिल्म 'एफ 1' का प्रीमियर लंदन में किया गया। इस दौरान कई दिग्गज सितारे शामिल हुए। हालांकि, यह प्रीमियर चर्चा का विषय तब बना, जब हॉलीवुड सुपरस्टार टॉम क्रूज शो में भाग लेने पहुंचे और दोनों अभिनेताओं को साथ में करीब 24 साल बाद देखा गया। दोनों को आखिरी बार साल 2001 में 'अमेरिकाः ए ट्रिब्यूट टू हीरोज' कॉन्सर्ट में देखा गया था। टॉम क्रूज ने अपने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें वो ब्रैड पिट के साथ नजर आ रहे हैं।




## जोनस ने खुद को बताया भाग्यशाली

**लॉस एंजिल्स।** निक जोनस अपनी पत्नी और एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा की तारीफ का कोई मौका नहीं छोड़ते हैं। वो अक्सर प्रियंका की तारीफ करते रहते हैं और उन्हें अपने लिए सबसे खास बताते रहते हैं। अब एक बार फिर निक जोनस ने पत्नी प्रियंका की तारीफ की है और खुद को लकी बताया है। निक जोनस ने अपने इंस्टाग्राम पर एक फोटो शेयर की है। इस फोटो में निक और प्रियंका एक साथ नजर आ रहे हैं। फोटो में निक एक चेयर पर बैठे हुए हैं और प्रियंका उनकी गोद में बैठी हुई हैं। इस तस्वीर को शेयर करते हुए निक ने जो कैप्शन लिखा है, उसने सबका ध्यान अपनी ओर खींचा है। निक ने इस तस्वीर को शेयर करते हुए कैप्शन में सिर्फ 'लकी मी' लिखा है। साथ में उन्होंने एक रेड हार्ट भी बनाया है।



## शुरू किया निकिता रॉय का प्रमोशन...

**मुंबई।** सोनाक्षी सिन्हा ने मंगलवार को सोशल मीडिया हैंडल पर अपनी शानदार तस्वीरें शेयर की हैं। एक्ट्रेस ने यह स्टाइलिश लुक अपनी आगामी फिल्म निकिता रॉय के लिए लिया है। सोनाक्षी ने इस बेहतरीन लुक के साथ एक खास नोट भी लिखा है। सोनाक्षी सिन्हा ने इंस्टाग्राम पर अपनी शानदार तस्वीरें शेयर कर फैंस को खुश कर दिया है। इस लुक के साथ सोनाक्षी ने कैप्शन में लिखा, 27 जून को सिनेमाघरों में मिलते हैं। एक फैन ने लिखा, सर्विंग लुक फीट. निकिता रॉय, एक और फैन ने लिखा, ग्लोइंग, एक और फैन ने लिखा, ग्लैमरस, एक और फैन ने लिखा, सुंदर, एक और फैन ने लिखा, बहुत सुन्दर लग रही है प्यारी सोना, एक और फैन ने लिखा, सोना फॉयर है'। हाल ही में सोनाक्षी सिन्हा ने अपनी शादी के एक साल पूरे होने का जश्न मनाया।



## सबके सामने कॉल पर माफी मांगते रहे

**मुंबई।** सिंगर अरिजीत के गाए गानों के कई लोग फैन है, लोग उनके म्यूजिक कॉन्सर्ट को भी एंज्वॉय करते हैं। अरिजीत के बॉलीवुड फिल्मों में गाए गाने भी खूब पॉपुलर होते हैं। हाल ही में एक इवेंट में देखा गया कि अरिजीत वीडियो कॉल पर हैं और वहां मौजूद लोगों से माफी मांग रहे हैं। सोमवार को फिल्म 'मेट्रो इन दिनों' फिल्म का म्यूजिक लॉन्च इवेंट था। इस फिल्म को दो गाने अरिजीत ने भी गाए हैं, जो इस वक्त सोशल मीडिया पर ट्रेंड कर रहे हैं। फिल्म के म्यूजिक लॉन्च इवेंट पर सभी मौजूद थे, बस अरिजीत नहीं आ पाए। ऐसे में म्यूजिक कंपोजर प्रीतम ने अरिजीत को वीडियो कॉल लगाया। वायरल वीडियो में अरिजीज कॉल पर अपने फैंस से माफी मांगते दिखते हैं, क्योंकि वह इवेंट में नहीं आए पाए। काफी देर तक प्रीतम और अरिजीत वीडियो कॉल पर बात करते हैं।

टीवी मसाला




## महारानी वेब सीरीज को मिल चुके हैं 10 से ज्यादा अवॉड्र्स

**नई दिल्ली।** 'पंचायत' सीरीज के सचिव जी, प्रहलाद चा और प्रधान जी के किरदार ने सभी को अपना दीवाना बना लिया। अब इसकी पॉपुलैरिटी की वजह से इसका चौथा सीजन कुछ दिनों में सबके बीच आने वाला है। हालांकि, एक और वेब सीरीज है, जिसकी कहानी ने सबका मन मोह लिया। इस सीरीज को 14 अवॉड्र्स और 33 नामांकन भी मिल चुके हैं। इस वेब सीरीज का नाम है 'महारानी', जिसके अभी तक तीन सीजन सोनी लिव पर आ चुके हैं। इसमें बॉलीवुड अभिनेत्री हुमा कुरैशी ने मुख्य भूमिका निभाई है। इसकी कहानी बिहार की पृष्ठभूमि पर आधारित है, जिसमें अभनेत्री ने रानी भारती का किरदार निभाया है और उन्हें राजनीति के लिए संघर्ष करते देखा जाता है। उनके किरदार ने दर्शकों और समीक्षकों को इस कदर प्रभावित किया कि इस सीरीज को कई अवॉर्डों से भी सम्मानित किया जा चुका है। हुमा कुरैशी अभिनीत 'महारानी' वेब सीरीज के तीन सीजन रिलीज हो चुके हैं। आईएमडीबी के मुताबिक इस सीरीज को 14 अवॉड्र्स और 33 नामांकन मिल चुके हैं। इसके लिए हुमा कुरैशी को आईटीए बेस्ट एक्ट्रेस (ड्रामा ओटीटी) का भी सम्मान मिल चुका है। वहीं, एक्ट्रेस को फिल्मफेयर क्रिटिक्स च्वाइस अवॉर्ड में भी बेस्ट एक्ट्रेस का खिताब मिला। इसके अलावा अभिनेत्री और उनकी सीरीज 'महारानी' को कई अवॉड्र्स के साथ-साथ कई बार नामांकित भी किया जा चुका है।

### सिनेमा का एक इंस्टीट्यूट है 'पंचायत'

**नई दिल्ली।** लोगों का इंतजार खत्म हुआ और साल का सबसे मच अवेटेड शो 'पंचायत सीजन 4' अब रिलीज हो चुका है। प्राइम वीडियो ने रात 12 बजे ही पंचायत के चौथे सीजन को स्ट्रीम कर दिया। अधिकांश लोग चौथे सीजन को देखने के बाद इसकी तारीफ कर रहे हैं। एक यूजर ने एक्स पर सीरीज का रिव्यू करते हुए शो में कलाकारों के अभिनय और कहानी की तारीफ की। साथ ही इस सीजन में जो लव स्टोरी एड की गई है, उसकी भी तारीफ हो रही है। हालांकि, यूजर ने शो के कुछ एक सीन को बोरिंग बताया है। एक यूजर ने तारीफ करते हुए लिखा, 'पंचायत सीजन 4 सिर्फ एक शो नहीं है, यह सिनेमा का एक इंस्टीट्यूट है। कहानी, स्क्रीनप्ले और इमोशन सब कुछ एकदम मास्टरक्लास है। यह आपको हंसाता है, रुलाता है, हर फ्रेम बोलता है। कुछ जीत खुशी नहीं लातीं, कुछ जीतें हार से ज्यादा दुख देती हैं। यह सच है, यही पंचायत है।'कई यूजर्स को चौथे सीजन में रिंकी और सचिव जी की आगे बढ़ती लव स्टोरी काफी पसंद आ रही है। फैंस इसकी तारीफ कर रहे हैं।



## वॉर 2 ने रिलीज से 51 दिन पहले बनाया रिकॉर्ड

**मुंबई।** ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर अपनी आने वाली फिल्म वॉर 2 से धमाका करने वाले हैं। हाल में फिल्म की पहली झलक सामने आई थी जिसे देखने के बाद फैंस फिल्म रिलीज के इंतजार में बैठे हैं। फिल्म में दो सुपरस्टार्स को एक साथ एक्शन करते देखना मजेदार होने वाला है। इस फिल्म को लेकर ऑडियंस में इतनी एक्साइटमेंट है कि मूवी टिकट बुकिंग प्लेटफार्म पर वॉर 2 को डेढ़ लाख से भी ज्यादा लाइक्स मिले हैं। मतलब इतने लोगों ने फिल्म रिलीज के 51 दिन पहले से फिल्म को देखने के लिए अपनी रुचि दिखाई है।

### दो बड़े स्टार एक साथ आएंगे नजर

ट्विटर पर एक फैन ने इस बात की जानकारी देते हुए लिखा, वॉर 2 पर डेढ़ लाख लोगों ने फिल्म देखने के लिए इंटरेस्ट दिखाया है। ये नतीजे फिल्म रिलीज के 51 दिन पहले के हैं। ये फिल्म थिएटर पर धमाका करने वाली है। वॉर 2 को लेकर ऑडियंस में उत्साह है। इस फिल्म में पहली बार दो इतने बड़े सुपरस्टार एक साथ नजर आएंगे। दोनों के बीच जबरदस्त एक्शन दिखने को मिलने वाला है। इसके अलावा एक डांस सीक्वेंस भी शूट किया गया है।



### बजट और फीस

फिल्म के बजट की बात करें इस फिल्म को 200 करोड़ में बनाया गया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक जूनियर एनटीआर ने अपनी फीस घटा कर सिर्फ 30 करोड़ में काम किया है। वहीं, सुपरस्टार ऋतिक रोशन ने 48 करोड़ की मोटी रकम ली है। कियारा अडवानी ने ये फिल्म 15 करोड़ में की है। फिल्म के डायरेक्टर अयान मुखर्जी ने 32 करोड़ लिए हैं। ये फिल्म 14 अगस्त को रिलीज हो रही है।

## सोनम ने 12 इंच लंबे बालों का किया दान



***मुंबई।*** *अभिनेत्री सोनम कपूर अक्सर सोशल मीडिया पर किसी ना किसी वजह से चर्चा में रहती हैं। इस बार एक्ट्रेस ने अपने बालों को कटवाया है और एक अनोखा कदम उठाते हुए उन बालों को दान किया, जिस कारण से नेटिजंस उनका बहुत मजाक उड़ा रहे हैं। इसके साथ ही आपको बताते चलें कि अभिनेत्री ने अपने लंबे बालों के लिए पिता अनिल कपूर का शुक्रिया अदा किया है। सोनम कपूर ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा किया, जिसमें उन्हें सैलून में अपने बालों को छोटा करवाते हुए देखा जा सकता है। वीडियो में उन्हें मुस्कुराते हुए देखा जा रहा है। इस पोस्ट को शेयर करते अभिनेत्री ने बताया, 'मैंने अपने 12 इंच बाल कटवाए हैं। शायद वीडियो में यह छोटा लगे, लेकिन यह सच में एक फुट लंबा है।' इसके साथ ही उन्होंने कैप्शन में लिखा, मैंने अपने बालों को 12 इंच छोटा करवाने और दान करने का निर्णय लिया है। इतने खूबसूरत जींस के लिए धन्यवाद अनिल कपूर। इस वीडियो के सामने आते ही नेटिजंस अभिनेत्री का खूब मजाक उड़ा रहे हैं। एक यूजर एक्ट्रेस का मजाक बनाते हुए कहते हैं, 'इतना बड़ा बलिदान, आप इतने सारे बाल कैसे दान कर सकती हैं। आप पहचान में नहीं आ रही हैं, यह कब वापस उगेंगे। हे भगवान इन बालों से पूरे गांव के लिए विग बनाई जा सकती है।' एक और यूजर ने उन पर कटाक्ष करते हुए बोला, 'लग रहा है जैसे उन्होंने अपने बेकार बालों को काट दिए और उन डैमेज बालों को दान में दे दिया । वाह क्या सोच है।' इसके अलावा एक अन्य यूजर ने कमेंट सेक्शन में गुस्से में लिखा कि ये 12 इंच नहीं, बल्कि छह इंच है। कुछ और यूजर्स ने अभिनेत्री के इस फैसले पर व्यंग्य किया है।*

### दो अलग-अलग धुरी पर खड़े लोगों के बीच हो जाती है मोहब्बत

## मेट्रो इन दिनों से लेकर बागबान तक में दिखा उम्रदराज जोड़े का प्यार

***नई दिल्ली।*** *'ना उम्र की सीमा हो, ना जन्म का हो बंधन, जब प्यार करे कोई तो देखे केवल मन'यह बॉलीवुड सॉन्ग प्यार के सच्चे अहसास को बयां करता है। बॉलीवुड में कई ऐसी फिल्में बनी हैं, जिनमें दो अलग-अलग धुरी पर खड़े लोगों के बीच मोहब्बत हो जाती है। यहां तक की उम्रदराज जोड़ियों की मोहब्बत पर भी बॉलीवुड में कई फिल्में बनी हैं। जल्द ही 'मेट्रो इन दिनों'में भी अनुपम खेर और नीना गुप्ता के किरदारों के बीच ऐसा ही रोमांस देखने को मिलेगा। इससे पहले भी कई फिल्मों में उम्रदराज जोड़ों के प्यार की कहानी को बड़ी खूबसूरती से बयां किया गया है।*



**लाइफ इन ए मेट्रो :** साल 2007 में फिल्म 'लाइफ इन ए मेट्रो' रिलीज हुई, फिल्म को अनुराग बसु ने ही निर्देशित किया था। फिल्म में अलग-अलग उम्र के लोगों की लव स्टोरीज दिखाई गई, इन्हीं में से एक लव स्टोरी धर्मेंद्र और नफीसा अली द्वारा निभाए गए किरदारों की थी। फिल्म में कई साल बाद एक जोड़ा मिलता है, अपने पुराने प्यार को अंजाम तक लेकर जाने की कोशिश करता था। इस फिल्म में धर्मेंद्र और नफीसा पर एक किसिंग सीन भी फिल्माया गया था।

**चीनी कम :** अमिताभ बच्चन और तब्बू की जोड़ी फिल्म 'चीनी कम (2007)' में नजर आई। आर बाल्की निर्देशित इस फिल्म में अमिताभ और तब्बू के किरदारों के बीच मैच्योर किस्म का प्यार देखना फैंस के लिए नया एक्सपीरियंस था।





**बागबान :** फिल्म 'बागबान (2003)' एक फैमिली ड्रामा फिल्म थी, मगर पति-पत्नी के रोल में नजर आए अमिताभ बच्चन और हेमा मालिनी का प्यार ही फिल्म की कहानी का केंद्र था। उम्रदराज जोड़ा जब किन्हीं वजहों से एक-दूसरे से दूर हो जाता है तो इनका दर्द दर्शकों से भी नहीं देखा जाता है। आखिर में दोनों मिलते हैं और फिल्म हैप्पी एंडिंग पर खत्म होती है।



**बधाई हो :** फिल्म 'बधाई हो (2018)' में आयुष्मान खुराना के माता-पिता के रोल में नीना गुप्ता और गजराज राव नजर आए। इस जोड़े के बीच भी रोमांस दिखाया गया। फिल्म की कहानी इनके रोमांस और वर्षों बाद होने वाले बच्चे पर थी। यह सिचुएशन फिल्म में कॉमेडी की वजह भी बनती है, लेकिन आखिरी में फिल्म दर्शकों को इमोशनल कर जाती है। इस फिल्म के डायरेक्टर अमित रविंद्रनाथ शर्मा थे।

***इन फिल्मों में भी दिखा मैच्योर लव :*** *रोहित शेट्टी निर्देशित गोलमाल 3 (2010) में भी रतना पाठक और मिथुन चक्रवर्ती के बीच एक मैच्योर लव स्टोरी देखने को मिली। साल 2005 में 'प्यार में ट्विस्ट' नाम की एक फिल्म रिलीज हुई, इसमें ऋषि कपूर और डिंपल कपाड़िया के किरदारों के बीच रोमांस दिखाया गया था। फिल्म को हृदय शेट्टी ने निर्देशित किया था।*



# माता परमेश्वरी देवी जी के निधन पर केंद्रीय गृह मंत्री शाह और भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा ने शोक जताया

## सिंधु भवन में शोक जताने पहुंचे हरियाणा, यूपी, राजस्थान के निवासी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु की माता परमेश्वरी देवी जी के निधन पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कैप्टन अभिमन्यु को भेजे शोक संदेश में ईश्वर से प्रार्थना की है कि दिवंगत परमेश्वरी देवी की आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें और परिवार को यह दुख सहने की शक्ति प्रदान करें। मंगलरवा को हरियाणा के कई जिलों, राजस्थान और यूपी से अधिकारियों, विधायकों, पूर्व मंत्रियों और गणमान्य लोगों का सिंधु भवन में पहुंचने तांता लगा रहा। लोगों ने माता परमेश्वरी देवी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और परिवार को ढांढस बंधाया।

स्मृति



## प्रदेश भर से पहुंचे शोक जताने



माता परमेश्वरी देवी जी के निधन पर शोक जताने के लिए पदमश्री महावीर गुड्डू, उद्योगपति जगमोहन मित्तल, उद्योगपति राजेंद्र बंसल, व्यापारी नेता बजरंग दास गर्ग, अग्रवाल वैश्य समाज अध्यक्ष अशोक बुवानीवाल, आईएएस पीके दास, संजीव कौशल, एसपी सोनीपत नरेंद्र कादयान, पूर्व डीजीपी महेंद्र सिंह मलिक, केके सिंधु आईएसपी रिटायर्ड, पूर्व विधायक बलराज कुंडू, पूर्व मंत्री कांता देवी, विधायक रेवाड़ी लक्ष्मण यादव, विधायक महेंद्रगढ़ कंवर सिंह यादव, विधायक उचाना देवेंद्र अत्री, विधायक अलवर बाबा बालकनाथ योगी, पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल, पूर्व विधायक यूपी जितेंद्र सिंह, पूर्व विधायक यूपी तेजेंद्र निरवाल, विधायक एनआईटी फरीदाबाद सतीश फागना, पूर्व विधायक बेरी चौधरी वीरेंद्र पाल, पूर्व विधायक राजस्थान नंद किशोर मेहरिया, विधायक डबवाली आदित्य चौटाला, पूर्व विधानसभा स्पीकर कुलदीप शर्मा, पूर्व प्रतिपक्ष नेता यूपी संजय लाठर, मुंडका विधायक गजेंद्र दराल, पूर्व विधायक टेकचंद शर्मा, भाजपा नेता यूपी मुनींद्रपाल, नगर निगम कमिश्नर डॉक्टर आनंद कुमार शर्मा, पूर्व सीएम के पूर्व ओएसडी भूपेश्वर दयाल, पूर्व ओएसडी सीएम जवाहर यादव, पूर्व ओएसडी सीएम डॉ योगेंद्र मलिक, नगर निगम मेयर हिसार प्रवीन पोपली, नगर परिषद चेयरमैन झज्जर कप्तान बिरधाना, भाजपा जिलाध्यक्ष हिसार अशोक सैनी, जिला प्रभारी गोहाना डॉ किरण कलकल, जिला अध्यक्ष महेंद्रगढ़ यतींद्र राव, जिलाध्यक्ष गोहाना विजेंद्र मलिक, पूर्व जिलाध्यक्ष महेंद्रगढ़ राकेश शर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष झज्जर विजेंद्र दलाल, पूर्व जिलाध्यक्ष झज्जर राजपाल जांगड़ा, पूर्व जिलाध्यक्ष सिरसा अमीचंद मेहता, प्रदेश सचिव भाजपा गार्गी गक्खड़, महाराज जसमेर महरौली दिल्ली, अहलावत चौरासी खाप प्रधान हरदीप अहलावत, भाजपा नेता अमन गोयल, पूर्व जिलाध्यक्ष पलपल जवाहर सरौत, त्रिक्षेत्रीय संगठन मंत्री संस्कार भारती विजय कुमार, जिला संघ चालक आरएसएस रोहतक देवेंद्र गोयल, नगर संघ संचालक सुरेश बंसल, विहप नेता तिलक राज जुनेजा, महेंद्र अग्रवाल, सुभाष आहुजा, भाजपा नेता मुकेश गौड व पंडित नरेन्द्र वत्स जिला प्रभारी फरीदाबाद शामिल रहे।

## नेताओं ने दी श्रद्धांजलि

- पूर्व केंद्रीय मंत्री सुभाष महरिया ने कहा कि माता परमेश्वरी देवी जी संस्कारशील महिला थीं। उनके द्वारा संजोए गए संस्कारों की छाप पूरे सिंधु परिवार में दिखाई दे रही है। जब पूरा देश राष्ट्र निर्माण में सिंधु परिवार के योगदान को देखता है, तो इसमें स्वर्गीय मित्रसेन सिंधु जी और स्वर्गीय माता परमेश्वरी देवी का अमूल्य योगदान है। उनका जाना समाज की अपूरणीय क्षति है।
- यूपी के मंत्री जसवंत सिंह सैनी ने कहा कि हम सभी के लिए माता परमेश्वरी देवी जी का जीवन प्रेरणा का स्रोत रहेगा। उन्होंने जीवन में अनुशासन, नैतिकता और समर्पण को महत्व दिया। ईश्वर उन्हें अपने श्री चरणों में स्थान दें और परिवार को यह दुख सहने की शक्ति प्रदान करे।
- पूर्व मंत्री अभय सिंह यादव ने कहा कि माता परमेश्वरी देवी जी का जीवन सादगी, सेवा और संस्कारों से भरपूर रहा। उन्होंने अपने परिवार को न केवल सामाजिक मूल्यों से जोड़े रखा बल्कि राष्ट्रसेवा की राह भी दिखाई। उनके आदर्श आज भी हमें जीवन में अनुशासन, ईमानदारी और सेवा की प्रेरणा देते हैं।
- पूर्व मंत्री सिमा त्रिखा ने कहा एक महिला के रूप में परमेश्वरी देवी जी ने अपनी भूमिका को पूरी गरिमा से निभाया। उन्होंने अपने परिवार को देश सेवा के लिए तैयार किया, यह उनकी सबसे बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने परिवार को ऐसे संस्कार दिए, जिसकी वजह से वह देश हित में कार्यरत हैं।
- पूर्व मंत्री कमलेश ढांडा ने कहा कि माता परमेश्वरी देवी जी ने अपने परिवार को ही नहीं, पूरे समाज को आदर्श दिए। उनका संयम, त्याग और समर्पण हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत रहेगा। स्वर्गीय मित्रसेन सिंधू जी और माता परमेश्वरी देवी के समाज के लिए किए गए कार्यों को हमेशा याद किया जाता रहेगा।
- महाराज राजेंद्र दास जी महाराज जटेला धाम ने कहा कि वे ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि उनके श्री चरणों में दिवंगत आत्मा को स्थान मिले। साथ ही ईश्वर परिवार को यह दुख सहने की शक्ति प्रदान करे।

# चीफ जस्टिस के नेतृत्व में गठित कमेटी के निर्णय पर अमल करेगी प्रदेश सरकार

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि ग्वालियर की घटना को लेकर हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस के नेतृत्व में गठित कमेटी जो निर्णय करेगी, सरकार उसका पालन करेगी। कांग्रेस ग्वालियर की घटना को लेकर जनता को भ्रमित कर रही है, उसकी वास्तविकता को देश और प्रदेश की जनता भलीभांति



जानती है और उनका यह आडंबर चलने वाला नहीं है। डॉ. यादव प्रदेश भाजपा कार्यालय में ग्वालियर में बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर प्रतिमा को लेकर विवाद पर प्रतिक्रिया दे रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने दिल्ली में बाबा साहेब का अंतिम संस्कार तक नहीं होने दिया था।

**बाबा साहेब के अपमान के लिए माफी मांगे कांग्रेसः** डॉ. यादव ने कहा कि ग्वालियर की घटना को लेकर जनता को भ्रमित करने वाली कांग्रेस को बताना चाहिए कि उसने महू स्थित बाबा साहेब की जन्मस्थली के विकास के लिए क्या किया था? कांग्रेस की सरकारों ने बाबा साहेब की दीक्षाभूमि की चिंता नहीं की। बाबा साहेब की पार्थिव देह को जिस विमान से मुंबई लाया गया था, उसका किराया भी कांग्रेस सरकार ने बाबा साहेब की पत्नी से मांगा था।

# जूनियर डॉक्टर्स की मांगें नहीं मानी तो होगा आंदोलन



- यूडीएफ का अल्टीमेटम, एसीएस हेल्थ को सौंपा ज्ञापन

**फरीदाबाद।** यूनाइटेड डॉक्टर्स फ्रंट (यूडीएफ) हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अमित व्यास एवं उपाध्यक्ष डॉ. शुभ प्रताप सोलंकी की अध्यक्षता में फरीदाबाद स्थित एसएबीवी-जीएमसी मेडिकल कॉलेज में कार्यरत जूनियर रेजिडेंट्स को महंगाई भत्ता न मिलने के विरोध में हरियाणा सरकार के अतिरिक्त मुख्य सचिव (स्वास्थ्य विभाग) सुधीर राजपाल को ज्ञापन पत्र सौंपा गया। यूडीएफ ने सरकार को अल्टीमेटम दिया कि जूनियर डॉक्टर्स की मांगें नहीं मानी तो गई तो आंदोलन किया जाएगा। डॉ अमित व्यास ने बताया कि राज्य सरकार की स्पष्ट नीति के बावजूद एसएबीवी-जीएमसी, फरीदाबाद के जूनियर रेजिडेंट्स को आज तक महंगाई भत्ता नहीं दिया गया है, जबकि पीजीआईएमएस रोहतक, बीपीएस खानपुर कलां जैसे अन्य सरकारी संस्थानों में यह नियमित रूप से दिया जा रहा है। यह असमानता न केवल आर्थिक अन्याय है, बल्कि कार्य के प्रति समर्पण को भी प्रभावित करती है।" जूनियर डॉक्टर्स विगत दो वर्षों से नियमित रूप से महंगाई भत्ते से वंचित हैं। कई बार इस विषय को कॉलेज प्रशासन और पंचकूला प्रशासन के समक्ष उठाया, परंतु हर बार हमें केवल आश्वासन ही मिले।

## पेज एक का शेष....

**किसित भारत' के संकल्प...**

को सुनना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री के मन की बात भी सुनें और लोगों के साथ मन की बात भी करें। कार्यशाला को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने पीएम मोदी के "मन की बात" कार्यक्रम को जनमानस से आत्मीय जुड़ाव का सशक्त माध्यम बताया। संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा, कार्यक्रम के प्रदेश संयोजक एवं प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया ने भी कार्यशाला को संबोधित किया। कार्यक्रम से पहले मुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष और संगठन मंत्री ने पौधारोपण भी किया। मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता कर्मठ और कर्तव्यनिष्ठ हैं। कार्यकर्ताओं की मेहनत और परिश्रम के कारण ही केंद्र और हरियाणा में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि कार्यकर्ता सभी बूथों पर 100 प्रतिशत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात को सुनना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि "मन की बात" कार्यक्रम राजनीति से ऊपर उठकर है। मन की बात कार्यक्रम के जरिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समाज व देश के लिए अच्छा काम करने वालों को प्रोत्साहित करते हैं। उन्होंने कहा कि पीएम के मन की बात कार्यक्रम को सुनने के बाद कार्यकर्ताओं में एक नई ऊर्जा का संचार होता है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के "मन की बात" कार्यक्रम केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि जनमानस से आत्मीय जुड़ाव का सशक्त माध्यम है।

**आतंकवाद के खिलाफ...**

मापदंडों को पूरी तरह से पीछे छोड़ने और संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा प्रतिबंधित आतंकी संगठनों (एल-ई-टी, जेईएम व उनके छद्म संगठनों) के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की आवश्यकता है। डोभाल ने एससीओ के भागीदार देशों से यह आह्वान भी किया कि सीमा पार आतंकवाद के गुनहगारों, आयोजकों और वित्तीय मददगारों की जवाबदेही सुनिश्चित की जानी चाहिए। इसे व्यापक रूप में पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई की मांग के रूप में देखा जाना चाहिए। भारत के एनएसए के मुताबिक, इन आतंकी संगठनों के ढांचे और उनसे जुड़े इकोसिस्टम को नष्ट किया जाना चाहिए। बताते चलें कि इस वर्ष चीन एससीओ के अध्यक्ष के रूप में जिम्मेदारी संभाल रहा है। बुधवार से समूह के रक्षा मंत्रियों की बैठक का सिलसिला शुरू होगा। जिसमें भारत का नेतृत्व रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह करेंगे। डोभाल ने संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रतिबंधित वैश्विक आतंकी संगठनों जैसे लश्करे तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद, अलकायदा और आईएसआईएस व उनके छद्म संगठनों के लगातार बने हुए खतरे के प्रति भारत की ओर से गहरी चिंता जताई।



आपातकाल

# जब लोकतंत्र पर ताला लगा और अन्याय ने तांडव किया



50वीं बरसी
किरण सिंहदेव

*इतिहास को भूल जाने वाले समाज अक्सर उसे दोहराने के लिए अभिशप्त हो जाते हैं। - जॉर्ज सैंटायाना*

25 जून, 1975. रात के अंधेरे में लोकतंत्र को बंदी बना लिया गया। एक हस्ताक्षर से संविधान की आत्मा को बंद दराज में डाल दिया गया।भारत ने आज़ादी के बाद पहली बार महसूस किया कि तानाशाही सिर्फ बंदूकें नहीं चलाती, वह क़ानून के पन्नों पर भी चल सकती है। 'जब संविधान मौन था, न्याय ने आँखें मूंद ली थीं और जनता की आवाज़ को जेल की सलाखों में कैद कर दिया गया था, वही था भारत में आपातकाल का दौर।' 25 जून 1975, भारतीय लोकतंत्र का वह दिन, जब प्रधान मंत्री इंदिरा गांधी ने संविधान की आत्मा को ठुकराते हुए आपातकाल लागू किया। उस एक रात में पूरे देश की अभिव्यक्ति, स्वतंत्रता और संवैधानिक अधिकारों को रोक दिया गया। लेकिन क्या आज, 50 साल बाद, हमने उस सबसे काले अध्याय से कुछ सीखा?

मौन संविधान, बंधी अदालतें, कैद जनता - उस रात राष्ट्रपति भवन में इमरजेंसी की फाइल पर दस्तखत होते ही एक पूरी पीढ़ी की आवाज़ बंद हो गई। लोकतंत्र के तीनों स्तंभ, विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका– सत्ता की छाया में समर्पण कर चुके थे।इंदिरा गांधी के चुनाव को जब इलाहाबाद हाई कोर्ट ने निरस्त किया, तो सत्ता की कुर्सी डगमगाई। लेकिन जनता के सवालों का जवाब देने के बजाय, सत्ता ने सवाल पूछने वालों को ही जेल में डाल दिया।

जब अदालत ने भी कहा- "मूल अधिकार नहीं बचे"25 जून की रात, आपातकाल की सिफारिश राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद ने उस वक्त की, जब मंत्रिपरिषद की नियमित बैठक तक नहीं हुई थी। यह पहला संवैधानिक धोखा था। लेकिन उसके बाद जो हुआ, वह उससे भी ज़्यादा खतरनाक था।इलाहाबाद हाईकोर्ट द्वारा इंदिरा गांधी का चुनाव रद्द किया जाना, और उसके बाद जेपी आंदोलन का उभार सत्ता के लिए खतरे की घंटी बन चुका था। लिहाजा, पूरे देश को 'अंदरूनी खतरे' के नाम पर बंदी बना लिया गया। सुप्रीम कोर्ट तक ने कह दिया "आपातकाल में यदि किसी को गोली भी मार दी जाए, तो कोर्ट मदद नहीं कर सकता।" इस एक वाक्य ने भारत के न्यायिक इतिहास को शर्मसार कर दिया।

प्रेस पर पहरा, लोकतंत्र पर ताले, जब कलम रो पड़ी और कागज़ चुप हो गया -'हिन्दुस्तान', 'इंडियन एक्सप्रेस', 'स्टेट्समैन' जैसे प्रतिष्ठित अखबारों के संपादक आदेशों की प्रतीक्षा में बैठे थे। क्या छापें, क्या न छापें? यह वह दौर था, जब पत्रकारिता को 'शासकीय प्रचार' में बदलने की कोशिश हुई।दैनिक अख़बारों के दफ़्तरों में रातों-रात आदेश पहुँचे। हर खबर, हर शीर्षक, सरकार की मंजूरी से ही छपेगा।कई अखबारों ने विरोध में कोरे संपादकीय कॉलम छापे। बीबीसी की रिपोर्टिंग पर रोक, विदेशी पत्रकारों की मान्यता रद्द, और आकाशवाणी–दूरदर्शन को सरकारी घोषणा पत्र में बदल देना। यह सब हमें याद दिलाता है कि प्रेस की स्वतंत्रता कितनी नाज़ुक और कितनी जरूरी होती है। जोकलम जनता की आवाज़ थी, वह सत्ता की तलवार बना दी गई।



**जन आंदोलन की गर्दन दबाई गई :** जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में चल रहे 'सम्पूर्ण क्रांति' आंदोलन को सत्ता ने आंतरिक षड्यंत्र बताकर कुचल डाला। संघ, जनसंघ, समाजवादी, किसान संगठनों, सभी को अपराधी ठहरा दिया गया। लोकतंत्र का अर्थ, बहुमत से चुनी सरकार भर नहीं होता, वह विरोध की जगह भी देता है। लेकिन आपातकाल ने विरोध को गुनाह बना दिया। उस दौरान 1 लाख से अधिक लोग बिना मुकदमे जेलों में ठूंसे गए। इनमें अटल बिहारी वाजपेयी, लाल कृष्ण आडवाणी, जय प्रकाश नारायण, नानाजी देशमुख जैसे नेता थे। जॉर्ज फर्नांडिस पर राजद्रोह का मुकदमा चला, हाथ में हथकड़ी लगी तस्वीर आज भी लोकतंत्र की बेड़ियों की गवाही देती है। आरएसएस और अन्य संगठनों पर प्रतिबंध लगाया गया। छात्र संगठनों को कुचला गया। असहमति की हर आवाज़ को राजद्रोह घोषित कर दिया गया।

**नसबंदी, उजाड़ और अमानवीय क्रूरता :** 'विकास' के नाम पर अत्याचार, संजय गांधी के पांच सूत्रीय कार्यक्रम ने विकास के नाम पर भय और दहशत को जन्म दिया। संजय गांधी का 'नया भारत' दरअसल नसबंदी का भयावह प्रयोग शाला बन चुका था। नसबंदी को अनिवार्य बना दिया गया, गरीबों को उठाकर शिविरों में भेजा गया, महिलाओं की गरिमा और पुरुषों की इच्छा, सबका बलिदान 'आंकड़ों' पर चढ़ा दिया गया। दर्जनों मौतें हुईं। लाखों की गरिमा रौंदी गई। दिल्ली में मुस्लिम बस्तियों को'सौंदर्यीकरण' के नाम पर तोड़ा गया, यह 'विकास' नहीं, वर्ग और समुदाय आधारित राजनीति थी।

**संविधान में सेंध:** जब संशोधनों के जरिए लोकतंत्र की नींव हिलाई गई - लोकतंत्र की जड़ों को संवैधानिक संशोधनों की आड़ में काटा जा रहा था।संसद को एक राजनीतिक हथियार की तरह इस्तेमाल करते हुए तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने 25 से अधिक संविधान संशोधन पारित कर दिए, जिनमें से कुछ ने लोकतंत्र के स्तंभों को बुरी तरह डगमगा दिया।

**39वां संशोधन:** न्यायपालिका के अधिकारों पर हमला - 10 अगस्त 1975 को पारित 39वें संशोधन का उद्देश्य साफ था, इलाहाबाद हाईकोर्ट के उस ऐतिहासिक फैसले को निष्प्रभावी बनाना, जिसमें प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के चुनाव को भ्रष्ट आचरण के चलते अवैध घोषित किया गया था। इस संशोधन के तहत प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और लोकसभा अध्यक्ष के चुनावों को न्यायिक समीक्षा से बाहर कर दिया गया। लोकतंत्र के लिए यह एक खतरनाक संकेत था कि सत्ताधारी खुद को कानून से ऊपर मानने लगे थे।

**42वां संशोधन:** 'मिनी संविधान' जिसने संतुलन बिगाड़ा - 1976 में लागू हुआ 42वां संशोधन भारतीय संविधान का सबसे बड़ा और विवादास्पद संशोधन रहा। इसे 'मिनी संविधान' कहा गया, और यह नाम यूं ही नहीं पड़ा। इस संशोधन में 59 अनुच्छेदों में परिवर्तन, 13 नए अनुच्छेदों की जोड़ और कई मौलिक अधिकारों की पुनर्परिभाषा की गई। इसके तीन सबसे गंभीर प्रभाव थे केन्द्र को असीमित अधिकार - संविधान की सातवीं अनुसूची में फेरबदल करके राज्यों की स्वायत्तता को कमजोर किया गया। न्यायपालिका की शक्तियों में कटौती -सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट की समीक्षा शक्तियों को सीमित कर दिया गया। मौलिक अधिकारों पर अंकुश-अनुच्छेद 31सी में बदलाव कर राज्य की नीति निर्देशक सिद्धांतों को सर्वोपरि बना दिया गया, जिससे नागरिकों के मौलिक अधिकारों को कमजोर किया जा सके।

इतना ही नहीं, संविधान की प्रस्तावना में 'सोशलिस्ट' और 'सेक्युलर' जैसे शब्दों को जोड़ा गया बिना किसी व्यापक बहस या सार्वजनिक संवाद के। इन संशोधनों का सामूहिक प्रभाव यह था कि संविधान की मूल आत्मा न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व लगभग निष्प्राण हो गई थी।कार्यपालिका सर्वोच्च बन चुकी थी, न्यायपालिका निर्बल और विपक्ष पूरी तरह कुचला हुआ। यह सब कुछ "देश की सुरक्षा" के नाम पर हुआ, एक ऐसा जुमला, जो हर लोकतंत्र में तानाशाही का सबसे आसान बहाना बनता है।


**और फिर जनता बोली :** जब 1977 में चुनाव हुआ, तो सत्ता को विश्वास था कि लोगों को कुछ याद नहीं। लेकिन जनता ने कहा हमें सब याद है। वोट की ताकत ने सत्ता का गुमान तोड़ा, और पहली बार देश में गैर-कांग्रेसी सरकार बनी। जनता ने दिखा दिया कि लोकतंत्र को सिर्फ एक वोट चाहिए होता है, सत्ता बदलने के लिए। जनता पार्टी की ऐतिहासिक जीत और इंदिरा गांधी की करारी हार यह इतिहास था, जो जनता ने लिखा। जनता पार्टी कीजीत सिर्फ चुनावी बदलाव नहीं था, वह भारत के लोकतंत्र की पुनः घोषणा थी।

**कांग्रेस की दोहरी नीति :** आज कांग्रेस 'संविधान बचाओ' और 'लोकतंत्र खतरे में है' जैसे नारे लगाती है, जबकि इतिहास गवाही देता है कि उसी कांग्रेस ने लोकतंत्र को सबसे पहले कुचला। जबडॉ. अंबेडकर जीवित थे, तब कांग्रेस ने उन्हें संसद से बाहर कर दिया, उनके विचारों को पाठ्य पुस्तकों से गायब किया।अब जब भाजपा डॉ. अंबेडकर को सम्मान देती है, संविधान दिवस मनाती है, तब कांग्रेस ढोंग पूर्ण नैतिकता का प्रदर्शन करती है।'जिन्होंने खुद संविधान को रौंदा, वे अब उसे बचाने का नाटक कर रहे हैं।'आपातकाल सिर्फ एक ऐतिहासिक घटना नहीं, बल्कि एक चेतावनी है कि संविधान को कागज़ पर नहीं, जन चेतना से बचाया जा सकता है।

क्या हमने कुछ सीखा? कांग्रेस आज भी उस आपातकाल के लिए माफी नहीं मांगती। उस दौर को "ज़रूरी" या "ऐतिहासिक" बताना, दरअसल उस अन्याय का समर्थन करना है। कांग्रेस आज भी उस दौर को 'अनिवार्य' कह कर सही ठहराने की कोशिश करती है। ना कोई औपचारिक माफी, न आत्मचिंतन, न ऐतिहासिक क्षमा। आज वही कांग्रेस संविधान की दुहाई देती है, जबकि उसी ने उसे कुचला था। 50 साल बाद, क्या हम सचमुच सीख पाए हैं? आपातकाल हमें यह सिखाता है, प्रेस, न्यायपालिका और विपक्ष की स्वतंत्रता लोकतंत्र की रीढ़ है।आज जब विपक्ष फिर से 'तानाशाही' और 'संविधान खतरे में' की भाषा बोलता है, तो उन्हें पहले अपने अतीत की तरफ देखना चाहिए। लोकतंत्र जनता से चलता है, न कि सत्ता की मर्जी से। 1975 का आपातकाल भारत की चेतावनी है।यह इतिहास नहीं, वर्तमान की सावधानी है। इसलिए जरूरी है कि हम 25 जून को याद रखें केवल एक तारीख नहीं, बल्कि लोकतंत्र के लिए दी गई सबसे बड़ी चेतावनी के रूप में।

*-प्रदेश अध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी, छत्तीसगढ़*

## मृत्युंजय मंत्र यानी मृत्यु पर विजय का मंत्र



संकलित
दर्शन

शिव का मृत्युंजय मंत्र वैदिक परंपरा में सबसे प्रतिष्ठित मंत्रों में से एक है। मृत्युंजय का अर्थ है मृत्यु पर विजय। आत्मा की कोई मृत्यु नहीं है। यह एक शरीर से दूसरे शरीर में जाती है। मृत्युंजय का अर्थ है क्षणभंगुर पर मन की विजय और शाश्वत की ओर बढ़ना। जब मन को यह एहसास होता है कि मैं शाश्वत हूं। मुझमें कुछ ऐसा है जो बदल नहीं रहा है। फिर कोई भय नहीं रहता। भय मृत्यु के लक्षणों में से एक है। जब आप भय पर विजय प्राप्त करेंगे, तब नाशवान के साथ पहचान की लघु मानसिकता पर विजय प्राप्त कर लेंगे और अविनाशी की ओर बढ़ेंगे। हम इन दोनों का मिश्रण हैं। हमारी आत्मा अविनाशी है और शरीर नाशवान है। अक्सर हमारा मन नाशवान से जुड़ा होता है और उसे लगता है कि वह मर रहा है। मृत्युंजय मंत्र हमारे मन को सीमित पहचान से असीमित पहचान की ओर ले जाता है। इसमें एक प्रार्थना है- शिव मुझे सबल बनाएं। उन्हें मुझे दृढ़ बनाने दो, वह मुझे बंधन से मुक्ति दिलाएं। आमतौर पर लोग पूछते हैं कि जीवन का उद्देश्य क्या है? सृजन का उद्देश्य क्या है? यह ब्रह्मांड किसी स्थान पर जाने की यात्रा नहीं है। सृष्टि का कोई उद्देश्य नहीं है। यह मात्र चेतना का एक खेल और प्रदर्शन है। जैसे नर्तक और नृत्य अलग नहीं हो सकते, वैसे ही सृष्टि और रचयिता दो अलग वस्तुएं नहीं हैं। इस सत्य को नटराज (शिव के रूपों में से एक) के रूप में दर्शाया गया था। नटराज स्वयं चेतना हैं, उनमें पांच तत्वों को दर्शाया गया है। चेतना का नृत्य संपूर्ण ब्रह्मांड है।

## बिना लड़ाई किए धैर्य से भी जीता जा सकता है



संकलित
प्रेरणा

महाभारत में युधिष्ठिर को चक्रवती सम्राट बनाने के लिए राजसूय यज्ञ किया गया था। इसके लिए सभी राजाओं पर जीत हासिल करनी थी। इस काम के लिए अर्जुन ने विजय यात्रा शुरू कर दी। जहां-जहां अर्जुन जा रहे थे, वहां के राजाओं को पराजित करते हुए आगे बढ़ रहे थे। जो राजा अर्जुन की सेवा स्वीकार कर रहे थे, अर्जुन उन पर कर लगाकर आगे बढ़ रहे थे। इस यात्रा के दौरान अर्जुन कुरु नाम के राज्य में पहुंचे। अर्जुन पहुंचे तो कुरु राज्य के द्वारपाल और लोगों ने अर्जुन से कहा कि आप इस नगर को युद्ध करके जीत नहीं सकते, क्योंकि जो व्यक्ति इस नगर में युद्ध के लिए प्रवेश करता है, उसकी मृत्यु हो जाती है। ऐसा इस राज्य को वरदान मिला हुआ है। अर्जुन ने सोच-विचार करके कहा कि ठीक है, मैं यहां युद्ध नहीं करूंगा। अर्जुन की बात सुनकर लोगों ने कहा कि युद्ध के अलावा अगर आपकी कोई इच्छा है तो वह पूरी हो सकती है। अर्जुन ने कहा कि मैं हमारे भाई युधिष्ठिर को चक्रवर्ती सम्राट बनाना चाहता हूं। मुझे आपसे युद्ध नहीं करना है। आप बस मुझे कर के रूप में थोड़ा सा धन दे दीजिए। ये धन लेकर मैं लौट जाऊंगा। लोगों ने अर्जुन की बात मानकर थोड़ा सा धन दे दिया। धन लेकर अर्जुन दूसरे राज्य की ओर बढ़ गए। अर्जुन ने संदेश दिया है कि हर शत्रु को युद्ध करके पराजित नहीं किया जा सकता है, कुछ शत्रुओं के सामने बुद्धि और धैर्य का उपयोग करना चाहिए। बुद्धि का उपयोग करते हुए भी शत्रुओं की हराया जा सकता है।

आपातकाल
नारायण चंदेल



## लोकतंत्र का काला अध्याय आपातकाल भूलाया नहीं जा सकता

आपातकाल भारतीय लोकतंत्र को कलंकित करने वाला एक ऐसा कालखंड जिसकी स्याह परछाई आज भी हमें एक ओर दहशत से भर देती है वहीं यह सता लोलुप अधिनायकवादी ताकतों से सचेत रहने संदेश भी देता है। आपातकाल एक ऐसी घटना थी, जिसमें सत्ता को बचाए रखने के लिए किए जाने वाले अनैतिक उपक्रम व अहंकार को जनमानस ने देखा और सहा, अपनी कुर्सी के लिए कैसे तत्कालीन इंदिरा सरकार ने जनता जनार्दन पर जिस बेरहमी से कहर बरपाया इसका दंश आज भी उस दौर की पीढ़ी को याद है, उन यातनाओं को भूलाया नहीं जा सकता। 21 महीने के उस कालखंड में तानाशाही सरकार ने प्रत्यक्ष रूप से जो किया, उसे यह राष्ट्र कभी विस्मृत नहीं कर सकता और किया भी नहीं जाना चाहिए उसे याद रखना ही आपातकाल पैदा करने वाली सोच से जागृत रहने का उपक्रम है।

25 जून 1975 के दिन इंदिरा गांधी ने देश को आपातकाल में झोंक दिया। इसके बाद आगामी 19 महीने सरकार और प्रशासन का सिर्फ एक ही कार्य था अत्याचार, अनाचार और भय पैदा करना, सामान्य जन के मूल अधिकार समाप्त कर दिए गए मीडिया और विपक्ष की आवाज़ पर प्रतिबंध लगा दिया गया। विपक्ष के बड़े और छोटे सभी नेता जेल में कैद कर दिए गए। पत्रकार अपनी बात नहीं कह सकते थे, यहां तक की फ़िल्म और गाने पर सेंशरशिप थी। न्यायपालिका से लेकर जनप्रतिनिधि तक हर कोई हमेशा आशंकित रहता था कि कब उसे जेल में डाल दिया जाए। खास बात यह है कि आपातकाल लगाने और उसे सही ठहराने वाले दिल्ली दरबार में लोकतंत्र का गला घोंटकर आनंदित हो रहे थे। आज 25 जून को आपातकाल की घोषणा को 50 वर्ष गुजर चुके हैं। लेकिन आज भी लोकतंत्र का यह कलंक स्वतन्त्र भारत के इतिहास का सबसे घृणित राजनीतिक घटना के रूप में याद की जाती है।

विपक्ष, मीडिया, नागरिक व सामाजिक संगठन के लोग सन 1975 के उस काले दिन को नहीं भूल सकते जब उस समय की प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने घोषणा की थी कि राष्ट्रपति ने देश में आपातकाल घोषित कर दिया है और इसी घोषणा के साथ देश को गैर-लोकतांत्रिक प्रताड़ना से भरी व्यवस्था में धकेल दिया था। जनता की स्वतंत्रता प्रतिबंधित थी, कुछ ही मिनटों में तत्कालीन केंद्र सरकार ने लगभग भारतीय संविधान को ही निरस्त कर दिया था, नागरिकों के मूल अधिकारों सहित सभी संवैधानिक अधिकार समाप्त कर दिए गए थे, एक झटके में लोकतंत्र से 'लोक' हटा कर 'तानाशाही' लिख दिया गया, जिस स्वतंत्रता के लिए असंख्य देशभक्तों ने अपना सर्वस्व बलिदान दिया, अमानवीय यातनाएं झेली, उस स्वतन्त्रता को इंदिरा गांधी ने पिंजरे में बंद कर दिया। हैरानी की बात यह है कि जिस संविधान की शपथ लेकर श्रीमती गांधी सत्ता पर आई, कुर्सी के लिए उसी संविधान को तिलांजलि दे दी। उन्हें मानवीय अधिकारों की भी परवाह नहीं थी।

आज जब भारत स्वतंत्रता के अमृत कालखंड में है तब हमें परिवारवाद, सियासी सामंतवाद से लबरेज ऐसी सोच से न सिर्फ सचेत रहना होगा बल्कि संविधान और लोकतंत्र के नाम पर झूठ की राजनीति करने वाले उन दलों से जागरूक रहना होगा जिन्होंने आज तक आपातकाल के लिए देश से माफ़ी मांगना तक उचित नहीं समझा।

*-लेखक छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल*

आपातकाल




## आज की पाती

### क्या यही है भारत की वास्तविकता?

अमेरिका के विदेश विभाग ने एडवाइजरी जारी करते हुए कहा है कि भारत में बढ़ते अपराध व विशेषकर बलात्कार की घटनाओं को देखते हुए अमेरिका की महिलाएं अकेले यात्रा न करें। वास्तव में देखा जाए तो यह खबर समूचे भारत के लिए शर्मसार करने के साथ चिंताजनक है। अमेरिका की नजर में भारत अपराधों व बलात्कारियों का देश है। अपराधी व बलात्कारी को कानून व सजा का कोई खौफ नहीं है। ऐसे प्रकरणों में गुनाहगार को समय–सीमा में कड़ी से कड़ी सजा नहीं मिलना भी अपराधियों के हौसले बुलंद करने वाला है। बढ़ते अपराध व बलात्कार के कारण देश का नाम व छवि खराब हो रही है। सोचने वाली बात है कि जिस देश में कन्याओं की पूजा की जाती है, उसी देश में कन्याएं व महिलाएं असुरक्षित क्यों हैं? *–विजय सक्सेना, दुर्ग*

आपातकाल
सच्चिदानंद उपासने



## आपातकाल... कभी नहीं भुलाया जाएगा!

हमारे देश के संविधान को पूरी तरह से कंबल में लपेटकर सभी लोकतांत्रिक संस्थाओं का गला घोंटकर सारी शक्ति अपने हाथ में लेने के इरादे से बनाया गया था। उस घटना को अब पचास साल होने को हैं। जैसे-जैसे सदियां खत्म हो रही है, उस घटना को कई लोग भूल रहे हैं, जबकि कुछ लोग जानबूझकर उसे गुमनामी के पर्दे के पीछे धकेलने का नेक प्रयास कर रहे हैं। लेकिन चूंकि वह घटना देश के इतिहास और लोकतंत्र के अस्तित्व के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, इसलिए इस बात का हमेशा ध्यान रखना जरूरी है कि उसे भुलाया न जाए।

25-26 जून 1975 की मध्यरात्रि को हमारी पीढ़ी का कोई भी राजनीतिक कार्यकर्ता, चाहे वह किसी भी विचारधारा का क्यों न हो, कभी नहीं भूलेगा। यह एक अभूतपूर्व अनुभव था। 1971-72 में गुजरात और बिहार में राजनीतिक भ्रष्टाचार के खिलाफ छात्रों का आंदोलन शुरू हुआ था। बहुत ही कम समय में वह आंदोलन 'नव निर्माण आंदोलन' के रूप में पूरे देश में फैल गया। लोकनायक जयप्रकाश जी के नेतृत्व में यह सिर्फ छात्रों का आंदोलन नहीं बल्कि एक जन आंदोलन बन गया। सत्तारूढ़ कांग्रेस के भ्रष्ट शासन के खिलाफ जनता का असंतोष चरम पर पहुंच गया था। मई 1975 के अंत में इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के चुनाव को अवैध घोषित कर दिया और उनकी संसद की सदस्यता रद्द कर दी। इसके कारण देश में जो राजनीतिक अस्थिरता पैदा हुई, वह कल्पना से परे थी। कोई भी भविष्यवाणी नहीं कर सकता था कि देश का राजनीतिक माहौल क्या करवट लेगा। ऐसे माहौल में 25 जून 1975 की मध्यरात्रि को श्रीमती इंदिरा गांधी ने ऑल इंडिया रेडियो के माध्यम से आपातकाल लगाने की घोषणा की। 'देश में आंतरिक शत्रुओं द्वारा अस्थिरता पैदा करने के कारण देश की सुरक्षा को खतरा उत्पन्न हो गया है, इसलिए राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद ने अपने विशेषाधिकारों का प्रयोग करते हुए आपातकाल की घोषणा की है।' उन्होंने विषय-वस्तु बताते हुए यह घोषणा की।

ऑल इंडिया रेडियो पर उनके बयान के प्रसारित होने से पहले ही देशभर में पुलिस बल बेहद सक्रिय हो गया था। विपक्ष के सभी बड़े-छोटे नेताओं के घरों के बाहर सुरक्षा व्यवस्था कर दी गई थी। यह सुरक्षा व्यवस्था जिलों के शहरों तक फैली हुई थी। कुछ अभूतपूर्व और भयानक घटने वाला था। सतर्क और जानकार नागरिकों को इसका आभास था। लेकिन कोई भी यह अनुमान नहीं लगा सकता था कि वास्तव में क्या होने वाला है। लेकिन, हाँ, अनिश्चितता और भ्रम ज्यादा देर तक नहीं रहा। श्रीमती गांधी के ऑल इंडिया रेडियो पर दिए गए बयान के तुरंत बाद, हर जगह राजनीतिक विरोधियों की गिरफ़्तारी शुरू हो गई। कुछ ही घंटों में, लाखों राजनीतिक नेताओं और कार्यकर्ताओं को सलाखों के पीछे बंद कर दिया गया। प्रेस पर शिकंजा कसा गया। सभी तरह के संचार बंद कर दिए गए। सिर्फ़ 48 घंटों में, पूरा देश जेल में तब्दील हो गया और आज़ाद भारत के इतिहास में एक काला अध्याय शुरू हो गया।

उन सभी घटनाओं को पचास वर्ष बीत होने को हैं। इसलिए नई पीढ़ी को उन काले दिनों और उस दौरान किए गए कुकृत्यों के बारे में बताना जरूरी है। क्योंकि जिस मानसिकता से आपातकाल लगाया गया था और देश में राजनीतिक दमन फैलाया गया था। वह पूर्ण अधिनायकवाद की मानसिकता कांग्रेस में फिर से मजबूत होने लगी है। जिस फासीवादी विचारधारा वाले लोगों ने श्रीमती इंदिरा गांधी को घेर रखा था और उन्हें गुमराह किया था और उनकी आड़ में अपनी लोकतंत्र विरोधी राजनीति को अंजाम दिया था, वही विचारधारा वाले लोग आज की कांग्रेस पर काबिज हो गए हैं। इसलिए यह ध्यान में रखना चाहिए कि पचास वर्ष पहले जो लोकतंत्र पर खतरा था, वह निकट भविष्य में भी हो सकता है।

## ट्रेंड

### स्थायी विकास की नींव



हम पारदर्शी, जवाबदेह और जन-केंद्रित शासन देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। आंध्र प्रदेश के लोगों के समर्थन से, हमने अतीत के नुकसान को कम करना शुरू कर दिया है और वास्तविक, स्थायी विकास की नींव रखी है।
-एन चंद्रबाबू नायडू, सीएम, आंध्र प्रदेश

### प्रगति की समीक्षा




'लहुरी काशी" गाजीपुर के विकास को आधुनिक अधोसंरचना, पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे, कृषि-निर्यात हब, औद्योगिक इकाइयों और गंगा तट पर्यटन से नई ऊर्जा मिल रही है। आज जनपद में संचालित विकास परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की।
-योगी आदित्यनाथ्य, सीएम, उप्र

### डिजिटल मतदाता सूची



महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री के अपने निर्वाचन क्षेत्र में, मतदाता सूची में केवल 5 महीनों में 8% की वृद्धि हुई। हम मशीन-पठनीय डिजिटल मतदाता सूची और सीसीटीवी फुटेज को तुरंत जारी करने की मांग करते हैं।
-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

### सुंदर वादियां



खुशनुमा मौसम के साथ प्रकृति की सुंदरता का करीब से दीदार करना चाहते हो तो सराज की जंजैहली घाटी अवश्य पधारें। इन दिनों यहां पर्यटकों की काफी आवाजाही बढ़ गई है। जंजैहली से अन्य सुंदर वादियों के लिए भी मार्ग जाते हैं।
-जयराम ठाकुर, पूर्व सीएम, हिमाचल प्रदेश

**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## इतिहास की एक अभूतपूर्व घटना को याद करने का साक्षी नारायण गुरु और महात्मा गांधी की मुलाकात को बताया प्रेरक

दो महानतम आध्यात्मिक और नैतिक नेताओं के शताब्दी समारोह में बोले पीएम मोदी

# भारतीयों का खून बहाने वालों को नहीं मिलेगा 'ठिकाना'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने भारत के दो महानतम आध्यात्मिक और नैतिक नेताओं श्री नारायण गुरु और महात्मा गांधी के बीच ऐतिहासिक बातचीत के शताब्दी समारोह के उद्घाटन कार्यक्रम में 'ऑपरेशन सिंदूर' का भी जिक्र किया। उन्होंने इस बात का भी उल्लेख किया कि कैसे भारत ने 22 मिनट में दुश्मनों को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया। दुनिया ने भारत का सामर्थ्य देखा। ऑपरेशन सिंदूर ने आतंकवाद के खिलाफ भारत की कठोर नीति को सामने ला दिया है। हमने दिखा दिया है कि भारतीयों का खून बहाने वालों के लिए कोई भी ठिकाना सुरक्षित नहीं है। आज का भारत देशहित में जो भी सही है उसके हिसाब से कदम उठाता है। आज ये परिसर देश के इतिहास की एक अभूतपूर्व घटना को याद करने का साक्षी बन रहा है। एक ऐसी ऐतिहासिक घटना, जिसने न सिर्फ हमारे स्वतंत्रता आंदोलन को नई दिशा दी, बल्कि स्वतंत्रता के उद्देश्य को नए मायने दिए। 100 साल पहले श्री नारायण गुरु और महात्मा गांधी की वो मुलाकात आज भी उतनी की प्रेरक है, उतनी ही प्रासंगिक है।

### विकसित भारत के सामूहिक लक्ष्य आज भी प्रासंगिक



पीएम मोदी ने कहा कि100 साल पहले वो मुलाकात, सामाजिक समरसता के लिए, विकसित भारत के सामूहिक लक्ष्यों के लिए आज भी ऊर्जा के स्रोत की तरह है। इस ऐतिहासिक अवसर पर मैं श्री नारायण गुरु को नमन करता हूं और महात्मा गांधी जी को भी अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं।

### सारी दुनिया देख रही मेरा लोगों के प्रति नाता-रिश्ता

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि श्री नारायण गुरु के आदर्श पूरी मानवता के लिए बहुत बड़ी पूंजी है। जो लोग देश और समाज की सेवा के संकल्प पर काम करते हैं श्री नारायण गुरु उनके लिए प्रकाश स्तंभ की तरह हैं। आप सभी जानते हैं कि समाज के शोषित, पीड़ित,वंचित वर्ग से मेरा क्या नाता है और इसलिए आज भी जब मैं समाज के शोषित, पीड़ित,वंचित वर्ग के लिए निर्णय लेता हूं तो मैं गुरु देव को जरूर याद करता हूं।

### 'वन अर्थ, वन हेल्थ' पर भी की बात

*पीएम मोदी ने कहा कि अभी हाल ही में हमने विश्व योग दिवस मनाया। इस बार योग दिवस की थीम थी- वन अर्थ, वन हेल्थ यानी एक धरती एक स्वास्थ्य। इससे पहले भी भारत ने विश्व कल्याण के लिए वन वर्ल्ड, वन हेल्थ जैसे पहल की है। आज भारत सस्टेनेबल डेवलपमेंट की दिशा में वन सन, वन वर्ल्ड, वन ग्रिड जैसे ग्लोबल मूवमेंट को लीड कर रहा है। 2023 में जब भारत ने जी 20 समिट को लीड किया था, तब थीम रखा था- ववन अर्थ, वन फैमिली, वन फ्यूचर। हमारे इन प्रयासों में वसुधैव कुटुंबकम की धारणा जुड़ी हुई है।*

## मध्य क्षेत्रीय परिषद की 25वीं बैठक ...




छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मंगलवार को वाराणसी में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में आयोजित मध्य क्षेत्रीय परिषद की 25वीं बैठक में भाग लिया। इस बैठक में उनके साथ उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड एवं मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री भी शामिल हुए।

## मजबूत डेटा गुणवत्ता के साथ डिजिटल शासन की आवश्यकता पर दिया जोर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सरकारी थिंक टैंक नीति आयोग ने मंगलवार को एक रिपोर्ट जारी की, जिसमें सरकारी प्रणालियों में डेटा गुणवत्ता ढांचे को मजबूत करने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला गया है। केवल इतना ही नहीं रिपोर्ट में चेतावनी दी गई कि खराब डेटा गुणवत्ता डिजिटल शासन, सार्वजनिक विश्वास और सेवा वितरण को कमजोर कर सकती है। इसके विमोचन के अवसर पर नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रह्मण्यम, सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के सचिव डॉ. सौरभ गर्ग और नीति आयोग की प्रतिष्ठित फेलो देबजानी घोष सहित वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों ने इस बारे में अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्रालयों, विभागों के वरिष्ठ अधिकारी, डोमेन विशेषज्ञ, नीति आयोग के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे। इस संबंध में नीति आयोग ने एक बयान में कहा कि आयोग ने अपनी तिमाही अंतर्दृष्टि श्रृंखला फ्यूचर फ्रंट का तीसरा संस्करण जारी किया है।

**इसका शीर्षक है-भारत की डेटा अनिवार्यता:** गुणवत्ता पर बल।ये रिपोर्ट डिजिटल शासन को मजबूत करने, जनता का विश्वास बढ़ाने और कुशल सेवा वितरण सुनिश्चित करने के दृष्टिकोण से मजबूत डेटा गुणवत्ता की तत्काल आवश्यकता को रेखांकित करती है।

## हिंदी तो दिखावा केंद्र ने संस्कृत को दिया सबसे ज्यादा फंड



**नई दिल्ली।** भारत में भाषा को लेकर सियासत एक बार फिर गरमा गई है। तमिलनाडु के सीएम एम. के. स्टालिन ने केंद्र सरकार पर बड़ा आरोप लगाते हुए कहा है कि हिंदी केवल दिखावे के लिए है, असली एजेंडा संस्कृत को देश पर थोपने का है। एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि केंद्र ने पिछले दस वर्षों में संस्कृत के प्रचार-प्रसार पर हजारों करोड़ रुपए खर्च किए हैं, जबकि तमिल, तेलुगू, कन्नड़, मलयालम और ओडिया जैसी अन्य शास्त्रीय भाषाओं को नाम मात्र का फंड मिला है।

## आर्मी लिखे ट्रक से 3 करोड़ का गांजा जब्त



**मऊ।** एसटीएफ और शहर कोतवाली की संयुक्त टीम ने ट्रक से 3.12 करोड़ कीमत का 12.50 क्विंटल गांजा तालिमुद्दीन इंटर कॉलेज के पास से पकड़ा है। एसटीएफ को सूचना मिली कि तस्करी करने की योजना है। मऊ पुलिस के साथ एसटीएफ ने तालीमुद्दीन इंटर कॉलेज के पास ट्रक को पकड़ लिया।

## अब तक एफआईआर क्यों नहीं की? जजों के लिए भी बने आचार संहिता

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली स्थित अपने सरकारी आवास पर भारी मात्रा में अधजली नकदी मिलने के मामले में फंसे हाई कोर्ट के जज जस्टिस यशवंत वर्मा का मामला संसद की स्थायी समिति की बैठक में भी उठा। सदस्यों ने पूछा कि एफआईआर क्यों नहीं दर्ज की गई? सदस्यों ने वीरस्वामी मामले की समीक्षा का सुझाव दिया। इसके अलावा समिति ने जजों के लिए आचार संहिता बनाने और सेवानिवृत्ति के बाद कोई पद लेने के लिए कूलिंग-ऑफ अवधि के बारे में भी सुझाव दिया। संसद की कार्मिक, लोक शिकायत, विधि एवं न्याय संबंधी स्थायी समिति ने इस पर चर्चा की। राज्यसभा की इस समिति के अध्यक्ष भाजपा सांसद बृजलाल हैं और पूर्व मुख्य न्यायाधीश रंजन गोगोई (जो मनोनीत सांसद हैं), पूर्व कानून राज्य मंत्री पीपी चौधरी, टीएमसी सांसद सुखेंदु शेखर राय और कल्याण बनर्जी, कांग्रेस के विवेक तन्खा और द्रमुक के पी विल्सन तथा ए राजा प्रमुख सदस्य हैं।

### जस्टिस वर्मा पर महाभियोग की तैयारी

जस्टिस वर्मा पर महाभियोग चलाए जाने की संभावना है। वहीं विपक्ष इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश जस्टिस शेखर यादव के खिलाफ भी इसी तरह की कार्रवाई के लिए पहले ही नोटिस दे चुका है। जस्टिस वर्मा को उनकी मूल अदालत इलाहाबाद उच्च न्यायालय में वापस भेज दिया गया था। हालांकि,उन्होंने अपने खिलाफ लगे आरोपों से इनकार किया है।

## 15 लाख के नकली नोट छापे, 3 गिरफ्तार

**शाहजहांपुर।** यहां के चौक कोतवाली क्षेत्र में पुलिस ने सोमवार को नकली नोट बनाने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया। इस गिरोह का मास्टरमाइंड पैथोलॉजिस्ट डॉ. नफीस अहमद है। वह पूरा सेटअप लेकर कार से शाहजहांपुर में रहने आ रहा था। पुलिस ने 3 को गिरफ्तार कर लिया। 4.61 लाख नकली मिली।



## साउथ एक्टर कोकेन खरीदने में पकड़ा गया

**चेन्नई।** तमिल और तेलुगू सिनेमा के जाने-माने एक्टर श्रीकांत को सोमवार को चेन्नई पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया, जिन्हें श्रीराम के नाम से भी जाना जाता है। अभिनेता को ड्रग्स केस में गिरफ्तार किया गया है और अब उन्हें 7 जुलाई तक के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस ने लंबी पूछताछ की, जिसके बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।



## ऑपरेशन सिंदूर में शामिल होने से उसे किसी तरह के प्रतिरोध का 'अधिकार' नहीं मिलता

- सुप्रीम कोर्ट ने लगा दी हत्या के आरोपी ब्लैक कैट कमांडो की क्लास

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



पत्नी की हत्या के आरोपी ब्लैक कैट कमांडो ने सुप्रीम कोर्ट में कहा कि वह पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर में शामिल था। इसके बावजूद सुप्रीम कोर्ट ने उसे किसी भी तरह की छूट देने से इनकार कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में शामिल होने से उसे किसी तरह के प्रतिरोध का अधिकार नहीं मिलता है। कोर्ट एक स्पेशल लीव पिटिशन पर सुनवाई कर रहा था। कमांडो ने सुप्रीम कोर्ट से पुलिस के सामने आत्मसमर्पण करने से छूट मांगी थी। जस्टिस उज्जल भुयान ने कहा कि ब्लैक कैट कमांडो होने से आपको छूट नहीं मिलेगा। आप इतने फिट हैं कि पत्नी का अकेले ही गला घोंट सकते हैं। जिस तरह से आरोपी पर गला घोंटकर हत्या करने का आरोपा है, उसे छूट नहीं दी जा सकती। जस्टिस विनोद चंद्रन ने कहा कि हाई कोर्ट भी कामांडो को किसी तरह की छूट देने से इनकार कर चुका है।

**कमांडो पर पत्नी की हत्या का मामला दर्ज :** कमांडो पर पत्नी की हत्या करने के लिए धारा 304बी के तहत केस दर्ज किया गया है। आरोपी पर दहेज के लिए हत्या करने का आरोप है। कमांडो के वकील ने कहा कि उसके खिलाफ आरोप मृतक पत्नी के ही दो करीबियों ने लगाए हैं। उनका कहना है कि केवल मोटरसाइकल के लिए गला घोंटकर हत्या कर दी गई। वकील ने कहा कि गवाह भी बहुत अविश्वसनीय हैं। फिलहाल कोर्ट ने आरोपी को राहत देने से इनकार कर दिया है। वहीं सुप्रीम कोर्ट ने स्पेशल लीव पिटिशन को लेकर अभिजोयन पक्ष से जवाब मांगा है।



# नीतिगत ब्याज दर में कटौती पर ट्रंप के रुख से पॉवेल असहमत

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

अमेरिकी फेडरल रिजर्व के प्रमुख जेरोम पॉवेल ने मंगलवार को कहा कि नीतिगत ब्याज दर में कटौती के लिए केंद्रीय बैंक अर्थव्यवस्था की वृद्धि का इंतजार करना जारी रखेगा। पॉवेल का यह बयान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तरफ से ब्याज दर में तत्काल कटौती किए जाने की मांग के संदर्भ में आया है। पॉवेल ने सदन की वित्तीय सेवा समिति के समक्ष रखने के लिए तैयार अपनी टिप्पणियों में कहा, /"फिलहाल हमें अपने नीतिगत रुख में किसी भी समायोजन पर विचार करने से पहले अर्थव्यवस्था के संभावित मार्ग के बारे में अधिक जानने के लिए इंतजार करना होगा।/"

## ट्रंप लगातार फेड पर नीतिगत दर कम करने का दबाव डाल रहे

### पॉवेल को संसद से जुड़ी पूछताछ का सामना करना पड़ रहा

पॉवेल को अमेरिकी संसद से जुड़ी सघन पूछताछ का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि राष्ट्रपति ट्रंप लगातार फेडरल रिजर्व से कर्ज की लागत को कम करने का आग्रह कर रहे हैं। हालांकि पॉवेल को अक्सर केंद्रीय बैंक पर नजर रखने वाली संसदीय समितियों से सकारात्मक रुझान देखने को मिलता रहा है लेकिन ट्रंप के लगातार हमलों के कारण कांग्रेस में उनका समर्थन इस बार कुछ कम हो सकता है।



### पॉवेल पिछली बार फरवरी में कांग्रेस के समक्ष हुए थे पेश

*ट्रंप ने मंगलवार सुबह अपनी सोशल मीडिया साइट पर एक बार फिर नाराजगी जताते हुए कहा, 'मुझे उम्मीद है कि कांग्रेस वास्तव में इस बहुत ही गूंगे, जिद्दी व्यक्ति को हटाएगी। हम आने वाले कई सालों तक उनकी अक्षमता का भुगतान करेंगे।' पिछली बार पॉवेल फरवरी में कांग्रेस के समक्ष पेश हुए थे।*

### खर्च को बढ़ावा देने दरों में हो सकती है कटौती

फेडरल रिजर्व की 19-सदस्यीय ब्याज दर-निर्धारण समिति यह तय करती है कि कर्ज लेने की लागत में कटौती या वृद्धि की जाए। समिति आमतौर पर मुद्रास्फीति से निपटने के लिए दरों में वृद्धि करती है जबकि अर्थव्यवस्था कमजोर होने पर उधार लेने और खर्च को बढ़ावा देने के लिए दरों में कटौती होती है। अमेरिकी केंद्रीय बैंक की समिति ने पिछले सप्ताह सर्वसम्मति से अपनी प्रमुख दर को अपरिवर्तित रखने के लिए मतदान किया था। हालांकि फेडरल रिजर्व ने भविष्य में दर कटौती का पूर्वानुमान भी जारी किया था।

## खबर संक्षेप

### भारत 'टैरिफ किंग' नहीं, प्रभावी दर बहुत कम : सीतारमण

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को इस आरोप को खारिज कर दिया कि भारत 'टैरिफ किंग' (अत्यधिक शुल्क लगाने वाला देश) है। उन्होंने कहा कि उनके ताजा बजट में शुल्क दरों की संख्या घटाकर आठ कर दी गई है और प्रभावी दर बहुत कम है। वित्त मंत्री ने कहा, ''जो लोग अब भी अमेरिका में की गई टिप्पणी पर भरोसा करते हैं । कि भारत 'टैरिफ किंग' हो सकता है... मैं चाहती हूं कि वे दो बातें याद रखें। हमारी शासन व्यवस्था को देखते हुए हमें शुल्क दर पर निर्णय लेने के लिए संसद की मंजूरी चाहिए... एक निश्चित स्तर तक जाने की अनुमति, लेकिन प्रभावी रूप से हमारी दरें बहुत निचले स्तर पर हैं।'' अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बार-बार भारत को बहुत अधिक शुल्क वाला देश बताया है। ट्रंप ने भारत को ''टैरिफ किंग'' और शुल्क व्यवस्था का ''बड़ा दुरुपयोग करने वाला'' कहा था। वित्त मंत्री ने कहा कि घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने और निर्यात बढ़ाने के लिए 2025-26 के बजट में शुल्क दरों की संख्या घटाकर आठ कर दी गई।

### कोलगेट पामोलिव भारत में और ब्रांड करेगी पेश

**नई दिल्ली।** रोजमर्रा की जरूरत का सामान बनाने वाली प्रमुख कंपनी कोलगेट-पामोलिव (इंडिया) भारत में पैठ बढ़ाने के लिए अपने वैश्विक उत्पादों से और ब्रांड पेश करने की योजना बना रही है। कंपनी के प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) प्रभा नरसिम्हन ने यह जानकारी दी। फिलहाल कंपनी की देश में दो ब्रांड - कोलगेट और पामोलिव के साथ मौजूदगी है और वह अपना पोर्टफोलियो बढ़ाने के लिए मूल कंपनी के साथ सक्रिय रूप से बातचीत कर रही है। नरसिम्हन ने बताया, 'हम इस बात को लेकर बहुत उत्साहित हैं । कि भारत में अपने मौजूदा ब्रांड और पोर्टफोलियो को बढ़ाने के लिए क्या कर सकते हैं।

## सिंधिया ब्रॉडबैंड इंडिया फोरम के कार्यक्रम में बोल रहे थे

# दो कंपनियों का वर्चस्व अच्छी बात नहीं हर क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा होनी चाहिए: सिंधिया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मंगलवार को कहा कि किसी भी क्षेत्र में दो कंपनियों का वर्चस्व अच्छी बात नहीं है और हर क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा होनी चाहिए। 'ब्रॉडबैंड इंडिया फोरम' के एक कार्यक्रम में मंत्री ने कहा कि देश में इंटरनेट सेवा प्रदाताओं के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा है और सरकार 15 अगस्त से पहले छह गीगाहर्ट्ज स्पेक्ट्रम को लाइसेंस मुक्त करने के नियम जारी करेगी।

- देश में इंटरनेट सेवा प्रदाताओं के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा है

इसका इस्तेमाल वाई-फाई सेवाओं और डिजिटल विभाजन को पाटने के लिए किया जाएगा। सिंधिया ने कहा, '' हमारा काम यथासंभव अधिक से अधिक अवसर उपलब्ध कराना है और प्रत्येक क्षेत्र में कड़ी प्रतिस्पर्धा संभव कराना है। एक या दो कंपनियों का वर्चस्व ठीक नहीं है।''

- 15 अगस्त से पहले छह गीगाहर्ट्ज स्पेक्ट्रम लाइसेंस मुक्त होगा
- इस्तेमाल वाई-फाई सेवाओं और डिजिटल विभाजन को होगा



**दूरसंचार क्षेत्र में द्वैधाधिकार है:** इससे पहले, कार्यक्रम में भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) के पूर्व चेयरमैन आर. एस. शर्मा ने कहा कि दूरसंचार क्षेत्र में भी द्वैधाधिकार है और केवल दो सक्रिय सेवा प्रदाता हैं तथा उपभोक्ताओं को किफायती दरों पर ब्रॉडबैंड पहुंच उपलब्ध कराने के लिए और अधिक विकल्प उपलब्ध कराने की जरूरत है।

### वोडाफोन आइडिया के अस्तित्व को लेकर आशंका

भारतीय दूरसंचार क्षेत्र पर वर्तमान में भारती एयरटेल और रिलायंस जियो का प्रभुत्व है जो सक्रिय रूप से 4जी और 5जी सेवाएं प्रदान कर रही हैं। कर्ज में डूबी वोडाफोन आइडिया ने उच्चतम न्यायालय में दाखिल याचिका में अपने अस्तित्व को लेकर आशंका जाहिर की है। सरकारी दूरसंचार कंपनी बीएसएनएल ने अभी तक अखिल भारतीय स्तर पर 4जी और 5जी सेवाएं शुरू नहीं की हैं।

### जल्द उपग्रह सेवाएं होंगी उपलब्ध

सिंधिया ने कहा कि देश में ब्रॉडबैंड, वाईफाई के लिए फाइबर प्रौद्योगिकी है और जल्द ही उपग्रह सेवाएं भी उपलब्ध होंगी। मंत्री ने कहा, '' हमें हर क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा करनी होगी।'' उन्होंने कहा कि उपग्रह संचार सेवाओं के लिए जल्द ही प्रशासनिक आधार पर उपग्रह कंपनियों को स्पेक्ट्रम आवंटित किया जाएगा।

### स्पेक्ट्रम के आवंटन के समयसीमा का खुलासा नहीं


केंद्रीय दूरसंचार मंत्री ने हालांकि उपग्रह संचार सेवाओं के लिए स्पेक्ट्रम आवंटन की समयसीमा का खुलासा नहीं किया। सिंधिया ने कहा कि दूरसंचार अर्थशास्त्र में 'मूरे के नियम' को लागू किया जाना चाहिए, साथ ही यह भी कि मात्रा बढ़ने पर कीमतों में गिरावट आनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार कंपनी या प्रौद्योगिकी से अनभिज्ञ है और उसका काम ग्राहक-केंद्रित होना है।

### आर्थिक क्षेत्र में मूरे का नियम लागू हो

मंत्री ने कहा, '' हमारी जिम्मेदारी हमारे देश के 1.4 अरब भाइयों तथा बहनों के प्रति है। हमारा काम उन्हें हर अवसर प्रदान करना है। हमारा काम उन्हें हर प्रौद्योगिकी प्रदान करना है। हमारा काम यह सुनिश्चित करना है कि आर्थिक क्षेत्र में 'मूरे का नियम' लागू हो। यानी जैसे-जैसे मात्रा बढ़ती है, कीमतें गिरती हैं।''

### मोबाइल डेटा की कीमत नौ रुपए घटकर प्रति जीबी

सिंधिया ने कहा कि पहले एक जीबी मोबाइल डेटा की कीमत 287 रुपये थी जो अब घटकर नौ रुपये प्रति जीबी हो गई है जो लगभग 11 सेंट के बराबर है जबकि विश्व में प्रति जीबी औसत लागत 2.49 अमेरिकी डॉलर है। मंत्री ने कहा, 'भारत विश्व की लागत के पांच प्रतिशत पर परिचालन करता है। यह प्रौद्योगिकी का लोकतंत्रीकरण है। हम (फोन कॉल के लिए) 16 रुपये प्रति मिनट लेते थे। 10 वर्ष पहले हमसे 50 पैसे प्रति मिनट लिया जाता था। आज हमसे 0.03 पैसे प्रति मिनट लिया जाता है। मैं इसे सेंट में भी नहीं बदल सकता।'





**नई दिल्ली।** राजेश विज्ञान भवन में आयोजित समारोह में राजेश कुमार द्विवेदी को उत्कृष्ट उत्कृष्ट कार्य निष्पादन कर्ता अवार्ड के सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें भृतहरि महताब, माननीय सांसद और वित्त की स्टैंडिंग कमेटी के अध्यक्ष के करकमलों से प्रदान किया गया।


## निविदा आमंत्रण सूचना (खाद्य सामग्री / मैश सुविधा)

जिला रेवाड़ी में आवासीय तलवारबाजी खेल अकादमी, राव तुलाराम स्टेडियम, रेवाड़ी के खिलाड़ियों को खाना देने के लिए रेट्स निर्धारित करने के लिए संबंधित फर्मों से दिनांक 23.06.2025 को 15:00 बजे से 30.06.2025 को 10.00 बजे तक etenders.hry.nic.in पर खाद्य सामग्री / मैश सुविधा के लिए निविदाएँ आमत्रिंत की जाती हैं। इच्छुक फर्म उक्त तिथि अनुसार निविदाएं भर सकती हैं व दिनांक 30.06.2025 को 11.00 बजे निविदाएं खोली जायेंगी, जिसके लिए डॉकोमेंट फीस 1000/- रूपये तथा प्रोसैसिंग फीस 1180/- रूपये होगी। टैण्डर की ई.एम.डी. 5000/- रूपये होगी।

हस्ता/-
जिला खेल अधिकारी, रेवाड़ी।



## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 सीआरपीसी देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **1. सुनील** पुत्र **राजेश** निवासी **म.नं. 198/3, खसरा नं. 3/17, ए–ब्लॉक, नथूपूरा, दिल्ली 2. सुशील उर्फ दीपक पुत्र रामदास निवासी गली नं. 15,. प्रताप नगर, किकर चौक के पास, सबौली गांव, दिल्ली** ने case **FIR No. 85/2019 U/s 379/356/411/34 IPC, थाना बुराड़ी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है उन्होनें किया है) और उन पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त **1. सुनील 2. सुशील उर्फ दीपक** मिल नहीं रहे है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **1. सुनील 2. सुशील उर्फ दीपक** फरार हो गये है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहे है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है case **FIR No. 85/2019 U/s 379/356/411/34 IPC, थाना बुराड़ी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **1. सुनील 2. सुशील उर्फ दीपक** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 19.08.2025** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
सुश्री पायल सिंघल
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–09
केन्द्रीय जिला, कमरा नं. 286, द्वितीय तल
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/8191/N/2025(Court Matter)


### राष्ट्रीय हरित अधिकरण ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2025 का किया सफलतापूर्ण आयोजन

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) द्वारा दिनांक 21 जून 2025 को सुबह नई दिल्ली स्थित प्रधान न्यायपीठ में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2025 के अवसर पर विशेष योग सत्र आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व एनजीटी के अध्यक्ष माननीय न्यायमूर्ति श्री प्रकाश श्रीवास्तव द्वारा अधिकरण के अन्य सम्मानित सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति में किया गयायह आयोजन इस वर्ष के योग दिवस के वैश्विक विषय - एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग के अनुरूप किया गया, जिसमें आंतरिक कल्याण को बढ़ावा देने और समाज में सामूहिक सद्भाव को बढ़ावा देने में योग की भूमिका पर बल दिया गया। अपने संबोधन में माननीय न्यायमूर्ति श्रीवास्तव ने शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य दोनों के लिए योग के समग्र लाभों पर बात की।



### सोना 900 रुपए टूटा चांदी भी कमजोर

**नई दिल्ली।** ईरान और इजरायल के बीच युद्धविराम की उम्मीदों से वैश्विक बाजार में कीमती धातु की सुरक्षित पनाहगाह के रूप में अपील कम होने से मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमत 900 रुपये गिरकर 98,900 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गई।अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत पिछले कारोबारी सत्र में 99,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 800 रुपये टूटकर 98,300 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गया। सोमवार को यह 99,100 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। अबन्स फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) चिंतन मेहता ने कहा, ''अमेरिका द्वारा ईरान और इजरायल के बीच पूर्ण युद्धविराम की पुष्टि के बाद सुरक्षित-निवेश के विकल्प के रूप में मांग में कमी आने से सोना दबाव में है। यह घोषणा ईरान द्वारा कतर में अमेरिकी सैन्य अड्डे पर हमला करने के कुछ समय बाद की गई, जिससे तनाव कुछ समय के लिए बढ़ गया, लेकिन फिर जल्दी ही शांत हो गया।मेहता ने कहा, ''आगे तनाव बढ़ने की आशंका कम होने के साथ, निवेशक मुनाफावसूली कर रहे हैं और सोने से हाथ खींच रहे हैं। मंगलवार को चांदी की कीमतें भी 1,000 रुपये घटकर 1,04,200 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रह गईं।

### ग्लोब सिविल को पहले दिन मिला 6.96 गुना अभिदान

नई दिल्ली। सिविल निर्माण और बुनियादी ढांचा विकास कंपनी ग्लोब सिविल प्रोजेक्ट्स के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को मंगलवार को बोली के पहले दिन 6.96 गुना अभिदान मिला। एनएसई के आंकड़ों के अनुसार, 119 करोड़ रुपये के आईपीओ में 1,17,32,392 शेयरों की पेशकश के मुकाबले 8,16,76,623 शेयरों के लिए बोलियां मिलीं।


## सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।


## राशिफल

**मेष:** रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा।

**वृष:** परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। मानसिक शान्ति रहेगी,परन्तु बातचीत में संयत रहें। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**मिथुन:** तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।सेहत का ध्यान रखें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। कार्यक्षेत्र में कुछ समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

**कर्क:** आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**सिंह:** कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। यात्रा खर्च बढ़ सकते हैं। किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।

**कन्या:** परिवार की जिम्मेदारी बढ़ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला:** धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

**वृश्चिक:** भाग-दौड़ अधिक रहेगी। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखने का प्रयास करें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं।

**धनु:** कार्यक्षेत्र में तरक्की के योग हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति हो सकती है।

**मकर:** व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है।

**कुंभ:** तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के स्रोत विकसित होंगे।

**मीन:** दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर बढ़ेंगे। वाणी में मधुरता रहेगी।

### ईसीओआर ने अनुकरणीय समर्पण और सतर्कता के लिए तीन रेलवे कर्मचारियों को सम्मानित किया



**भुवनेश्वर।** ड्यूटी पर उत्कृष्ट समर्पण और सतर्कता को मान्यता देते हुए, पूर्व तट रेलवे (ईसीओआर) के महाप्रबंधक श्री परमेश्वर फुंकवाल ने ड्यूटी के दौरान अनुकरणीय सेवा प्रदर्शन और सतर्कता के लिए तीन रेलवे कर्मचारियों को सम्मानित किया।सम्मानित रेलवे कर्मचारियों में लक्ष्मीपुर के स्टेशन प्रबंधक श्री उत्तम कुमार, सिम्हाचलम उत्तर के वरिष्ठ मालगाड़ी प्रबंधक श्री पोडिलापु गौरी शंकर और रहमा के ट्रैक मेंटेनर-III श्री मनोज कुमार हंसदा शामिल हैं, जिनकी त्वरित सोच और सक्रिय कार्यों के लिए सराहना की गई, जिससे उनकी देखरेख में ट्रेनों का सुचारू और सुरक्षित परिचालन सुनिश्चित हुआ।नियमित ड्यूटी के दौरान उनकी सतर्क प्रतिक्रिया ने न केवल संभावित परिचालन व्यवधानों को रोका, बल्कि सुरक्षा के उच्च मानकों को भी सुदृढ़ किया।पुरस्कार प्रदान करते हुए, श्री फुंकवाल ने क्षेत्र में काम करने वाले रेलवे कर्मियों की प्रतिबद्धता और उनकी महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की।

### घरेलू शेयर बाजार ने बड़ी बढ़त गंवाई, सेंसेक्स 158 अंक चढ़ा

**मुंबई।** ईरान और इजरायल के बीच युद्धविराम की खबरों के बीच मुनाफावसूली का सिलसिला चलने से स्थानीय शेयर बाजार ने मंगलवार को अपना अधिकांश शुरुआती लाभ गंवा दिया और अंत में सेंसेक्स 158 अंक की बढ़त के साथ बंद हुआ। निफ्टी में भी 72 अंक का लाभ रहा। युद्धविराम की खबरों से पश्चिम एशिया में तनाव कम होने और कच्चे तेल की कीमतें घटने की उम्मीद में शुरुआती कारोबार में जबर्दस्त उछाल देखा गया। लिवाली के इस दौर में सेंसेक्स एक समय 1,121.37 अंक यानी 1.36 प्रतिशत उछलकर 83,018.16 अंक तक पहुंच गया था। हालांकि, दोपहर तक युद्धविराम के उल्लंघन की खबरें आने से बाजार ने इस बड़ी बढ़त को काफी हद तक गंवा दिया। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 158.32 अंक की बढ़त के साथ 82,055.11 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी का भी कारोबार उतार-चढ़ाव से भरा रहा। एक समय निफ्टी 25,317.70 अंक तक पहुंच गया था लेकिन कारोबार के अंत में यह सिर्फ 72.45 अंक तेजी के साथ 25,044.35 अंक पर बंद हुआ।


## भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना मर्या. कवर्धा जिला- कबीरधाम (छ.ग.)

टेली फैक्स : 07740-252273 email:bssukm1@gmail.com Contact No. - 09454221467, 08305143251,09893404589

### ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना

निविदा विज्ञप्ति क्र.- 02 दिनांक - 24/06/2025


3500 टी.सी.डी. के भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित, कवर्धा, जिला - कबीरधाम में विभिन्न इंजीनियरिंग कार्य / इलेक्ट्रिकल्स कार्य हेतु ई-टेण्डर आमंत्रित की जाती है । ई - निविदा हेतु इच्छुक फर्मो / निविदाकार द्वारा भाग लेने के लिए ई-टेण्डर के वेबसाईट में जाकर ई - निविदा हेतु फार्म राशि 1311 / - रु. ( 1000/- रू. + 311/- रू. चिप्स के द्वारा ली जाने वाली सर्विस चार्ज) ऑनलाईन के माध्यम से जमा कर शासकीय ऑनलाईन वेबसाईट (E-Procurement Portal: http://eproc.cgstate.gov.in) से फार्म Upload किया जाना है। निम्नलिखित तिथि अनुसार निविदा आमंत्रित की जाती हैः-

| क्र. | विवरण | निविदा प्रपत्र विक्रय / जमा तिथि एवं समय | निविदा खोलने तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|
| 5 | ई-निविदा क्रमांक- 170751 (Only OEM & Authorized Dealer / Experiences) विभिन्न इंजीनियरिंग एवं इलेक्ट्रिकल्स कार्य | दिनांक 25/06/2025 समय सायं 04:00 बजे से 02/07/2025 को समय दोपहर 02:00 बजे तक फार्म भर कर / अपलोड करने पर मान्य होगा । | निविदा 02/07/2025 समय दोपहर 02:30 बजे से |

निविदा की नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र कारखाने के वेब साइट WWW.bssukm.co.in में अवलोकन कर सकते है ।

महाप्रबंधक
भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना मर्या. कवर्धा,
जिला - कबीरधाम (छ.ग.)



## शब्द पहेली - 5908




**बाएँ से दाए-**
1. सफल, उत्तीर्ण-4
5. ओस, रजनीजल-4
7. फरार होना, चंपत होना, पलायन करना-5
9. महीना, मास-2
10. साल का बारहवां भाग-2
13. पुचकारना-4
15. विष्णु, चक्रधारी-4
17. निरुत्तर होना-5
18. अपनत्व-5
20. असम के इस शहर को बादलों का घर कहा जाता हैं-4
23. निकृष्ट, अल्पतर-4
26. अंधकार-2
27. बुरा आदत-2
29. रसायन संबंधी-5
31. ब्राम्हण, सम्राट-4
32. गजानन, गणपति-4

**ऊपर से नीचे**
2. मां, आई, मदर-2
3. बारिश का गिरना-4
4. निर्माता, रचयिता-5
5. लज्जाना -4
6. मुलायम-2
8. उम्मीद-2
9. हार, जयमाल-2
11. हरे रंग का-2
12. वचन, प्रतिज्ञा -2
14. हैंडलूम, इस यंत्र पर धागों से बुनाई होती है-5
16. जनेऊ, उपनयन संस्कार-5
19. विलेन, नायक का विलोम-5
20. बादल-2
21. बुरी आदत-2
22. यम, मृत्यु का देवता-4
23. पानी के बहने की आवाज-2,2
24. वोट, अभिमत-2
28. इस जगह-2
30. कारावास, बंधन-2

### शब्द पहेली -5907 का हल





## देशभर से आए युवा मुक्केबाजों ने रिंग में ताकत, तकनीक और संयम का परिचय दिया

# नेशनल जूनियर बॉक्सिंग चैंपियनशिप: आज होंगे फाइनल मुकाबले

### हरियाणा पुलिस के एसीपी एवं अर्जुन अवार्डी जयभगवान मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

राजीव गांधी खेल परिसर स्थित नेशनल बॉक्सिंग अकादमी में चल रही छठी अंडर-17 नेशनल जूनियर बॉक्सिंग चैंपियनशिप में मंगलवार को मुकाबलों में रोमांच चरम पर रहा। देशभर से आए युवा मुक्केबाजों ने रिंग में जबरदस्त ताकत, तकनीक और संयम का परिचय दिया। हरियाणा पुलिस के एसीपी एवं अर्जुन अवार्डी जयभगवान मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। प्रशासनिक निदेशक ओमबीर हुड्डा ने बताया कि यह चैंपियनशिप हरियाणा बाक्सिंग संघ के अध्यक्ष मेजर सत्यपाल सिंधु के मार्गदर्शन में आयोजित की जा रही है। कार्यक्रम में हरियाणा बॉक्सिंग संघ के उप प्रधान सतीश के. सरहदी, रविंद्र पन्नू महासचिव, महम बॉक्सिंग संघ से पूर्ण फौजी सहित रोहतक के सचिव संदीप मौर मौजूद रहे।



▶▶ प्रतियोगिता में 32 राज्यों और टाटा स्टील, जेएसडब्ल्यू जैसी यूनिट्स की टीमें ले रही भाग



### सभी राज्यों के खिलाड़ी जोश में

*इस चैंपियनशिप में देश के 32 राज्यों और टाटा स्टील, जेएसडब्ल्यू जैसी यूनिट्स की टीमें हिस्सा ले रही हैं। खिलाड़ियों ने विभिन्न भार वर्गों में अपनी तकनीकी दक्षता, स्फूर्ति और रिंग में मानसिक मजबूती का प्रदर्शन किया है। अब चैंपियनशिप अपने अंतिम चरण की ओर बढ़ रही है।*

#### लड़कियों के परिणाम

**44 से 46 किलोग्राम में**
लक्ष्मी
खुशी चंद
**46 से 48 किलोग्राम में**
लक्ष्मी लमानी
जिया
**48 से 50 किलोग्राम में**
भक्ति
अहाना शर्मा
**50 से 52 किलोग्राम में**
सिमरन
नैतिक
**52 से 54 किलोग्राम में**
मारिया
चंद्रिका पुजारी
**54 से 57 किलोग्राम में**
राधामणी
हर्षिता कुमारी
**57 से 60 किलोग्राम में**
हर्षिता
चाहत
**60 से 63 किलोग्राम में**
दिया
प्राची
**63 से 66 किलोग्राम में**
हमूर कौर
प्रिया
**66 से 70 किलोग्राम में**
हिमांशी
बरिना
**70 से 75 किलोग्राम में**
शिवानी तूर
ज्योति
**75 से 80 किलोग्राम में**
दिक्षा
प्राची खत्री
**80 से अधिक किलोग्राम में**
अंशिका
अनुष्का दुहन

#### लड़कों के परिणाम

**44 से 46 किलोग्राम में**
ध्रुव खर्ब
उदय सिंह
**46 से 48 किलोग्राम में**
फलक
प्रियांशू वर्मा
**48 से 50 किलोग्राम में**
प्रियांशू
लंचेबा सिंह
**50 से 52 किलोग्राम में**
आदित्य
टिकम सिंह
**52 से 54 किलोग्राम में**
उधम सिंह राघव
आशिश
**54 से 57 किलोग्राम में**
रितेश कुमार
लक्की बोडवाल
**57 से 60 किलोग्राम में**
साहिल दुहन
आर्यन
**60 से 63 किलोग्राम में**
लक्ष्य बलहारा
अमन सिवाच
**63 से 66 किलोग्राम में**
नैतिक
अनंत देशमुख
**66 से 70 किलोग्राम में**
प्रियांश सहरावत
अर्जुन
**70 से 75 किलोग्राम में**
भव्य प्रताप
देवेंद्र चौधरी
**75 से 80 किलोग्राम में**
जयदिप सिंह
हिमांशू यादव
**80 से अधिक किलोग्राम में**
राहुल
लोविन गुलिया

## खबर संक्षेप



### पारस एशियाई स्नूकर के सेमीफाइनल में

**कोलंबो।** भारत के पारस गुप्ता ने मंगलवार को यहां एसीबीएस एशियाई 6 रेड स्नूकर चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में सनी वांग को 5-0 से करारी शिकस्त देकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। आगरा के 29 वर्षीय क्यू खिलाड़ी पारस ने सिंगापुर के खिलाड़ी के खिलाफ 5-0 (35-28, 44-9, 40-2, 53-12, 59-0) की आसान जीत दर्ज की। वांग ने पाकिस्तान के पूर्व चैंपियन मोहम्मद सज्जाद को 5-0 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया था। पारस सेमीफाइनल में हबीब सबा (बहरीन) और अली अल ओबैदली (कतर) के बीच होने वाले मैच के विजेता से भिड़ेंगे।

### गेम्सक्राफ्ट ने चार खेल संस्थाओं के साथ करार

**नई दिल्ली।** कौशल आधारित ऑनलाइन गेमिंग कंपनी गेम्सक्राफ्ट की शाखा गेम्सक्राफ्ट फाउंडेशन ने चार भारतीय खेल संगठनों के साथ अपनी साझेदारी का नवीनीकरण किया है। यहां जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि गेम्सक्राफ्ट फाउंडेशन ने इंस्पायर इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट, अंजू बॉबी स्पोर्ट्स फाउंडेशन, गोस्पोर्ट्स फाउंडेशन और डोला एंड राहुल बनर्जी स्पोर्ट्स फाउंडेशन के साथ अपना करार जारी रखने का फैसला किया है। फाउंडेशन ने अब तक 140 से अधिक खिलाड़ियों को मदद पहुंचाई है जिन्होंने पिछले वित्तीय वर्ष में विभिन्न खेलों में 190 से अधिक पदक जीते।

### इंटर मियामी-पाल्मेरास क्लब विश्व कप के अगले दौर में

**मियामी गार्डन्स (अमेरिका)।** पाल्मेरास ने हार्ड रॉक स्टेडियम में इंटर मियामी के साथ 2-2 से ड्रॉ खेला जिससे दोनों टीम क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट के अंतिम 16 में जगह बनाने में सफल रही। दोनों टीमों के लिए मैच का ड्रॉ होना ही नाकआउट दौर में पहुंचने के लिए पर्याप्त था। दोनों टीमों ने ग्रुप ए में चार-चार अंक लेकर अगले दौर में कदम रखा। अर्जेंटीना के सुपरस्टार लियोनेल मेस्सी इस मैच में कोई कमाल नहीं दिखा पाए। उन्होंने गोल करने के कुछ अच्छे मौके गंवाए।

### श्रीलंका को झटका, मिलन रथनायके दूसरे टेस्ट से बाहर

**कोलंबो।** श्रीलंका क्रिकेट ने दूसरे मैच के लिए 18 सदस्यीय टीम की घोषणा करते हुए बताया कि मिलन रथनायके पहले टेस्ट के दौरान बाएं हिस्से में खिंचाव के कारण बांग्लादेश के खिलाफ दूसरा टेस्ट नहीं खेलेंगे। यह टीम श्रीलंका द्वारा बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए घोषित की गई टीम के समान ही है, जिसमें एंजेलो मैथ्यूज को एकमात्र अपवाद माना गया है।

# गेंदबाजों ने किया निराश, इंग्लैंड ने पहले टेस्ट में भारत को पांच विकेट से हराया

- फील्डर्स ने 9 कैच छोड़े
- डकेट ने शतक लगाया
- इंग्लैंड सीरीज में 1-0 से आगे

एजेंसी ▶▶ लीड्स

भारतीय गेंदबाजों के लचर प्रदर्शन और ढीली फील्डिंग का पूरा फायदा उठाते हुए बेन डकेट के शानदार शतक की मदद से इंग्लैंड ने 371 रन का लक्ष्य आसानी से हासिल करके पहले टेस्ट के पांचवें दिन मंगलवार को भारत को पांच विकेट से हराया। डकेट ने 170 गेंद में 21 चौकों और एक छक्के की मदद से 149 रन बनाये जबकि जैक क्रॉली ने 65 रन की पारी खेली। दोनों ने पहले विकेट के लिये 188 रन की साझेदारी करके भारत की मैच में वापसी के सारे रास्ते बंद कर दिये थे । इसके बाद जो रूट ने 53 और जैमी स्मिथ ने 44 रन बनाकर टीम को जीत तक पहुंचाया।




पांच मैचों की श्रृंखला में अब इंग्लैंड 1-0 से आगे है। भारत की ओर से इस मैच में पांच शतक बने लेकिन इसके बावजूद टीम को पराजय का सामना करना पड़ा। इसके लिये खराब क्षेत्ररक्षण भी जिम्मेदार रहा चूंकि भारतीयों ने कई कैच टपकाये। जसप्रीत बुमराह को दूसरे छोर से गेंदबाजी में सहयोग नहीं मिल पाने से भी भारत की मुश्किलें बढी। भारतीय गेंदबाजों ने सिर्फ दूसरी पारी में ही 44 चौके और तीन छक्के दे डाले। पहली पारी में 54 चौके और पांच छक्के लगे थे। दो जुलाई से शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट में अभी समय है लेकिन गेंदबाजी आक्रमण में बदलाव तय है ताकि मैच में पूरे 20 विकेट लिये जा सकें। आखिरी सत्र में रविंद्र जडेजा ने इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स को शुभमन गिल के हाथों लपकवाया। उस समय इंग्लैंड को 69 रन की जरूरत थी लिहाजा रूट ने 150 से अधिक टेस्ट के अपने अनुभव का बखूबी इस्तेमाल करके युवा स्मिथ के साथ मेजबान को मंजिल तक पहुंचाया। भारत की ओर से यशस्वी जायसवाल ने चार कैच टपकाये। कप्तान गिल की अनुभवहीनता भी साफ नजर आई जिनके कुछ फैसले और रणनीति सटीक नहीं रही।

### नहीं बदली गेंद: गिल व राहुल, सिराज और ठाकुर अंपायर से हुए नाराज

हेडिंग्ले में भारत और इंग्लैंड के बीच खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच का मंगलवार को आखिरी दिन रहा। दोनों ही टीमें इस मैच को अपने नाम कर सकती रहीं इसलिए दोनों ने अपना हर संभव दांव लगाया। आखिरी दिन का खेल शुरू होने के कुछ देर बाद भारत को परेशानी हुई जिसे लेकर टीम के खिलाड़ियों ने अंपायर से कई बार शिकायत की जिसके बाद भी सुनवाई नहीं हो सकी। बता दें कि खेल दूसरी पारी में इंग्लैंड को जीत के लिए 371 रनों की दरकार है। उसने आखिरी दिन की शुरुआत बिना किसी नुकसान के 21 रनों के साथ की है। शुरुआती एक घंटे में इंग्लैंड के बेन डकेट और जैक क्रॉली ने भारतीय गेंदबाजों को परेशान किया है और आसानी से 100 से ज्यादा रन जोड़े। इस दौरान भारतीय गेंदबाजों को गेंद को लेकर परेशानी हुई। गेंदबाजों की शिकायत थी की गेंद अपना आकार खो दिया है और ऐसे में इसे बदला जाना चाहिए। इसे लेकर पहले मोहम्मद सिराज ने कप्तान शुभमन गिल के साथ मिलकर अंपायर से शिकायत की जिसे नकार दिया गया। सिराज ने 14वें ओवर में मैदानी अंपायर पॉल राइफल और क्रिस गैफनी से इसकी शिकायत की। उनकी शिकायत के बाद अंपायरों ने गेंद को चैक करने वाली रिंग में टेस्ट किया जिसमें वो पास हो गई इसी कारण गेंद नहीं बदली गई। गिल ने फिर दोबारा 22वें ओवर में इसकी शिकायत की, हालांकि परिणाम नहीं बदला। केएल राहुल भी इससे परेशान दिखे।

## क्रिकेट

# तिलक का काउंटी चैंपियनशिप में डेब्यू, पहली पारी में ही जड़ा शतक



एजेंसी ▶▶ हैम्पशायर

भारतीय क्रिकेट टीम के बल्लेबाज तिलक वर्मा ने अपना काउंटी क्रिकेट में जोरदार डेब्यू किया है। उन्होंने हैम्पशायर का प्रतिनिधित्व करते हुए एसेक्स के खिलाफ मुकाबले में शतक (100) लगाया है।

यह उनके प्रथम श्रेणी क्रिकेट करियर का कुल छठा शतक रहा। उनकी इस पारी की मदद से हैम्पशायर ने पहली पारी के आधार पर बढ़त हासिल की है। हैम्पशायर ने जब 34 रन के स्कोर पर अपना दूसरा विकेट खोया, तब तिलक क्रीज पर आए। उन्होंने एक छोर से टिककर बल्लेबाजी की और फ्लेचा मिडलटन (61) के साथ मिलकर तीसरे विकेट के लिए 62 रन की साझेदारी की। इसके बाद उन्होंने कप्तान बेन ब्राउन (40) के साथ मिलकर 68 रन जोड़े। डटकर बल्लेबाजी कर रहे तिलक 241 गेंदों में 100 रन बनाकर आउट हुए। उन्होंने 11 चौके और 3 छक्के भी लगाए।

### ऐसा है तिलक का प्रथम श्रेणी करियर

तिलक ने अपने प्रथम श्रेणी करियर में अब तक 19 मैच खेले हैं, जिसमें 50 से अधिक की उम्दा औसत के साथ 1,304 रन बनाए हैं।इस बीच उन्होंने 6 शतक और 4 अर्धशतक लगाए हैं। इस बीच उनका सर्वोच्च स्कोर 121 रन रहा है। अपने लिस्ट-ए करियर में उन्होंने 36 मैच खेले हैं, जिसमें 48.19 की औसत के साथ 1,494 रन बनाए हैं। उन्होंने लिस्ट-ए क्रिकेट में 5 शतक भी लगाए हैं।

**हैम्पशायर ने हासिल की बढ़त** : काउंटी चैंपियनशिप डिवीजन वन के 37वें मैच में एसेक्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 296 रन बनाए। एसेक्स की ओर से चार्ली एलिसन ने शतक (101) लगाया। जवाब में हैम्पशायर ने 101 ओवर खेलने के बाद 5 विकेट के नुकसान पर 339 रन बनाए हैं।हैम्पशायर से तिलक के अलावा लियाम डावसन ने भी शतक लगाया है और अपनी टीम को बढ़त दिलाने में अहम भूमिका निभाई है।

## शतरंज टूर्नामेंट

# ललित-दास को मुंबई अंतरराष्ट्रीय शतरंज टूर्नामेंट में संयुक्त बढ़त





एजेंसी ▶▶ मुंबई

भारत के ललित बाबू और नीलोत्पल दास ने मंगलवार को मुंबई अंतरराष्ट्रीय ग्रैंडमास्टर शतरंज टूर्नामेंट के आठवें दौर में अपनी-अपनी बाजी जीतकर आर्मेनिया के घरीबयान मामिकोन के साथ संयुक्त बढ़त बना ली। ललित बाबू ने सफेद मोहरों से खेलते हुए बेलारूस के ग्रैंडमास्टर एलेक्सी फेडोरोव को 39 चाल में हराया जबकि नीलोत्पल ने आर्मेनिया के अंतरराष्ट्रीय मास्टर आर्सेन देवत्यान के खिलाफ जीत दर्ज की। मामिकोन ने बड़ा उलटफेर करते हुए काले मोहरों से खेलते हुए शीर्ष पर चल रहे बेलारूस के ग्रैंडमास्टर एलेक्सेज एलेक्जेंड्रोव को हराया।

### खिलाड़ियों के अंक

संयुक्त रूप से शीर्ष पर चल रहे खिलाड़ियों के आठ मैच में सात अंक हैं। ग्रैंडमास्टर एलेक्जेंड्रोव, ग्रैंडमास्टर लेवन पेंटसुलिया, ग्रैंडमास्टर मैनुअल पेट्रोसियन, ग्रैंडमास्टर दीपन चक्रवर्ती और ग्रैंडमास्टर एनगुएन डुक होआ सहित नौ खिलाड़ी आठ में से 6.5 अंक जुटाकर संयुक्त रूप से चौथे पायदान पर हैं।

### अन्य खिलाड़ियों का प्रदर्शन

जूनियर वर्ग में फिडे मास्टर अंश नेरुरकर ने माधवेंद्र शर्मा पर जीत के साथ वापसी की जबकि मधेश कुमार को अद्विक अग्रवाल ने ड्रॉ पर रोका। नेरुरकर और मधेश आठ मैच में सात अंक लेकर संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। उनके पीछे व्योम मल्होत्रा, अद्विक और शौनक बडोले हैं जिनके समान 6.5 अंक हैं।

# नीरज चोपड़ा ने गोल्डन स्पाइक मीट खिताब जीता



भाषा ▶▶ ओस्ट्रावा

पेरिस डायमंड लीग जीतने के चार दिन बाद भारत के भालाफेंक सुपरस्टार नीरज चोपड़ा ने मंगलवार को यहां गोल्डन स्पाइक मीट में पहली बार खेलते हुए खिताब अपने नाम किया। चोपड़ा ने 20 जून को पेरिस डायमंड लीग जीती थी। उन्होंने यहां विश्व एथलेटिक्स उपमहाद्वीपीय टूर के गोल्ड टूर्नामेंट में नौ खिलाड़ियों के बीच 85.29 मीटर का थ्रो फेंकते हुए खिताब जीता। पिछले दो सत्र में वह यहां फिटनेस कारणों से खेल नहीं सके थे। उनके कोच जान जेलेंजी ने यहां नौ बार खिताब जीता है। 27 वर्ष के चोपड़ा ने इस सत्र में मई में दोहा डायमंड लीग में 90 मीटर की बाधा पार करके दूसरा स्थान हासिल किया। इसके बाद पेरिस डायमंड लीग खिताब जीता।

# दिल्ली की भव्या सचदेवा राष्ट्रीय तैराकी चैम्पियनशिप में चमकी

**भुवनेश्वर।** दिल्ली की भव्या सचदेवा ने यहां सीनियर राष्ट्रीय तैराकी चैम्पियनशिप के तीसरे दिन मंगलवार को महिलाओं की 1500 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा में नये मीट रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता। भव्या ने 17.35.07 का समय निकालकर पीला तमगा अपने नाम किया। ओडिशा की सृष्टि उपाध्याय ने कांस्य पदक जीता जो उनका दूसरा व्यक्तिगत पदक है। कर्नाटक की रूजुला एस ने महिलाओं की 50 मीटर फ्रीस्टाइल में 26.36 सेकंड का समय निकालकर नये मीट रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता। आर्यन नेहरा ने पुरूषों की 400 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा में स्वर्ण जीता जबकि कुशाग्र रावत को रजत और अनीश गौड़ा को कांस्य पदक मिला।

## जोफ्रा आर्चर चार साल बाद टेस्ट क्रिकेट में वापसी के लिए पूरी तरह तैयार

# दूसरे टेस्ट मैच से फिट हुआ इंग्लैंड का खतरनाक गेंदबाज

एजेंसी ▶▶ हेडिंग्ले

भारत और इंग्लैंड के बीच चल रही टेस्ट सीरीज के दूसरे मैच से पहले भारतीय टीम के लिए एक चिंताजनक खबर सामने आई है। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर चार साल बाद टेस्ट क्रिकेट में वापसी के लिए पूरी तरह तैयार हैं। आर्चर ने हाल ही में काउंटी क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन कर अपनी फिटनेस का सबूत दिया है, जो भारतीय बल्लेबाजों के लिए खतरे की घंटी है। आर्चर ने 2021 के बाद से कोई टेस्ट मैच नहीं खेला है। चोटों के कारण वह लंबे समय तक क्रिकेट से दूर रहे, लेकिन अब वह पूरी तरह फिट नजर आ रहे हैं।




जोफ्रा आर्चर ने सोमवार को डरहम के खिलाफ ससेक्स के लिए काउंटी मैच में हिस्सा लिया। इस मैच को उनकी टेस्ट क्रिकेट में वापसी के लिए एक बड़ा टेस्ट माना जा रहा था। चेस्टर-ले-स्ट्रीट में खेले गए इस मैच के दूसरे दिन आर्चर ने 14 ओवर फेंके और एक विकेट हासिल किया। यह उनके लिए एक बड़ा मौका था, जिसमें उन्होंने अपनी फिटनेस और गेंदबाजी की धार को साबित किया।

### चार साल बाद टेस्ट में वापसी की तैयारी

मैच के बाद उन्होंने कहा, मैं इस खेल को पूरा खेलकर खुश हूं, पिछली बार मैं सिर्फ चाय के समय तक खेल पाया था, लेकिन इस बार मैंने पूरे दिन गेंदबाजी की। मुझे लगता है कि मैं ठीक था। अब मेरे सामने मानसिक चुनौती है, क्योंकि मेरा शरीर अब गेंदबाजी के लिए तैयार है। आर्चर का यह आत्मविश्वास इंग्लैंड के लिए अच्छी खबर है, लेकिन भारत के लिए मुश्किलें बढ़ा सकता है।

### भारत के लिए क्यों है खतरा?

जोफ्रा आर्चर अपनी रफ्तार और उछाल के लिए जाने जाते हैं। उनकी गेंदबाजी में गति और आक्रामकता भारतीय बल्लेबाजों के लिए हमेशा से चुनौती रही है। खासकर यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल और ऋषभ पंत जैसे बल्लेबाजों को आर्चर की तेज गेंदों का सामना करने के लिए अपनी रणनीति बदलनी पड़ सकती है। पहले टेस्ट में भारत ने शानदार बल्लेबाजी की थी, लेकिन आर्चर की वापसी इंग्लैंड के गेंदबाजी आक्रमण को और मजबूत कर सकती है।




केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान ने 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' के कामकाज की बृहद समीक्षा की

# रबी सीजन के लिए 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' की भावी कार्ययोजना पर की विस्तारपूर्वक चर्चा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को नई दिल्ली स्थित पूसा कैंपस में आयोजित 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' अनुभव एवं भविष्य की कार्य योजना पर चर्चा की और नोडल अधिकारियों के प्रस्तुतीकरण को देखा। 29 मई से 12 जून तक अभियान के सफल आयोजन के बाद आगे की रणनीतियों पर लगातार गंभीरतापूर्वक विचार-विमर्श और मंथन चल रहा है। आज इसी क्रम में अभियान के दौरान गठित 2,170 टीमों के नोडल अधिकारियों ने पूसा कैंपस में उपस्थित रहकर एवं वर्चुअल माध्यम से जुड़कर केंद्रीय कृषि मंत्री के समक्ष प्रस्तुतीकरण दिया एवं अभियान के परिणामों, सुझावों, अनुभवों और भविष्य की अनुसंधान दिशा पर विस्तृत जानकारी दी।

अभियान के लिए गठित टीमों के नोडल अधिकारियों ने प्रस्तुतीकरण दिया



### अभियान स्वतंत्र भारत की अद्भुत घटना

अपने उद्घाटन भाषण में शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि अभियान ने एक नया इतिहास रचा है। यह अभियान स्वतंत्र भारत की अद्भुत घटना रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'लैब टू लैंड' से प्रेरणा लेकर साठ हजार से ज्यादा गांवों तक वैज्ञानिकों की टीम ने पहुंच सुनिश्चित की। उन्होंने कहा कि यह अभियान रुकेगा नहीं, लगातार कोशिश करेंगे कि वैज्ञानिक, विभाग के अधिकारी, किसान एक टीम के रूप में कार्य करें और लगातार खेतों में जाकर किसानों से संपर्क करें। इस अभियान का लक्ष्य, किसानों की आय बढ़ाना, देश की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करना, हिंदुस्तान को विश्व का फूड बास्केट बनाना है। उन्होंने कहा कि पोषक आहार के लिए बायो फोर्टिफाइड किस्मों का विकास तथा इसे उत्पादन प्रणाली में शामिल करना, आने वाली पीढ़ी के लिए धरती को सुरक्षित करने के लक्ष्य को इस अभियान में शामिल किया गया है।

### अभियान किसानों की जिंदगी बदलेगा

उन्होंने कहा कि किसानों का लाभ बढ़ाने के लिए उत्पादन बढ़ाना तथा कृषि की लागत घटाने हेतु यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। इस अभियान का उद्देश्य बहुत उपयोगी और व्यापक है। अभियान के जरिए प्राप्त जानकारी से किसानों की जिंदगी बदलेगी साथ ही देश में अन्न, फल और सब्जियों का भंडार भी भरेंगे। शिवराज सिंह ने कहा कि विभिन्न टीमें तैयार की जाएंगी। किसान के नवाचारों के प्रसार और वेल्यू एडिशन के लिए टीम बनेगी। कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) को सुदृढ़ीकरण के लिए काम करना होगा, एक नोडल अधिकारी की नियुक्ति होगी, केवीके के वैज्ञानिकों को तीन दिन खेतों में जाना होगा, संतुलित कीटनाशकों के प्रयोग पर भी गंभीरतापूर्वक काम की जरूरत है। अमानक बीज और कीटनाशकों के संबंध में काम किए जा रहे हैं।

### अभियान से कई व्यावहारिक पक्ष उजागर

'विकसित कृषि संकल्प अभियान' ने कई व्यावहारिक पक्षों को उजागर व रेखांकित करने का भी काम किया। भावी रणनीतियों में तर्कों के साथ ठोस प्रयास किए जाएंगे। रबी की फसल के लिए दो दिवसीय सम्मेलन होगा। पहले दिन अधिकारियों और दूसरे दिन मंत्रियों के साथा विचार-विमर्श करके रोडमैप तैयार करेंगे। हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा, कृषि सचिव देवेश चतुर्वेदी, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के महानिदेशक डॉ. एम.एल. जाट, भा.कृ.अनु.प. के अपर महानिदेशक रणबीर सिंह, विभिन्न कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति वैज्ञानिक, अधिकारी उपस्थित रहे। विभिन्न राज्यों के कृषि मंत्री वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम से जुड़े।

कांग्रेस ने उठाये सवाल

# ईरान, इजराइल युद्धविराम, गजा में कत्लेआम, केंद्र संतुलित कूटनीति के पक्ष में

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को विश्व को "मंगल" मेसेज दिया। उन्होंने ईरान और इज़रायल के बीच 12 दिनों से चल रहे युद्ध में सीजफायर की घोषणा की। इस घोषणा के अनुसार, कतर की मध्यस्थता के बाद दोनों देशों ने युद्धविराम पर सहमति जताई। हालांकि ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने इस समझौते से इनकार करते हुए कहा कि कोई औपचारिक समझौता नहीं हुआ, लेकिन अगर इज़रायल हमले रोकता है, तो ईरान भी जवाबी कार्रवाई नहीं करेगा।

दोनों देशों के युद्ध में अमेरिका की सीधी भागीदारी ने वैश्विक स्तर पर तनाव बढ़ा दिया था। अमेरिका ने ईरान के तीन परमाणु ठिकानों-फोर्डो, नतांज़, और इस्फ़हान-पर हमले में इजराइल के साथ खुद को घोषित रूप से शामिल किया था। इससे मध्य पूर्वी क्षेत्र में युद्ध फैलने की आशंका थी। ईरान के साथ चीन और रूस भी खुल कर खड़े थे।



### गजा में हजारों नागरिकों की जान ली

हालांकि, ग़ज़ा में इज़रायल द्वारा फिलिस्तीनियों के खिलाफ पिछले अठारह महीनों से जारी हिंसा और नरसंहार पर कोई युद्धविराम नहीं हुआ है। संयुक्त राष्ट्र और विभिन्न मानवाधिकार संगठनों के अनुसार, ग़ज़ा में इज़रायली सैन्य कार्रवाइयों ने हजारों नागरिकों की जान ली है, जिनमें बड़ी संख्या में महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। बुनियादी ढांचे का विनाश, भोजन और दवाइयों की कमी, और मानवीय सहायता तक सीमित पहुंच ने ग़ज़ा को मानवीय संकट की कगार पर ला खड़ा किया है। संयुक्त राष्ट्र महासभा में 12 जून को ग़ज़ा में तत्काल, बिना शर्त और स्थायी युद्धविराम की मांग वाले प्रस्ताव पर भारत ने मतदान से परहेज किया, जिसे कई लोग भारत की पारंपरिक नैतिक कूटनीति से विचलन मानते हैं।









### 2014 के बाद इजरायल से संबंध मजबूत

भारत की तटस्थता को कुछ विश्लेषक इज़रायल के साथ बढ़ते रक्षा और प्रौद्योगिकी संबंधों से जोड़ते हैं, जो 2014 में मोदी के सत्ता में आने के बाद से मजबूत हुए हैं। दूसरी ओर, ईरान के साथ भारत के सांस्कृतिक और ऐतिहासिक रिश्ते भी गहरे हैं, और हाल ही में ईरान ने युद्ध के दौरान भारतीय नागरिकों को निकालने के लिए अपना हवाई क्षेत्र खोलकर इस रिश्ते को मजबूती दी। फिर भी, भारत ने दोनों पक्षों के बीच संतुलन बनाए रखने की कोशिश की है, जिसे कुछ लोग कूटनीतिक संतुलन और दूसरों द्वारा नैतिक कमज़ोरी के रूप में देखते हैं।

### अमेरिकी हस्तक्षेप की निंदा करे भारत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इस मुद्दे पर चुप्पी ने भारत की वैश्विक छवि और नैतिक साख को लेकर सवाल खड़े किए हैं। भारत, जो ऐतिहासिक रूप से फिलिस्तीनी मुद्दे का समर्थक रहा है और 1988 में फिलिस्तीन लिबरेशन ऑर्गनाइजेशन को मान्यता देने वाला पहला गैर-अरब देश था, उसकी इस तटस्थता को कई लोग कमज़ोर कूटनीतिक रुख के रूप में देखते हैं। भारत के इस रुख ने देश के अंदर और बाहर नये बहस को जन्म दिया है। कांग्रेस पार्टी ने इस मामले में मोदी सरकार की आलोचना की है, जिसमें पार्टी के संचार महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि भारत को ग़ज़ा में इज़रायली बमबारी और अमेरिकी हस्तक्षेप की निंदा करते हुए अधिक नैतिक साहस दिखाना चाहिए था। उन्होंने इसे भारत की दीर्घकालिक कूटनीतिक पहचान के विपरीत बताया, जो हमेशा वैश्विक मुद्दों पर स्पष्ट और नैतिक दृष्टिकोण के लिए जानी जाती थी।

### तटस्थता वैश्विक साख को प्रभावित कर सकती

बहरहाल, ईरान-इज़रायल युद्ध में सीजफायर की घोषणा ने मध्य पूर्व में तनाव को अस्थायी रूप से कम किया हो, लेकिन ग़ज़ा में इज़रायल की कार्रवाइयों और भारत की चुप्पी ने वैश्विक और क्षेत्रीय कूटनीति में जटिल सवाल खड़े किए हैं। कांग्रेस का मानना है, भारत की यह तटस्थता उसकी वैश्विक नैतिक साख को प्रभावित कर सकती है, खासकर उन देशों के बीच जो उससे एक मजबूत और स्वतंत्र रुख की उम्मीद करते हैं।

अमेरिकी सरकार ने भारत जाने वालों को किया सावधान

मोदी सरकार की कूटनीतिक विफलता दिया करार

# भड़की कांग्रेस कहा- आतंकवाद को पनाह देने वाले पाक के खिलाफ खामोशी क्यों?

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस ने मंगलवार को अमेरिकी सरकार द्वारा भारत के लिए जारी यात्रा पर सावधानी बरतने वाली एडवाइजरी पर कड़ा एतराज जताया, जिसमें अमेरिकी नागरिकों को भारत की यात्रा न करने और अमेरिकी महिलाओं को अकेले यात्रा न करने की सलाह दी गई है। इसके अलावा, इस सावधानी बयान में अमेरिकी सरकारी कर्मचारियों को भारत यात्रा से पहले अनुमति लेने का निर्देश दिया गया है। कांग्रेस ने इस गंभीर मामले पर भारत सरकार की चुप्पी पर आश्चर्य व्यक्त करते हुए इसे अमेरिकी सरकार के साथ उठाने की मांग की है। एआईसीसी मुख्यालय में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कांग्रेस की प्रवक्ता और डिजिटल व सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म की अध्यक्ष सुप्रिया श्रीनेत ने इसे अजीब और विडंबनापूर्ण बताया कि आतंकवादियों को पनाह देने वाले पाकिस्तान जैसे देश के लिए कोई ऐसी सावधानी नहीं जारी की गई, लेकिन विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और गांधी की भूमि भारत के लिए यह बयान जारी किया गया। उन्होंने इसे मोदी सरकार की एक और कूटनीतिक विफलता करार दिया। श्रीनेत ने कहा कि जिस अमेरिकी नेता के लिए मोदी ने 'हाउडी मोदी', 'नमस्ते ट्रंप' और 'अब की बार ट्रंप सरकार' जैसे भव्य आयोजन किए, वही नेता बार-बार भारत का अपमान कर रहा है। उन्होंने उन लोगों पर भी तंज कसा, जिन्होंने ट्रंप की चुनावी जीत के लिए विशेष हवन किए थे। श्रीनेत ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने अपने 11 साल के कार्यकाल में सबसे ज्यादा समय विदेश यात्राओं और विदेशी नेताओं को रिझाने में बिताया, लेकिन नतीजा यह है कि जहां पाकिस्तान के सैन्य प्रमुख असीम मुनीर को लाल गलीचा बिछाकर स्वागत किया जाता है, वहीं भारत को यात्रा सावधानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि इस बयान से न केवल भारत की वैश्विक छवि और प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचेगी, बल्कि पर्यटन और निवेश पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा, जिसका असर देश के हर नागरिक के जीवन पर हो सकता है।



### भारत की विदेश नीति को लगा बड़ा झटका

कांग्रेस प्रवक्ता ने राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा प्रधानमंत्री मोदी और पाकिस्तानी सैन्य प्रमुख मुनीर का नाम एक साथ लेने पर भी कड़ा एतराज जताया। उन्होंने कहा कि यह अस्वीकार्य है कि भारत के प्रधानमंत्री का नाम एक ऐसे सैन्य कमांडर के साथ जोड़ा जाए, जो आतंकवाद को बढ़ावा देने के लिए कुख्यात है। उन्होंने इसे विदेश नीति की गंभीर विफलता बताते हुए कहा कि यह ट्रंप प्रशासन द्वारा भारत पर किए गए अपमानों की श्रृंखला में एक और कड़ी है। श्रीनेत ने कहा कि यात्रा सावधानी के अलावा, ट्रंप बार-बार युद्धविराम में मध्यस्थता का दावा कर रहे हैं, भारत पर टैरिफ की धमकी दे रहे हैं, और भारतीयों को अमानवीय परिस्थितियों में हथकड़ी लगाकर अमेरिका से निर्वासित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत की विदेश नीति को पहले कभी इतना बड़ा झटका नहीं लगा।

### अमेरिकी बयान की कड़ी निंदा की

अमेरिकी सावधानी बयान की कड़ी निंदा करते हुए श्रीनेत ने भारत सरकार से देश के सामने मौजूद गंभीर मुद्दों, खासकर महिलाओं की सुरक्षा से संबंधित मुद्दों पर ध्यान देने की मांग की। उन्होंने बताया कि देश में हर घंटे महिलाओं के खिलाफ 45 अपराध दर्ज हो रहे हैं। उन्होंने कई घटनाओं का जिक्र किया, जहां महिलाओं के खिलाफ जघन्य अपराधों, विशेष रूप से बलात्कार, के दोषियों को भाजपा नेताओं और सरकारों द्वारा संरक्षण दिया गया। श्रीनेत ने कहा, 'सच यह है कि आप देश की 50 प्रतिशत आबादी को न्याय देने में विफल रहे हैं और आप भारत के हितों को विश्व मंच पर सुरक्षित करने में भी पूरी तरह असफल रहे हैं।" मंगलवार को ये मसला सोशल मीडिया में भी छाया रहा।'

बजट और प्रशासन दक्षता पर प्राक्कलन समिति की बैठक सम्पन्न

# समितियों की भूमिका को और अधिक प्रभावशाली बनाने पर हुई चर्चा



"लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला, राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश जी, समिति अध्यक्ष संजय जायसवाल एवं रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल रहे मौजूद"

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



संसदीय प्राक्कलन समिति की दो दिवसीय बैठक का मुंबई में मंगलवार समापन के साथ ही कई नये विमर्श पैदा करने में कामयाब रहा। संसदीय सिस्टम को कैसे अपेक्षाकृत कम खर्चीला रखा जा सके इस विषय पर मुंबई स्थित महाराष्ट्र विधानसभा में आयोजित प्रशासन में दक्षता और मितव्ययिता सुनिश्चित करने हेतु बजट प्राक्कलनों की प्रभावी निगरानी और समीक्षा में प्राक्कलन समिति की भूमिका पर इस बैठक में विस्तार से चर्चा हुई।

राज्यसभा, लोकसभा के समिति के सदस्यों के अलावा महाराष्ट्र के अलावा अन्य सूबों के वरिष्ठ जन प्रतिनिधियों ने शिरकत किया। संसद एवं राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों की विधानमंडलीय निकायों की प्राक्कलन समितियों के दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन के समापन सत्र में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला एवं प्राक्कलन समिति अध्यक्ष संजय जायसवाल के साथ रायपुर के लोकप्रिय भाजपा सांसद और समिति के सदस्य बृजमोहन अग्रवाल, वरिष्ठ नेता कुमारी सैलजा, नवीन जिंदल भी उपस्थित रहे। देशभर से पधारे सम्मानित जनप्रतिनिधियों, विशेषज्ञों एवं प्रबुद्धजनों की उपस्थिति में इस महत्वपूर्ण सम्मेलन में बृजमोहन अग्रवाल ने अपने विचार एवं सुझाव भी प्रस्तुत किए। बृजमोहन अग्रवाल के अनुसार यह सम्मेलन न केवल बजटीय अनुशासन को सुदृढ़ करने की दिशा में एक मील का पत्थर है, बल्कि प्राक्कलन समितियों की भूमिका को और अधिक प्रभावशाली बनाने की दृष्टि से भी अत्यंत उपयोगी रहा।

# निर्वाचन आयोग ने राहुल गांधी को महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में धांधली के आरोपों पर चर्चा के लिए किया आमंत्रित

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को 2024 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में कथित धांधली के आरोपों पर चर्चा के लिए ईमेल कर आमंत्रित किया है। राहुल गांधी ने मंगलवार को एक्स पर "न्यूज़ लाउंड्री" की खबर साझा करते हुए एक बार फिर महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव की निष्पक्षता पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने दावा किया कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के निर्वाचन क्षेत्र, नागपुर दक्षिण पश्चिम में, 2024 के लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव के बीच केवल पांच महीनों में मतदाता सूची में 8 फीसदी (29,219 नए मतदाता) की वृद्धि हुई। कुछ बूथों पर 20-50 फीसदी तक मतदाताओं की संख्या में उछाल देखा गया। राहुल ने इसे 'वोट चोरी' करार देते हुए आरोप लगाया कि बूथ-स्तरीय अधिकारियों (बीएलओ) ने अज्ञात व्यक्तियों द्वारा वोट डालने की सूचना दी, और मीडिया ने हजारों ऐसे मतदाताओं का पता लगाया जिनके पते सत्यापित नहीं थे। उन्होंने निर्वाचन आयोग पर चुप्पी साधने या मिलीभगत का आरोप लगाया और मांग की कि मशीन-पठनीय डिजिटल मतदाता सूची और मतदान केंद्रों की सीसीटीवी फुटेज तत्काल जारी की जाए।



### "मैच फिक्सिंग" बिहार और अन्य राज्यों में भी हो सकती

चुनाव आयोग ने मेल के जरिये भेजे गए पत्र में राहुल के आरोपों का जवाब देते हुए कहा कि सभी चुनाव संसद द्वारा पारित कानूनों और नियमों के अनुसार कड़ाई से आयोजित किए जाते हैं, और इस प्रक्रिया में हजारों कर्मचारी, जिसमें राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त बूथ-स्तरीय एजेंट शामिल हैं, भाग लेते हैं। फिर भी किसी शंका के निवारण के लिए आयोग ने राहुल को व्यक्तिगत रूप से मुलाकात के लिए आमंत्रित किया है ताकि इस मुद्दे पर विस्तार से चर्चा हो सके। राहुल ने इससे पहले 7 जून को एक प्रमुख दैनिक अखबार में प्रकाशित अपने लेख में दावा किया था कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव 2024 में "औद्योगिक स्तर पर धांधली" हुई। उन्होंने पांच-चरणीय प्रक्रिया का उल्लेख किया, जिसमें निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति प्रक्रिया में हेरफेर, मतदाता सूची में फर्जी मतदाता जोड़ना, मतदान प्रतिशत में वृद्धि, बीजेपी को फायदा पहुंचाने के लिए लक्षित बूथों पर फर्जी वोटिंग, और सबूतों को छिपाना शामिल है। उन्होंने चेतावनी दी कि यह "मैच फिक्सिंग" बिहार और अन्य राज्यों में भी दोहराई जा सकती है।

### निर्वाचन आयोग का जवाब

ईसीआई ने राहुल के आरोपों को "निराधार" करार देते हुए कहा कि महाराष्ट्र में चुनाव प्रक्रिया पूरी तरह से विकेंद्रीकृत तरीके से आयोजित की गई, जिसमें 1 लाख 186 बूथ-स्तरीय अधिकारी, 288 निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी, 139 सामान्य पर्यवेक्षक, 41 पुलिस पर्यवेक्षक, 71 व्यय पर्यवेक्षक, और 288 रिटर्निंग अधिकारी शामिल थे। इसके अलावा, 1 लाख 8 हजार 26 बूथ-स्तरीय एजेंट (जिनमें कांग्रेस के 28,421 एजेंट शामिल थे) ने भी प्रक्रिया की निगरानी की। आयोग ने कहा कि मतदाता सूची में कोई मनमानी वृद्धि या हटाने की घटना नहीं हुई, और विशेष सारांश संशोधन (एसएसआर) 2024 के दौरान केवल 89 अपीलें प्राप्त हुईं, जो दर्शाता है कि कांग्रेस या अन्य दलों ने चुनाव से पहले कोई बड़ी शिकायत दर्ज नहीं की।




### फुटेज साझा करने से गोपनीयता खतरे में

आयोग ने यह भी स्पष्ट किया कि मतदान केंद्रों की सीसीटीवी फुटेज आंतरिक प्रबंधन के लिए होती है और इसे केवल 45 दिनों तक रखा जाता है, जो चुनाव याचिका दायर करने की अवधि के अनुरूप है। फुटेज साझा करने से मतदाताओं की गोपनीयता खतरे में पड़ सकती है, और यह सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों और प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 के प्रावधानों का उल्लंघन होगा।

### फडणवीस का पलटवार

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने राहुल के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि कांग्रेस की हार का दर्द उन्हें "अंधे तीर" चलाने के लिए मजबूर कर रहा है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि 25 से अधिक निर्वाचन क्षेत्रों में मतदाता सूची में 8 फीसदी से अधिक की वृद्धि हुई, और इनमें से कई सीटों पर कांग्रेस या उसके सहयोगी दलों ने जीत हासिल की। उदाहरण के तौर पर, उन्होंने पश्चिम नागपुर (7 फीसदी वृद्धि, कांग्रेस के विकास ठाकरे की जीत), उत्तर नागपुर (7 फीसदी वृद्धि, कांग्रेस के नितिन राउत की जीत), वडगांव शेरी (10 फीसदी वृद्धि, एनसीपी-एसपी के बापूसाहेब पठारे की जीत), और मलाड वेस्ट (11 फीसदी वोट वृद्धि के साथ कांग्रेस के असलम शेख की जीत) का हवाला दिया।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109